CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम : 17°C

देहरादून, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 80 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंडः योगी
पेज 2



दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भारत शीर्ष पर रहा
खेल टाइम्स



धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें खुद की सुरक्षा
सम्पादकीय



रूस में दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का टेस्ट
पेज 12



नई दिल्लीः वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया गया।

# आवारा कुत्तों के चक्कर में राज्यों के मुख्य सचिव SC में तलब

## सुप्रीम कोर्ट बोलाः स्ट्रीट डॉग केस मामले में देश की छवि हुई खराब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवम्बर को होने वाली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया।

दरअसल, कोर्ट ने पाया कि आवारा कुत्तों की समस्या पर नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अधिकतर राज्यों ने अब तक हलफनामे नहीं दायर किए हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिवों को पेशी का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की विशेष बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि अब तक सिर्फ दिल्ली महानगरपालिका (एमसीडी), पश्चिम बंगाल और तेलंगाना ने ही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर हलफनामे दाखिल किए हैं। बता दें कि 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने जब इस मामले पर सुनवाई की थी, तब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हलफनामे दाखिल करने के लिए कहा गया था। अपने आदेश के बावजूद हलफनामे न मिलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और मुख्य सचिवों को पेशी का निर्देश जारी कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमाओं से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। अपने 22 अगस्त के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली- एनसीआर ने आवारा कुत्तों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कुत्तों को नसबंदी और दवा देने के बाद छोड़ने का आदेश दिया था।

**बंगाल-तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया, अगली सुनवाई तीन नवम्बर को**



## संक्षिप्त समाचार

### साइक्लोन मोन्था का असर शुरू केरल में दो की मौत

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोन्था तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश डिजास्टर मैनेजमेंट के प्रमुख प्रखर जैन ने कहा कि साइक्लोन मोन्था तट के करीब पहुंचना शुरू हो गया है। तटीय जिलों में बारिश और तेज हवा चल रही हैं। यह 18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर की शाम या रात काकीनाड़ा तट से टकरा सकता है। केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं से निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई।

### सरकार की अर्थी निकालने की बात करने वाले CMS निलंबित

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने सुल्तानपुर में 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय वीर सिंहपुर के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा. भास्कर प्रसाद को निलंबित कर दिया है और उन्हें अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल से सम्बद्ध किया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के स्तर से जारी आदेश में डा. भास्कर प्रसाद पर तीन आरोप लगाए गए हैं। जिनमें अस्पताल के संचालन में अनियमितता और अवांछित टिप्पणियां करना, भर्ती मरीजों को अस्पताल के बाहर से दवाइयां दिलाना, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में नियमों का पालन न करना शामिल है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन की अवधि में डा. भास्कर प्रसाद का मुख्यालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल कार्यालय रहेगा।

### SC से उमर खालिद-शरजील इमाम समेत चार को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कथित तौर पर शामिल कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 31 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। दरअसल, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच के सामने अतिरिक्त एएसजी एसवी राजू ने जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय देने की मांग की थी।

## एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान

# उप्र समेत 12 राज्यों में होगा SIR

**51 करोड़ वोटर्स का होगा पुनरीक्षण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का फेज-1 खत्म हो गया है, अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया है। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने आगे कहा कि बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूचियां सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। उस सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ द्वारा विशिष्ट गणना प्रपत्र दिए जाएंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन सभी के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। यदि उनका नाम नहीं, बल्कि उनके माता-पिता का नाम सूची में था, तो भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं है... 2002 से 2004 तक की एसआईआर (एसआईआर) मतदाता सूची वेबसाइट पर कोई भी देख सकता है और वे स्वयं मिलान कर सकते हैं। पूरे देश में एसआईआर चरणबद्ध तरीके से होगा। जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर किया जाना है। इसमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ हैं, जबकि यहां 5 लाख 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन और बीएलओ तैनात किए जाएंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश में 21 साल पहले आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था। उन्होंने साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा और अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाएगा। सीईसी ने आगे कहा कि चुनावों से पहले एसआईआर किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हर घर पर बीएलओ तीन बार जाएंगे और मतदाताओं की जानकारी जुटाएंगे।




### असम में एसआईआर की प्रक्रिया नहीं की जाएगी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि इस समय असम में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान के आंकड़ों की बात करें, तो असम में करीब 2.45 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में 2026 के मार्च-अप्रैल महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीईसी ने कहा कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग हैं, इसलिए वहां एसआईआर से प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि असम में नागरिकता को लेकर अलग कानून हैं। वहां एनआरसी लागू है।

### दूसरे चरण के एसआईआर के प्रक्रिया की प्रमुख तारीखें

मुद्रण/प्रशिक्षण - 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025, घर-घर गणना, चरण - 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन - 9 दिसम्बर 2025, दावे और आपत्ति अवधि - 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026, सूचना चरण (सुनवाई और सत्यापन) - 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन - 7 फरवरी 2026

### एसआईआर की घोषणा के दिन ही बंगाल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल की घोषणा की, जिसमें 200 से अधिक अधिकारियों का तबादला किया गया। राज्य सरकार की तरफ से यह फैसला उस समय लिया गया जब कुछ ही घंटों में चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीखों का ऐलान होने वाला था। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह कदम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने के इरादे से उठाया है। वहीं पश्चिम बंगाल भाजपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त से पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से एसआईआर की घोषणा के बाद 235 अधिकारियों के तबादलों के उल्लंघन के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पश्चिम बंगाल भाजपा, चुनाव आयोग की मंजूरी के बिना किए गए इन अनियमित तबादलों को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

# सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील के खिलाफ नहीं होगी अवमानना की कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने सोमवार को कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मन नहीं है**

पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश खुद ही आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई करने से इन्कार कर चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालत में नारेबाजी करने और जूता उछालना यकीनन अदालत की अवमानना है, लेकिन ये संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वे कानून के तहत कार्रवाई करते हैं या नहीं।

### देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत सीजेआई गवई ने नाम की सिफारिश की



**नई दिल्ली।** सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हो सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार को इनके नाम की सिफारिश की। इसके साथ सीजेआई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने को कहा जाता है। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवम्बर को खत्म हो रहा है। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवम्बर को सीजेआई के तौर पर शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा।

### अदालत में पेश हुई कंगना, बुजुर्ग महिला से माफी मांगी

**बठिंडा।** भाजपा की सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने सोमवार को बठिंडा कोर्ट में 2020-21 के किसान आंदोलन के दौरान 73 साल की महिंदर कौर पर की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी। कोर्ट में पेश होने के तुरंत बाद, भाजपा सांसद ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कोर्ट में शिकायतकर्ता के पति से माफी मांग ली है। सुनवाई के दौरान कौर जिला कोर्ट में मौजूद नहीं थीं। कंगना रनौत ने आगे कहा कि उन्हें 73 साल की महिला के खिलाफ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर पछतावा है। कौर की तरफ से दायर मानहानि मामले के सिलसिले में हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद रनौत कड़ी सुरक्षा के बीच बठिंडा कोर्ट में पेश हुईं।

# बांग्लादेश ने पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को अपना हिस्सा दिखाया

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को एक विवादित किताब गिफ्ट की।

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ नाम की इस किताब के कवर पर छपे नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। शमशाद मिर्जा पाकिस्तानी सेना में आसिम मुनीर के बाद दूसरे सबसे ताकतवर अधिकारी हैं। माना जा रहा है कि मुनीर के बाद मिर्जा ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख बनेंगे।

**मोहम्मद यूनुस ने पाक आर्मी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को किया विवादित नक्शा गिफ्ट**

आर्ट ऑफ ट्रायम्फ एक आर्ट बुक है, जिसमें बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-जन आंदोलन के दौरान बने ग्रैफिटी (दीवारों पर बनी चित्रकारी) और बाकी चित्रों को दिखाया गया है। पिछले साल सितम्बर में अंतरिम प्रमुख सलाहकार यूनुस ने इसे जारी किया था। फिलहाल यह किताब अभी सार्वजनिक तौर पर बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से तलब की डिजिटल गिरफ्तारी की जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों में दर्ज प्राथमिकियों का ब्योरा देने का निर्देश दिया। यह साइबर धोखाधड़ी का एक बढ़ता हुआ रूप है जहां जालसाज खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर पीड़ितों को पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने पर विचार कर सकता है बशर्ते एजेंसी के पास देश भर में ऐसे बढ़ते मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हों। न्यायालय का यह निर्देश 17 अक्टूबर को स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई के दौरान आया जो नागरिकों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर किए जा रहे व्यापक डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों की खबरों के बाद शुरू किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि सीबीआई पहले से ही ऐसे कुछ मामलों की जांच कर रही है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि कृपया पता करें कि क्या सीबीआई के पास सभी मामलों को संभालने के लिए संसाधन हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उन्हें साइबर अपराध विशेषज्ञों की जरूरत है, तो वे हमें बता सकते हैं। सॉलिसिटर जनरल ने इस मामले में स्पष्ट करते हुए कहा कि सीबीआई इन मामलों में गृह मंत्रालय के साइबर अपराध प्रभाग से सहायता ले रही है। न्यायमूर्ति बागची ने समस्या की व्यापकता के बारे में आगाह किया, समस्या मामलों की संख्या है। हमने पोंजी मामलों में ऐसा देखा है। उस समय सीबीआई पर दबाव बहुत जड़ादा था। क्या आप एक विशेष जांच के लिए तैयार हैं? और यही वह अतिरिक्त व्यय है जिसकी आपको आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने एक समन्वित राष्ट्रीय समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वह एक समान जांच के पक्ष में है, लेकिन उसने सभी राज्यों का पक्ष जाने बगैर तत्काल कोई आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि हम आज कोई निर्देश जारी नहीं कर रहे हैं। हम एक समान जांच सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को नोटिस जारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह मामला एक बुजुर्ग दंपति के पत्र से शुरू हुआ, जिन्होंने बताया था कि एक से 16 सितम्बर के बीच सीबीआई, खुफिया ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बनकर घोटालेबाजों ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की। धोखेबाजों ने फ़ोन और वीडियो कॉल का इस्तेमाल किया। उन्होंने गिरफ्तारी की धमकी देकर पीड़ितों को धन हस्तांतरित करने के लिए धमकाने के लिए उच्चतम न्यायालय के जाली आदेश भी दिखाए।



**सुप्रीम कोर्ट ने कहाः मामले की जांच सीबीआई को सौंपने पर कर सकता है विचार**

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में बाघ के हमले में युवक की मौत

**बहराइच।** उप्र में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज में रविवार की देर शाम को बाघ के हमले से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजीत (20) निवासी गांव मुखिया फार्म, रमपुरवा (निशान गड़ा रेंज) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार संजीत रविवार की शाम हल्दी के खेत में काम कर रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के शोर मचाने के बावजूद बाघ कुछ ही मिनटों में युवक को मार कर जंगल की ओर भाग लिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर सहमति जताई।

### पूर्व डीजीपी के घर ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घर मे किसी सदस्य के न होने से बेखौफ चोरों ने चोरी को बघी आराम से अंजाम दिया। इस दौरान चोर घर मे लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी साथ ले गए। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब परिवार दीपावली की छुट्टी मनाकर वापस लौटा। घटना को लेकर पूर्व डीजीपी की बहू ने अलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। कर्नाटक के डीजीपी रहे महेंद्र कुमार श्रीवास्तव का अलीगंज सेक्टर-जी स्थित बी-1/77 मकान है। मकान में उनकी रिश्ते की बहू डा. ऋषिका राज बच्चों संग रहती हैं।

# अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दों का समाधन हो

## पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ : महबूबा

श्रीनगर, वार्ता



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मांग की है कि विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग से जुड़े ये कर्मचारी कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र पुन: शुरू हो गया है, सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है लगभग एक लाख दिहाड़ी मजदूरों की दयनीय स्थिति। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी, जो प्राय: समाज के सबसे वंचित वर्गों से आते हैं, कई सरकारी विभागों की रीढ़ हैं तथा इन विभागों का कुशल संचालन सुनिश्चित करते हैं। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि यह जरूरी है कि सत्तारूढ़ पार्टी सहित सभी विधायक इस मुद्दे का समाधान खोजने के लिए एक साथ आएं और इन श्रमिकों की नियमित नियुक्ति सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें वह सम्मान और नौकरी की सुरक्षा मिल सके, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

### बाढ़ प्रभावितों को नुकसान के आकलन के आधार पर मुआवजा: अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुमानित क्षति के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। अब्दुल्ला ने सोमवार को विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मुआवजा क्षेत्रीय आधार पर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को क्षतिपूर्ति क्षेत्रीय आधार पर नहीं बल्कि क्षति के अनुमान के आधार पर दी जाएगी।

# उप्र में बूंदाबांदी से मौसम हुआ खुशगवार

## प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादलों के जमावड़े के बीच हुई बूंदाबांदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी और अरब सागर पर बने संयुक्त प्रभाव के कारण बुंदेलखंड समेत उप्र के कुछ हिस्सों में सोमवार को बादलों के जमावड़े के बीच बूंदाबांदी से मौसम खुशगवार हो गया है।

मौसम विभाग ने 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार जताए हैं। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पूर्व-मध्य अरब सागर पर बने अवदाब से पश्चिमी मध्य प्रदेश तक फैली एक द्रोणिका अरब सागर से नमी को निचले क्षोभमंडल में खींच रही है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के साथ, इन परिस्थितियों के कारण 27 अक्टूबर को बुंदेलखंड और उससे सटे पश्चिमी उप्र के कुछ जिलों में बारिश या हल्की बौछारें पड़ने की



**29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश के आसार**

संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी पर बना गहरा अवदाब एक भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट पर दस्तक देगा। इसके अवशेष धीरे-धीरे कमजोर होकर दक्षिणी और पूर्वी उप्र को प्रभावित करेंगे, जिससे 29 से 31 अक्टूबर के बीच पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। इन दोनों प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार से पांच दिनों में राज्य के कई इलाकों में बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान लगभग अपरिवर्तित रह सकता है या इसमें मामूली वृद्धि हो सकती है। इस बीच रविवार को मेरठ में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद बरेली (15.3 डिग्री सेल्सियस), नजीबाबाद (16 डिग्री सेल्सियस), मुजफ्फरनगर (16 डिग्री सेल्सियस) और शाहजहांपुर (16.4 डिग्री सेल्सियस का स्थान रहा।

## सेक्युलरिज्म के नाम पर पहचान मिटाने का दौर अब खत्म

# धर्मनिरपेक्षता का विपक्षी सिद्धांत पाखंड: योगी

लखीमपुर खीरी।

विपक्षी दलों के धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत को पाखंड करार देते हुए उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को फैजाबाद, प्रयागराज को इलाहाबाद और कबीरधाम को मुस्तफाबाद बनाया गया था। हमने इन स्थलों की पहचान वापस लौटाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे सेक्युलरिज्म के नाम पर करता था, जबकि यह पाखंड है। योगी ने मुस्तफाबाद स्थित विश्व कल्याण आश्रम में 'स्मृति प्राकट्योत्सव मेला-2025' में भाग लिया और संतों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि



**मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की**

डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि पहले यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने में लगता था। कबीरधाम आश्रम में योगी ने राष्ट्रभक्ति, सनातन परंपरा, विरासत के सम्मान, और विकास की दिशा में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि संत कबीरदास जी की वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने निर्गुण भक्ति की वह धारा प्रवाहित की, जो समाज की विसंगतियों को तोड़कर आत्मा और परमात्मा का संबंध सरल शब्दों में आमजन को समझाने में सफल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'गुरु गोविद दोनों खड़े काके लागूं पांव' यह दोहा आज भी हमें गुरु के महत्व का स्मरण कराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों की वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सैकड़ों वर्ष पूर्व थी। उन्होंने कहा कि कबीरदास जी ने उस दौर में समाज की जातीय विषमताओं पर प्रहार कर कहा था, जाति पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। यह वाणी हमारे समाज की एकता और अखंडता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की एकता को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आज भी समाज विरोधी ताकतें आस्था पर प्रहार करने और जाति के नाम पर विभाजन करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम समय रहते अपनी कमजोरियों को नहीं पहचानेंगे तो ए बीमारियां कैंसर की तरह समाज को खोखला कर देंगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि 'माता भूमि पुत्रोहम' यह भूमि केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, हमारी मातृभूमि और पितृभूमि है। इस धरती की सेवा ही सच्ची उपासना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि 2014 से पहले देश पहचान के संकट से जूझ रहा था। भ्रष्टाचार, आतंकवाद और विभाजनकारी राजनीति चरम पर थी।

### सीएम ने कबीरधाम आश्रम में की मूर्तियों की स्थापना, रोपा रुद्राक्ष का पौधा

**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वार्षिक परंपरा के तहत श्री क्षमादवजी तथा श्री गुरुमन साहेब की नई मूर्तियों का अनावरण किया। यह परंपरा आश्रम में हर वर्ष निभाई जाती है, जिसके अंतर्गत पूज्य संतों की मूर्तियों को नए रूप में स्थापित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मूर्तियों का उद्घाटन किया और दोनों मूर्तियों पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में एक रुद्राक्ष का वृक्ष भी रोपित किया।

# पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का उदाहरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कहा कि प्रयागराज में पत्रकार की हत्या उप्र में जंगलराज का जीवंत उदाहरण है।

राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- प्रयागराज में पत्रकार की चाकू से गोदकर की गई हत्या ने यूपी की कानून व्यवस्था की सच्चाई उजागर कर दी है। यह कोई एक घटना नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में फैले 'जंगलराज' की तस्वीर है। पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है। योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह के चचेरे भतीजे लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ पप्पू की हत्या के मामले में प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने कारण का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार पप्पू के दोस्त बबलू की पत्नी विजेता अपने बेटे साहिल को नशा करने से रोक रही थी जबकि साहिल का दोस्त व मुख्य आरोपी विशाल उसे नशे के लिए ले जाना चाहता था। इस दौरान मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मी एलएन सिंह के हस्तक्षेप से नाराज आरोपी विशाल ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।



**पत्रकार असुरक्षित हैं, आम जनता भय में है, योगी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है : अजय राय**



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00



सोना रु. 124510
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 154900
प्रति किलो



# नए शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स 567 अंक उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति और वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट में दूसरी तिमाही में भी भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने की खबरों के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और प्रमुख सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक (0.67 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 84,778.84 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 170.90 अंक यानी 0.66 फीसदी की बढ़त में 25,966.05 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का अब तक का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.05 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वित्त मंत्रालय की आज जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत



बनी हुई है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों की बैठक से पहले दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के फ्रेमवर्क पर समझौता हो गया है। इससे दूसरे एशियाई बाजारों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,241 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,638 के शेयर हरे निशान में और 1,507 के लाल निशान में बंद हुए जबकि अन्य 96 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंकों, रियलिटी, तेल एवं गैस और धातु समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। फार्मा सेक्टर पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर सबसे अधिक 2.56 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.24 फीसदी, इटरनल में 2.19 फीसदी और भारतीय स्टेट बैंक में 2.08 फीसदी की बढ़त रही। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर 1.64 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। इनके अलावा एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, आईटीसी, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोरॉजीज, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व और एलएंडटी के शेयर भी 0.50 से एक प्रतिशत के बीच चढ़े। कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक 1.74 फीसदी, बीईएल में 1.62, इंफोसिस में 1.35 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 0.56 फीसदी की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर जापान का निक्केई सूचकांक 2.46 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.18 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.14 प्रतिशत की बढ़त में था जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.07 प्रतिशत की गिरावट रही।

### टीसीएस ने ब्रितानी अखबार के दावों को बताया भ्रामक

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्रितानी अखबार 'द टेलीग्राफ' की उस रिपोर्ट को भ्रामक बताया है जिसमें कहा गया था कि स्थानीय ब्रिटेन की कंपनी मार्क एंड स्पेंसर (एमएंडएस) ने साइबर हमले रोकने में विफल रहने के कारण भारतीय कंपनी का अनुबंध समाप्त कर दिया है। टीसीएस ने सोमवार को शेयर बाजार को दिए गए बयान में कहा है, टेलीग्राफ द्वारा प्रकाशित खबर भ्रामक है। इसमें अनुबंध की राशि और टीसीएस के मार्क एंड स्पेंसर के लिए काम करने की निरंतरता समेत तथ्यात्मक विसंगतियां हैं। उसने कहा कि दोनों ने पहले ही स्पष्ट किया है कि एमएंडएस के साथ उसके अनुबंध के बाद एक प्रतिस्पर्द्धी प्रस्ताव अनुबंध प्रक्रिया जनवरी 2025 में शुरू की गई थी, जिसमें ब्रितानी कंपनी ने दूसरी कंपनी की सेवा लेने का फैसला किया था। यह फैसला अप्रैल में साइबर हमले से बहुत पहले कर लिया गया था।

# मजबूत मांग के साथ अर्थव्यवस्था में तेजी जारी: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के कार्यान्वयन और त्योहारी सीजन के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मांग की स्थिति मजबूत होने से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है। सितम्बर, 2025 के लिए इस रिपोर्ट में कहा गया है, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और खाद्य श्रेणियों में अपस्फीति से इसमें मदद मिली है।

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति घट कर 1.7 प्रतिशत तक आई है। गैर-खाद्य और गैर-ईंधन वस्तुओं की कीमतें स्थिरता के साथ सितम्बर 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति (विनिर्मित उत्पाद के वर्ग की) अनुमानित 4.6 प्रतिशत रही। वित्त मंत्रालय ने कहा कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र ने आपूर्ति पक्ष में अच्छा विस्तार किया है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अनुमान से ज्यादा वृद्धि और दूसरी तिमाही





में लगातार वृद्धि के रुझानों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि के अनुमान को सुधार किया है और इसके 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में देश के वैश्विक व्यापार के संबंध में कहा गया है, अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत की बाह्य आर्थिक गतिविधियां वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में मजबूत बनी हुई हैं। देश के कुल निर्यात में (वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर) चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 413.3 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

# लखनऊ के रेलवे हॉस्पिटल में लगी आग सीसीयू में फंसे 22 मरीजों का रेस्क्यू

**लखनऊ।** लखनऊ के आलमबाग स्थित रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही तीन मंजिला अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों और स्टाफ का दम घुटने लगा। हादसे के दौरान क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती 22 मरीज फंस गए, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। आग की सूचना सुबह 5:38 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई।

सूचना मिलते ही दमकल की टीमें 5:48 बजे मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच के अनुसार आग अस्पताल के भूतल पर बने सीसीटीवी सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। कुछ ही मिनटों में लपटें उठीं और धुआं पूरे ग्राउंड फ्रलोर में फैल गया। इससे फर्स्ट फ्रलोर स्थित सीसीयू यूनिट धुएं से भर गई, जहां मरीज भर्ती थे। धुआं बढ़ते ही अस्पताल में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। फायर अलार्म बजने लगे। अस्पताल के स्टाफ और मरीजों के परिजनों ने मिलकर जैसे-तैसे सीसीयू में भर्ती मरीजों को बाहर निकाला। इस बीच सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और रैंप व सीढ़ियों के रास्ते सभी मरीजों को बाहर निकाला गया। गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से सुरक्षित वार्ड में शिफ्रट किया गया तथा ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। आलमबाग फायर स्टेशन प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि ष्एक घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आलमबाग और हजरतगंज फायर स्टेशन से एक-एक गाड़ी मौके पर पहुंची थी। सभी मरीजों को सुरक्षित अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया है। फायर अधिकारियों ने बताया कि सर्वर रूम की वायरिंग जलकर खाक हो गई है, लेकिन समय पर राहत कार्य शुरू हो जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। धुएं को बाहर निकालने के लिए स्मोक गन और एक्सट्रैक्शन फैन का उपयोग किया गया। वहीं रेलवे प्रशासन ने आग की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सीएमएस डा. संगीता सागर ने बताया कि अग्निकांड में किसी की जान नहीं गई है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी, जिसे बुझा दिया गया है। सभी मरीज, परिजन और अस्पताल स्टाफ सुरक्षित हैं। स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है और सभी वार्डों में चिकित्सा सेवाएं बहाल कर दी गई हैं।

# नारायणी नदी के तट पर उतरी अंतरिक्ष की प्रयोगशाला

कुशीनगर, वार्ता

**प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे**

उप्र में कुशीनगर जिले के तमकुही के जंगलीपट्टी गांव के समीप नारायणी नदी के तट पर अंतरिक्ष की प्रयोगशाला उतरी, तो पांच मिनट के अंतराल पर 20 मिनट में चार रॉकेट प्रक्षेपित हुए।

एक किलोग्राम का कैनसेट लेकर 20 किलोग्राम के रॉकेट ने जब आसमान में 700 से 900 मीटर की दूरी तय की तो उत्तर भारत में पहली बार कुशीनगर में होने वाली इन-स्पेस मॉडल राकेट्री-कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंप्टीशन 2024-25 ने आविष्कार, नवाचार का नया अध्याय भी लिखा। प्रक्षेपण के लिए एक प्लेटफॉर्म पर पांच रॉचिंग पैड बनाए गए थे। प्रक्षेपण की शुरुआत सुबह सात बजे से होनी थी, लेकिन सिस्टम ठीक करने में देरी के चलते 9.30 बजे टीम नंबर 28 द्वारा पहला सफल प्रक्षेपण किया गया। इसरो और इन-स्पेस के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में सोमवार से गुरुवार तक चार दिवसीय रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन सोमवार को सुबह 9 बजे रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम शुरू हुआ। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम सुबह 9 बजकर 50 मिनट तक चला। वैज्ञानिकों की टीम ने हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट का सफल प्रक्षेपण किया। लगभग आठ सौ से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन रॉकेट लॉन्चर के सफल प्रक्षेपण को लेकर इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। रॉकेट लॉन्च प्रक्षेपण कार्यक्रम के तहत पहले दिन 10 टीमों द्वारा दस राकेट को लॉन्च कर उनका प्रक्षेपण किया जाना था, लेकिन 6 टीमें प्रक्षेपण के लिए तैयार नहीं हो सकी थी। जिससे इस कार्यक्रम में चार राकेट लॉन्च हो सके। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ राकेट लॉन्च प्रक्षेपण में हर पांच मिनट के अंतराल पर 4 राकेट लॉन्च कर उनका सफल प्रक्षेपण किया गया। लगभग 50 मिनट के अंदर 800 मीटर से एक किलोमीटर की दूरी वाले इन चारों राकेट लॉन्चरों के सफल प्रक्षेपण से इससे जुड़े वैज्ञानिकों की टीम एवं प्रशासनिक टीम काफी उत्साहित रही। वही एपी तटबंध किनारे शुरू हुए इस प्रक्षेपण कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर ग्रामीणों सहित युवाओं में अति उत्साह देखने को मिला। राकेट लॉन्च के सफल प्रक्षेपण कार्यक्रम को लेकर इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि इन-स्पेस मॉडल रॉकेट्री/कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता 2024- 25 का आयोजन एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), इसरो और अन्य संघों के सहयोग से छात्र समुदाय के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए किया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ

# प्रदेश में 23 खेल अकादमियां की स्थापना जल्द: सीएम

■ सांसद डॉ नरेश बंसल ने किया आयोजन





**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय, तपोवन में ''सांसद खेल महोत्सव' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में आयोजित हो रहा ''सांसद खेल महोत्सव'', खेल प्रतिभाओं को गाँव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का बड़ा अभियान है। उत्तराखंड में खेल महोत्सव तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ''फिट इंडिया-स्पोर्ट्स इंडिया-स्ट्रॉन्ग इंडिया'' के संदेश को गाँव-गाँव तक पहुंचाने के साथ ही स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर इतिहास रचते हुए राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य किया। आज उत्तराखंड विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है। ''स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान'' के अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई खेल नीति भी लागू की गई है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को ''आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना तथा खेल किट योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड खेल रत्न पुरस्कार और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों की योग्यता को भी सम्मानित किया जा रहा है। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू किया गया है, जिससे हमारे खिलाड़ियों के परिश्रम और कौशल को उचित अवसर और सम्मान मिल सके। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजानदास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, सीडीओ देहरादून अभिनव शाह एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### वालीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट के लिए सांसद निधि से धनराशि दी जाएगी :बंसल



राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। बच्चों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए अनेक कार्यक्रमों सांसद खेल प्रतियोगिता, फिट इंडिया का आयोजन किया जा रहा है। आज भारत वैश्विक स्तर पर खेलों में सराहनीय प्रदर्शन कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय, तपोवन में वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट के लिए वे अपनी सांसद निधि से धनराशि देंगे। विद्यालय में मेस में फर्नीचर की व्यवस्था के लिए भी उन्होंने अपनी सांसद निधि से धनराशि देने की बात कही।

## सीएम से मिले हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को सचिवालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बिंद्रा ने हेमकुंड साहिब यात्रा व्यवस्थाओं में सहयोग के लिये मुख्यमंत्री, राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष सहयोग एवं व्यवस्था हेतु समय-समय पर दिए गये निर्देशों के फलस्वरूप श्री हेमकुंट साहिब यात्रा सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस वर्ष भारत तथा विश्व भर से रिकॉर्ड 2,75,000 श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में सम्मिलित हुए। प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों के बावजूद यात्रा का कुशलता पूर्वक प्रबंधन किया गया। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं तथा समन्वय हेतु किये प्रयासों के लिये श्रद्धालुओं द्वारा व्यापक सराहना की गयी। नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने आगामी यात्राओं के लिए आधारभूत संरचना तथा लॉजिस्टिक्स संबंधी कुछ महत्वपूर्ण सुधारों पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की।

**यात्रा से पहले ही श्री हेमकुंड मार्ग पर आई थी आपदा**

ज्ञातव्य है कि हेमकुंट साहिब यात्रा प्रारंभ होने से मात्र दो माह पूर्व गो. विंदघाट को हेमकुंट यात्रा मार्ग से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पुल भारी भूस्खलन में पूर्णतः ध्वस्त हो गया था। मुख्यमंत्री के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप तथा प्रभावी नेतृत्व में समय से पूर्व नया घाटी पुल बनकर तैयार हो गया, जिससे संकट टल गया तथा श्रद्धालुओं का निरंतर आवागमन सुनिश्चित हुआ। श्री बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत वर्ष को राज्य में भव्य रूप से मनाने तथा प्रत्येक नागरिक को गुरु महाराज के धर्म एवं मानवता की रक्षा हेतु किए गए अद्वितीय बलिदान से अवगत कराने के निर्देश जारी करने के लिये भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री जी के सतत मार्गदर्शन में हेमकुंट साहिब यात्रा विश्वास, एकता तथा निर्बाध तीर्थ प्रबंधन का प्रतीक बनकर और अधिक उन्नत होगी।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां हुई तेज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री के आने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस वर्ष राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती उत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह पहला अवसर है, जब देश के प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्य वासियों का उत्साहवर्धन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित उत्तराखण्ड भ्रमण के दृष्टिगत सोमवार को आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे, अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, महानिदेशक उद्योग सौरभ गहरवार, आईजी इंटेलिजेंस के एस नगन्याल, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, एसएसपी अजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा आयोजन स्थल एफआरआई का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

■ उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती उत्सव में आएंगे प्रधानमंत्री मोदी ,गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

सभी अधिकारियों द्वारा इस महत्वपूर्ण आयोजन को व्यवस्थित ढंग से आयोजित किये जाने के लिये हर प्रकार की व्यवस्था सही ढंग से समय पर पूर्ण किये जाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे द्वारा जिलाधिकारी सहित सभी विभागीय उच्चाधिकारियों का इस आयोजन को यादगार बनाये जाने के लिये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गए। आयुक्त गढ़वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड से लगाव किसी से छिपा नहीं है। उत्तराखण्ड के विकास के प्रति प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण भी जग जाहिर है। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति निश्चित रूप से राज्य वासियों के लिए सम्मान की बात है।

## पॉलीहाउस के जरिए सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता : जोशी




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जनपद देहरादून के 28 प्रगतिशील सब्जी उत्पादक कृषकों के समूह को प्रदेश के कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में पांच दिवसीय संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि पॉलीहाउस के माध्यम से सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस प्रकार के व्यवहा. रिक प्रशिक्षण से कृषक नई तकनीकों से परिचित होकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संरक्षित खेती राज्य के कृषकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रही है। इस प्रशिक्षण दल का नेतृत्व तहसीन खान एवं नूतन राणा, सहायक विकास अधिकारी, देहरादून द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में नाबार्ड योजनान्तर्गत 50 से 500 वर्गमीटर पॉलीहाउस हेतु कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जिसमें अब तक 300 कृषकों द्वारा 20 प्रतिशत कृषकांश जमा किया जा चुका है। प्रशिक्षण दल में देहरादून से 8, सहसपुर से 2, डोईवाला से 3, रायवाला से 4, विकासनगर से 2, कालसी से 3 तथा सहिया, त्यूनी, कोटी कनासर, चकराता, लांघा व थानों से एक-एक कृषक शामिल हैं।

■ कृषि एवं उद्यान मंत्री जोशी ने 28 प्रगतिशील सब्जी उत्पादक कृषकों के समूह को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना, प्रगतिशील सब्जी उत्पादक कृषकों को दिया जाएगा पांच दिवसीय प्रशिक्षण

कार्यक्रम के दौरान कैन्ट विधायक सविता कपूर, उत्तराखंड ऑर्गेनिक बोर्ड के सदस्य निरंजन डोभाल, मुख्य उद्यान अधिकारी डीके तिवारी सहित अनेक काश्तकार उपस्थित रहे।

## सीएम ने किया जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में ''सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी'' थीम पर आधारित जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह जन जागरूकता कार्यक्रम प्रदेशभर में राज्य स्थापना दिवस 09 नवम्बर 2025 तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को साकार करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का स्मरण करते हुए कहा कि पटेल जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भारत की एकता, अखंडता और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का केवल संकल्प ही नहीं लिया, बल्कि उसे धरातल पर उतारने का कार्य भी किया है। उनके नेतृत्व में देश में नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। शासन-प्रशासन को पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए जन-केंद्रित बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। राज्य गठन के बाद सतर्कता विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 339 भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पिछले तीन वर्षों में सतर्कता विभाग द्वारा 78 भ्रष्टाचारियों के साथ ही अन्य मामलों में 27 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और शासन व्यवस्था को पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से टोल फ्री नंबर 1064 संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से बीते तीन वर्षों में दस हजार के करीब शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें 62 शिकायतों में ट्रैप और 4 शिकायतों में खुली जांच की कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो भी भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों द्वारा इस अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए।

मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने कहा कि समाज और प्रशासन की मजबूती के लिए सभी कार्मिकों का अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा, ईमानदार और अनुशासित होना आवश्यक है। कार्य के प्रति अनुशासन होने से भ्रष्टाचार स्वतः समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में पिछले चार वर्षों में सराहनीय प्रयास किए गए हैं। इस अवसर पर डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव एल. फैनई, निदेशक सतर्कता वी. मुरूगेशन, सचिवगण तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति के देहरादून दौरे को लेकर उच्च अधिकारियों ने की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रस्तावित दून यात्रा को लेकर राष्ट्रपति सचिवालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने देहरादून में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में डॉ. गुप्ता ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर की जा रही तैयारियां की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की परिसंपत्तियों के अंतर्गत देहरादून में बनाए जा रहे राष्ट्रपति उद्यान सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों को तय समय में पूरा किया जाय।

राष्ट्रपति निकेतन में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी देहरादून डॉ. सबिन बंसल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह, मुख्य नगर अधिकारी देहरादून नमामि बसंल सहित अनेक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रपति के निकट भविष्य में देहरादून के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रेजिडेंट एस्टेट के भीतर संचालित परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

132 एकड़ में आकार ले रहा है अनूठा राष्ट्रपति उद्यान राष्ट्रपति संपदाओं को "राष्ट्र का भवन" बनाने की महत्वपूर्ण पहल के चलते देहराद. ून में राष्ट्रपति निकेतन एवं राष्ट्रपति तपोवन की स्थापना के बाद राष्ट्रपति उद्यान के निर्माण की महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य तेजी से जारी है। 132 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में बन रहा राष्ट्रपति उद्यान के कार्यों को अगले वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य है। राष्ट्रपति उद्यान की परिकल्पना सुगम्यता, सततता और सामुदायिक सहभागिता के सिद्धांतों पर आधारित है।

जनसहभागिता, संस्कृति और नागरिक गौरव के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किए जा रहे इस उद्यान के भीतर थीम आधारित फूलों और वनस्पतियों के बाग, तितली गृह और पक्षीशाला, सुरम्य झील जैसे प्रमुख आकर्षण होंगे। देश का दूसरा सबसे ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ इस उद्यान की पहचान का अहम हिस्सा होगा। उद्यान में पैदल एवं साइकिल ट्रैक, सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु आठ सौ से अधिक लोगों की क्षमता का एक मुक्ताकाशी रंगमंच, सार्वजनिक पुस्तकालय एवं फूड प्लाजा की भी व्यवस्था होगी।

# एमडीडीए बोर्ड बैठक में 41 प्रस्तावों को स्वीकृति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एम.डी.डी.ए.) की 112वीं बोर्ड बैठक आज आयुक्त गढ़वाल मंडल एवं बोर्ड के अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत में उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद सचिव मोहन सिंह बर्निया ने पिछली 111वीं बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की। बोर्ड द्वारा उसे अनुमोदित किए जाने के बाद 112वीं बैठक की कार्यवाही औपचारिक रूप से प्रारंभ हुई।बैठक में एमडीडीए से संबंधित लगभग 41 महत्वपूर्ण प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें ईको-रिजॉर्ट, होटल, व्यावसायिक निर्माण, आवासीय मानचित्र स्वीकृति, तलपट अनुमोदन आदि प्रस्ताव शामिल थे। गहन चर्चा के उपरांत, जनहित और नियामकीय दृष्टि से उपयुक्त प्रस्तावों को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं, कुछ प्रकरणों को बोर्ड की सहमति न मिलने के कारण निरस्त कर दिया गया तथा कुछ को आगामी बैठक हेतु विचाराधीन रखा गया।बैठक के अंत में अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय राजधानी देहरादून के संतुलित, हरित और योजनाबद्ध विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। बोर्ड बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विकास योजनाओं में जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव प्राप्त करने की प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। ऑनलाइन माध्यमों से आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया को सशक्त करने पर भी बल दिया गया, ताकि नागरिकों को पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा मिल सके।



बैठक में विजय कुमार (संयुक्त सचिव वित्त, नामित प्रतिनिधि), कृष्ण कुमार मिश्र (एडीएम, एफआर), धीरेन्द्र कुमार सिंह (संयुक्त सचिव, आवास), संतोष कुमार पांडेय (उपनगर अधिकारी, नगर निगम देहरादून), एस.एम. श्रीवास्तव (मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तराखंड), मोहन सिंह बर्निया (सचिव एमडीडीए), गौरव चटवाल (संयुक्त सचिव एमडीडीए), संजीव कुमार सिंह (वित्त नियंत्रक एमडीडीए), एच. सी.एस. राणा (मुख्य अभियंता एमडीडीए), सुनील कुमार (अधिशासी अभियंता), तथा अजय कुमार मलिक (सहायक अभियंता) सहित प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**हुडको से 50 करोड़ ऋण लेने का प्रस्ताव शासन से स्वीकृत**

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की धौलास आवासीय परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। परियोजना की संशोधित लागत 102.74 करोड़ (जीएसटी एवं समस्त करों सहित) निर्धारित की गई है। इसके वित्त पोषण के लिए 50 करोड़ का ऋण हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (हुडको) से लेने का प्रस्ताव शासन द्वारा सशर्त स्वीकृत कर दिया गया है। प्रमुख सचिव, आवास अनुभाग-02 द्वारा जारी आद. ेश में स्पष्ट किया गया है कि ऋण की प्रतिपूर्ति की जिम्मेदारी शासन की नहीं होगी और इस प्रस्ताव पर प्राधिकरण बोर्ड का अनुमोदन अनिवार्य रहेगा। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि बोर्ड की स्वीकृति के बाद अब परियोजना के अवशेष कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धौलास आवासीय परियोजना देहरादून में आधुनिक आवासीय सुविधाओं को नया आयाम देगी।

**देहरादून का नियोजित और पारदर्शी विकास हमारी प्राथमिकता- विनय शंकर**

आयुक्त गढ़वाल मंडल एवं एमडीडीए अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय ने कहा कि एमडीडीए राजधानी देहरादून के सुनियोजित और संतुलित विकास के लिए कार्य कर रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि सभी विकास परियोजनाएं पारदर्शी ढंग से, नियमों के अनुरूप और आम नागरिकों के हित में क्रियान्वित हों। देहरादून महायोजना-2041 से संबंधित सभी आपत्तियों की निष्पक्ष सुनवाई होगी ताकि शहर का विकास वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जनहित के अनुरूप हो सके। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में पारित निर्णय राजधानी के विकास को गति देंगे और नागरिकों की सुविधा को केंद्र में रखकर शहर को एक सस्टेनेबल अर्बन मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में सहायक सिद्ध होंगे।

**जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा- बंशीधर तिवारी**

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा प्राधिकरण का लक्ष्य है कि आम नागरिकों को सुविधा देने वाली योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। ईको-रिजॉर्ट, होटल और आवासीय प्रोजेक्ट जैसे प्रस्ताव न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि एमडीडीए की टीम शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा और निगरानी कर रही है।

## देहरादून में 30 अक्टूबर को लगेगी सामान्य भविष्य निधि अदालत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखंड, देहरादून द्वारा सामान्य भविष्य निधि अदालत का आयोजन दिनांक 30 अक्टूबर को कार्यालय परिसर, देहरादून मे किया जायेगा ᑊ इस जनहितेषी पहल का उद्देश्य जीपीएफ अभिदाताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण, लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान तथा सभी संबधित अधिकारियों को एक ही मंच पर लाकर पारदर्शी संवाद स्थापित करना है ᑊ अभिदाताओं को इस अवसर पर अपने जीपीएफ खातों से संबधित समस्याओं जैसे लुप्त अंशदान, ऋणात्मक शेष, अथवा अंतिम भुगतान मे देरी आदि के समाधान हेतु मौके पर ही सहायता प्राप्त होगी। महालेखाकार (ले. एवं हक0) कार्यालय यह पहल जिला मजिस्ट्रेट देहरादून, कोषाधिकारी-उप-कोषाधिकारीगण एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण समन्वय में संपन्न करेगा, ताकि यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो सकेᑊ यह अदालत महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय की अभिदाताओं के प्रति पारदर्शी जवाबदेह एवं सवेदनशील सेवा प्रदान करने की सतत प्रतिबदधता को दर्शाती है ।

■ जीपीएफ अभिदाताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करना है अदालत का लक्ष्य

# हमें अपनी परम्पराओं पर गर्व होना चाहिए: धामी

## मुख्यमंत्री ने किया प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक आस्था का प्रतीक नौ दिवसीय 49वां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेला सोमवार को अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ आरंभ हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल पहुंचकर विधिवत ध्वजारोहण कर मेले का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने रिबन काटकर विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा अमर शहीदों की प्रतिमाओं और स्वतंत्रता संग्राम स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।





इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, नगर पंचायत अध्यक्ष तपोवन विनीता बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्रनगर दीक्षा राणा, मेयर नगर निगम ऋषिकेश शंभू पासवान, जिलाध्यक्ष भाजपा उदय रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गजा कुंवर सिंह चौहान, डीएम टिहरी नितिका खंडेलवाल, एसएसपी आयुष अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मां कुंजापुरी के चरणों में नमन किया और सभी को मेले की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि मां कुंजापुरी का आशीर्वाद और कृपा दृष्टि सदैव उत्तराखंड वासियों पर बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला केवल धार्मिक आस्था का नहीं, बल्कि उत्तराखंड की गौरवशाली परंपरा, लोक संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। वर्ष 1974 से लगातार आयोजित हो रहा यह आयोजन व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की असली पहचान उसकी सनातन संस्कृति और जीवन मूल्यों में निहित है। हमारी संस्कृति केवल रीति-रिवाजों का समूह नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली विचारधारा है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपराओं पर गर्व होना चाहिए, क्योंकि यही हमारी सभ्यता की सबसे बड़ी शक्ति है। मेले और त्योहार केवल मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, संस्कृत शिक्षा, आर्थिक प्रगति और आध्यात्मिक उन्नति के प्रभावी माध्यम हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आने वाली पीढ़ियां भी इन परंपराओं की गरिमा को समझें और इन्हें संरक्षित रखें। तभी हमारी संस्कृति पीढ़ियों तक जीवित रह सकेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक धरोहरों को संवारने और पुनर्जीवित करने के कार्यों की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार भी उत्तराखंड के समग्र विकास, धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पलायन राज्य की सबसे बड़ी चुनौती है और इसे रोकने के लिए सरकार बहुआयामी योजनाओं पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि 'हाउस ऑफ हिमालय' ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। फार्म मशीनरी बैंक, फिल्म नीति, एप्पल मिशन, और होमस्टे जैसी योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। उन्होंने गर्वपूर्वक कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता कानून लागू किया है। इसके साथ ही सशक्त नकल विरोधी कानून के माध्यम से पिछले चार वर्षों में 26 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। धर्मांतरण निरोधक कानून और अवैध अतिक्रमण हटाने की पहल ने राज्य को एक नई पहचान दिलाई है। राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

वन, तकनीकी शिक्षा, भाषा, निर्वाचन एवं संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मां कुंजापुरी मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने वाला एक सशक्त माध्यम है। यह मेला न केवल प्रदेश की, बल्कि देश की विविध संस्कृतियों को एक साथ जोड़ने का मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह आयोजन निरंतर विकास और नवाचार की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की घोषणाएं कीं, जिनमें ढालवाला में 400 मीटर तक बाढ़ सुरक्षा कार्य, मुनिकीरेती में खारास्रोत गदेरे पर सतह पार्किंग और एप्रोच रोड का निर्माण, नरेंद्रनगर में आपदा से क्षतिग्रस्त नहरों का पुनर्निर्माण, तपोवन और पावकी देवी (दोगी) में सामुदायिक भवनों का निर्माण, सब रजिस्ट्रार कार्यालय की स्थापना, बाल्मीकि बस्ती में आवासों का पुनर्निर्माण, भुवनेश्वरी देवी और पावली देवी मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि स्वीकृति, गुल्लरबोगी में पार्किंग निर्माण और ]वेल नदी में विभिन्न तोकों पर चेक डैम का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रस्तावों को घोषणाओं में सम्मिलित करने की घोषणा की। मेले के दौरान आईटीबीपी बैंड की मधुर धुनों, लोक कलाकारों की पारंपरिक प्रस्तुतियों और विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर मनमोहक झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स और स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई जनजागरूकता रैली ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस भव्य आयोजन में मेले के संचालक राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार, मंडल अध्यक्ष साकेत बिजल्वाण, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, डीएफओ पुनीत तोमर, एडीएम ए. के. सिंह, मेला समिति सचिव और एसडीएम आशीष घिल्डियाल सहित अनेक विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# नई टिहरी में फिर गूंजेगी संस्कृति की धुन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- नवयुवक अभिनय श्रीरामकृष्ण लीला समिति ने बनाई वर्षभर की कार्ययोजना
- रामलीला से लेकर इगास तक, सालभर होगा सांस्कृतिक उत्सवों का सिलसिला
- नई टिहरी को फिर मिलेगा सांस्कृतिक जीवन, समिति का उद्देश्य: परंपरा, आस्था और एकता का नवसंवर्धन

**नई टिहरी।** शहर की सांस्कृतिक शून्यता को समाप्त कर इसे पुन: जीवंत बनाने के लिए नवयुवक अभिनय श्रीरामकृष्ण लीला समिति ने वर्षभर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला शुरू करने का निर्णय लिया है। समिति का उद्देश्य है कि शहरवासियों को न केवल अपनी परंपराओं और संस्कृति से जोड़ा जाए, बल्कि हर उत्सव को भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाए। समिति आगामी एक नवंबर को पारंपरिक इगास बग्वाल पर्व को भी धूमधाम से मनाएगी। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि संस्था केवल रामलीला तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे वर्षभर सनातन संस्कृति और पौराणिक पर्वों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि पुरानी टिहरी की तरह नई टिहरी को भी सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बनाना समिति का मुख्य लक्ष्य है। इसके तहत हर त्योहार और धार्मिक पर्व को सामूहिक रूप से मनाने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष की शुरुआत बसंत पंचमी से की जाएगी, जिसमें शहर के विद्यालयों में सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियां आयोजित होंगी। इसके बाद होलिका दहन के अवसर पर सामूहिक बैठकें, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। चैत्र नवरात्रों के दौरान भजन संध्या, रात्रि जागरण और भगवान श्रीरामचंद्र की झांकियां निकाली जाएंगी, जबकि हिंदू नववर्ष के शुभारंभ पर पूजा-पाठ और विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। मई और जून के अवकाश काल में समिति रामलीला का भव्य आयोजन करेगी, जिसमें स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दही-हांडी प्रतियोगिता, मटकी फोड़ उत्सव और आकर्षक झांकियां नगर में निकाली जाएंगी। शारदीय नवरात्र और दशहरा पर रावण दहन के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। वाल्मीकि जयंती पर समिति वाल्मीकि समाज के साथ मिलकर झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को और अधिक भव्य बनाने में सहयोग करेगी। वहीं गढ़वाल की परंपरा और लोक संस्कृति से जुड़े इगास पर्व को भी विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक व्यंजन दाल की पकोड़ी और अन्य पकवान तैयार करेंगी, भैलो खेला जाएगा, और वीर भड़ माधव सिंह भंडारी की स्मृति में ढोल-दमाऊ की थाप पर लोक नृत्य और गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। इस वर्ष यह कार्यक्रम एक नवंबर को बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी भाग लेंगे। इस अवसर पर समिति सचिव अमित पंत, भगवान चंद रमोला, कमल सिंह मेहर, महिपाल नेगी, जगजीत सिंह नेगी, राकेश लांबा, गंगा भगत सिंह नेगी, सुनील बधानी, अनुराग पंत, नंदू कुमार, दीपक और मनोज शाह सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एकमत से कहा कि समिति का यह प्रयास नई टिहरी की सांस्कृतिक चेतना को पुन: जाग्रत करेगा और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा।

## श्रीनगर में मनोसामाजिक सहायता प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**श्रीनगर।** उत्तराखंड में आपदाओं के दौरान और उसके बाद प्रभावित लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा और मनोसामाजिक सहयोग सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक सराहनीय कदम उठाया है। राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखंड द्वारा भारत सरकार एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज (निमहांस), बेंगलुरु के सहयोग से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली श्रीनगर मेडिकल कालेज में पाँच दिवसीय मनोसामाजिक सहायता प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मेडिकल कालेज श्रीनगर के प्राचार्य प्रो. आशुतोष सयाना ने कहा कि आपदा केवल भौतिक क्षति तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह लोगों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती है। कहा कि ऐसे समय में मनोसामाजिक सहायता बेहद आवश्यक हो जाती है। कार्यशाला में निमहांस, बेंगलुरु से आए विशेषज्ञ डा. संजीव कुमार मणिकप्पा, डा. के. सुरेश, डा. अनिल तथा राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखंड के डा. पंकज सिंह ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डा. अंकित, डा. राशिद, अरविंद नेगी, मनमोहन सिंह, कमला, रेखा, संगीता, सीमा सहित आदि मौजूद थे।

## चौरास परिसर में बंदरों का आतंक, छात्र एवं शिक्षक परेशान

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। परिसर स्थित महिला एवं पुरुष छात्रावासों, अतिथि गृह, आवासीय भवनों और विभागों के प्रयोगात्मक बगीचों में बंदरों के झुंड ने आतंक मचाया है। बंदर न केवल छात्रों के आवाजाही में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, बल्कि कई बार शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों पर हमला करने की कोशिश भी कर चुके हैं। चौरास परिसर में अध्ययनरत छात्राओं के अनुसार, कई बार बंदरों के हमले से बचने के दौरान वे घायल भी हो चुकी हैं, जिससे पूरे परिसर में भय का माहौल बना हुआ है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मांग की है कि परिसर में नियमित रूप से निगरानी की जाए और बंदरों को सुरक्षित रूप से पकड़कर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, ताकि छात्र-छात्राएं और कर्मचारी भयमुक्त वातावरण में अध्ययन व कार्य कर सकें। मामले का संज्ञान लेते हुए गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर निदेशक प्रो. आरएस नेगी ने प्रभागीय वनाधिकारी को पत्र भेजकर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। प्रो. नेगी ने बताया कि वन विभाग की ओर से जल्द ही बंदरों को पकड़ने के लिए विशेष टीम भेजने और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है।

# छात्रों को सिखाए बचाव के गुर

**नई टिहरी।** जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्कूल सेफ्टी अभियान के तहत प्रतापनगर ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्र मुखेम रमोली स्थित राजकीय इंटर कालेज तोलीसेन में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों और विद्यालय स्टाफ को आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया देने, बचाव के उपाय अपनाने और आपदा जोखिम को कम करने की विधियों की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर आयोजित किया गया। उनके निर्देशन में आपदा प्रबंधन विभाग प्रतापनगर के विभिन्न विद्यालयों में निरंतर आपदा प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन विभाग के मास्टर ट्रेनर अनिल सकलानी ने छात्रों को क्षेत्र विशेष में संभावित प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, भूस्खलन, आगजनी और बाढ़ आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आपदा के प्रकार, आपदा से पहले की तैयारी, आपदा के दौरान की सावधानियां और आपदा के बाद की आवश्यक कार्यवाही की रूपरेखा छात्रों को समझाई। प्रशिक्षण में छात्रों को सिखाया गया कि कैसे सीमित संसाधनों में बेसिक उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है, स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार देना, सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की विधि, आग लगने पर बचाव के उपाय, और बाढ़ से सुरक्षित रहने के तरीके क्या हैं। प्रशिक्षण में कुल 105 छात्र-छात्राओं और विद्यालय कर्मियों ने सहभागिता की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य सोवेंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान केवल जानकारी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे व्यवहार में भी लाया जाना आवश्यक है।

# सेम-मुखेम धाम में शुरू हुई त्रैवार्षिक मेले की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन स्थली और उत्तर द्वारका के नाम से प्रसिद्ध सेम-मुखेम धाम में एक बार फिर आस्था और श्रद्धा का महापर्व मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। हर तीन वर्ष में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक त्रैवार्षिक मेले का आयोजन इस वर्ष 25 और 26 नवंबर को मुखेम के मड़भागी सौड़ में किया जाएगा। धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक समृद्धि से परिपूर्ण यह आयोजन देवभूमि उत्तराखंड की आध्यात्मिक पहचान को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। रविवार को उपली रमोली पट्टी स्थित सेम-मुखेम मंदिर में मंदिर समिति की देखरेख में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में मेले की तैयारियों की रूपरेखा तय की गई और आयोजन को भव्य व व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह रावत ने बताया कि इस वर्ष मेले का आयोजन राजकीय स्वरूप में किया जा रहा है, जिससे इसके महत्व और भव्यता में और वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि सेम नागराजा धाम के इस मेले में टिहरी समेत समूचे उत्तराखंड और पड़ोसी राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस बार मेले में पारंपरिक सांस्कृतिक झांकियों, लोकनृत्यों, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने हेतु प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भेज दिए गए हैं। मंदिर समिति ने बताया कि इस वर्ष भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति से मेले की गरिमा और बढ़ेगी तथा सेम नागराजा धाम की पहचान राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त होगी। गोविंद सिंह रावत ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया कि सड़कों की मरम्मत और मेला स्थल पर आवश्यक सुविधाओं को शीघ्र दुरुस्त किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेला संयोजक और जिला पंचायत सदस्य विजय देवी ने कहा कि सेम नागराजा मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह क्षेत्र की संस्कृति, लोक परंपरा और सामाजिक एकता का भी जीवंत उदाहरण है। हर तीन वर्ष में लगने वाला यह मेला स्थानीय लोगों के लिए एक ऐसे उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसमें श्रद्धा, संस्कृति और सामुदायिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिलता है। बैठक में देवी सिंह पंवार, विजय पोखरियाल, राजेश्वर थपलियाल, महावीर भंडारी, गजेंद्र कंडियाल, रेखा असवाल, बलवीर असवाल, मुरलीधर सेमवाल, थान सिंह राणा, गंगा प्रसाद सेमवाल, राजवीर कंडियाल, डा. भान सिंह नेगी और नत्थी सिंह राणा सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एकस्वर में कहा कि यह मेला न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई दिशा देने का कार्य करेगा।

# हनुमान मंदिर टीम ने जीता क्रिकेट खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- कुंजापुरी मेला क्रिकेट प्रतियोगिता में हनुमान मंदिर टीम का जलवा, ागराखाल टीम को दी मात

**नई टिहरी।** कुंजापुरी मेले के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच अपने चरम पर रहा। नरेंद्रनगर में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में कुल 26 टीमों ने भाग लिया, जिनमें हनुमान मंदिर की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर फाइनल मुकाबला जीतकर विजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखने लायक रहा। फाइनल मैच का शुभारंभ निवर्तमान नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम पंवार और साकेत बिजल्वाण ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुंजापुरी मेला न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने का भी एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर खेलों को जीवन का हिस्सा बनाएं और प्रदेश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में आगराखाल और कुंजापुरी क्लब की टीमें आमने-सामने थीं। कुंजापुरी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए, जिसका पीछा आगराखाल की टीम ने शानदार अंदाज में किया और 41 रन बनाकर जीत हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल भौ कुछ क्लब और हनुमान मंदिर की टीम के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में हनुमान मंदिर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में भौ कुछ क्लब की टीम 59 रन पर सिमट गई, जिससे हनुमान मंदिर की टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। फाइनल मैच में आगराखाल और हनुमान मंदिर की टीमें आमने-सामने आईं। हनुमान मंदिर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित ओवरों में 111 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाज हिमांशु ने 21 और सुधांशु ने 30 रनों की उपयोगी पारी खेली। आगराखाल की ओर से सत्येंद्र और अंकित ने दो-दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आगराखाल की टीम 61 रन पर ही सिमट गई। हनुमान मंदिर के सुधांशु ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लेकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। इस अवसर पर रमेश असवाल, महेश गुसाईं, राजू भारती, संतोष राणा, सुरेश शर्मा, हितेश जोशी, विपिन कुमार और धनेश पालीवाल सहित बड़ी संख्या में दर्शक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में नई ऊर्जा, अनुशासन और टीम भावना को प्रोत्साहित करती हैं।

## कार्मिकों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय रानीखेत में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। हानिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इस वर्ष की थीम सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी है। मौके पर उन्होंने सभी कार्मिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहभागी सतर्कता पहलों में से एक है। प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है ताकि नागरिकों में सजगता, सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने सभी कार्मिकों को पारदर्शी, निष्ठापूर्वक एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति अपनाने के प्रेरणा दी।

# गढ़वाल विवि में सम्मेलन का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से भारतीय भूगोलवेत्ताओं के संस्थान (आईआईजी) का 46वां वार्षिक अधिवेशन एवं डायनेमिक अर्थ, फैजाइल एनवायरनमेंट एंड पाथ टू क्लाइमट रेजिलिएंट सोसायटी विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सोमवार को समापन हो गया है। इस मौके पर डा. गौतम को यंग भूगोलवेत्ता अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कला संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. मंजुला राणा ने कहा कि भूगोल विभाग के ओर से जो अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई वह अपने आप में स्वर्णिम अवसर है। कहा कि संगोष्ठी के जो भी परिणाम हमारे सामने आएंगे वो दूरगामी होंगे। संगोष्ठी के सचिव डा. राकेश सैनी ने तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम कि रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि सम्मेलन में 200 से ज्यादा शोध पत्र प्राप्त हुए और 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बताया कि सम्मेलन में भारत और विदेश के लगभग 40 विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बताया कि सम्मेलन में गतिशील प्रणाली, क्रायोस्फेरिक परिवर्तन, मानसून परिवर्तनशीलता, भूमि दृश्य और परिवर्तन, उद्यमी भूगोल और जलवायु परिवर्तनशीलता और संकट सहित विविध विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। डा. राकेश सैनी ने कहा कि इस सम्मेलन से उत्पन्न विचार-विमर्श और सिफारिशें भारत और अन्य देशों में भौगोलिक अनुसंधान और नीतिगत चर्चा में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। कार्यक्रम में पहुंचे देवप्रयाग विधायक विनोद कण्डारी ने कहा कि वर्तमान में मानवीय हस्तक्षेप के कारण हमारा हिमालयी क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। मौके पर सह-संयोजक प्रो. एसएस नेगी, प्रो. बीपी नैथानी, चौरास परिसर के निदेशक प्रो. आरएस नेगी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. जय सिंह चौहान, प्रो. एचबीएस चौहान, प्रो. गुड्डी बिष्ट, प्रो. रेवानी, प्रो. विजयकांत पुरोहित, डा. राकेश सैनी, प्रो. एमएस जागलान, प्रो. सीमा जलान, प्रो. पद्मिनी, प्रो. सुचित्रा, सामाजिक कार्यकर्ता लखपत भंडारी, लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र के निदेशक डा. गणेश खुशाल गणी, उपनिदेशक डा. संजय पांडे, डा. लता पांडे सहित आदि मौजूद थे।

# अटका अलकेश्वर घाट का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नमामि गंगे परियोजना के तहत बने अलकेश्वर घाट का जल्द ही कायाकल्प किया जायेगा। घाट को लेकर टेंडर प्रक्रिया तो पुरी हो चुकी है, लेकिन खनन विभाग से मिलने वाली अल्प अवधि अनुज्ञा के न मिलने के कारण अलकेश्वर घाट का निर्माण कार्य रुका हुआ है। खनन विभाग से अल्प अवधि अनुज्ञा कि अनुमति मिलते ही अलकेश्वर घाट का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। अलकेश्वर घाट को लेकर सिंचाई विभाग एवं खनन विभाग के अधिकारियों के ओर से संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसके बाद खनन विभाग के ओर से इसकी रिपोर्ट बनाकर उपनिदेशक खनन देहरादून को भेजी गई है। सवा तीन करोड़ की लगाता से अलकेश्वर घाट के पुर्नास्थापना सहित सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण किए जायेगें। दरअसल बीते 14 अगस्त 2023 को भारी बरसात के कारण अलकेश्वर का एक हिस्सा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसका निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। नमामि गंगे परियोजना के तहत श्रीनगर में बना अलकेश्वर घाट क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है।

अलकेश्वर घाट श्रीनगर का आकर्षक घाट होने के चलते हुए यहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं और स्नान करने के साथ ही अलकनंदा नदी की ठंडी हवाओं का आनंद लेते है। लगातार अलकनंदा नदी का जलस्तर के बढ़ने और रखरखाव के अभाव में घाट की रैलिंग, चौयर, टाइल्स सहित अन्य चीजे भी धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो गयी है। जबकि एक शवदाह गृह भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुआ पड़ा है। बताते चले कि बीते 2018 में श्रीनगर बैकुंठ चतुर्दशी मेले में पूर्व केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री उमा भारती और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने इसका लोकार्पण किया था। नमामी गंगे परियोजना भारत सरकार की निर्माणदायी संस्था वेबपास ने 11 करोड़ की लागत से इस घाट का निर्माण कार्य किया था, लेकिन रखरखाव न होने और अलकनंदा नदी के रौद्र रूप ने इसके आकर्षण को छिन लिया है। अलकेश्वर घाट के निर्माण कार्य को लेकर खनन विभाग और सिचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया है। नदी में निर्माण काम करने पहले खनन विभाग कि अल्प अवधि अनुज्ञा लेने पड़ती है, खनन विभाग से अनुमति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। उम्मीद है कि नवम्बर अंत सप्ताह तक अलकेश्वर घाट के पुर्नास्थापना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। विजयपाल सिंह कैंतुरा, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग निर्माण खंड, श्रीनगर गढ़वाल।

# बहुउद्देशीय शिविर में जनता की समस्याओं का निस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- सड़क, कृषि, स्वास्थ्य से लेकर सिंचाई की समस्याओं का जल्द निस्तारण के निर्देश

**उत्तरकाशी।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाने और समस्याओं के निस्तारण के लिए विकासखंड चिन्यालीसौड़ के रा.इ.का. दिचली में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम जन-सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बना। कार्यक्रम के दौरान आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई एवं अंतिम छोर के व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में स्कूली बच्चों द्वारा अनेक कार्यक्रम और नशा मुक्ति पर भी एक आकर्षक प्रस्तुति प्रस्तुत की। बहुउद्देश्यीय शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 191 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आयुष विभाग ने 21 एवं होम्योपैथिक विभाग ने 19 लोगों को परीक्षण कर जरूरत मंद को आवश्यक औषधि वितरित की। स्वास्थ्य विभाग ने 180 लोगों की शुगर और ब्लड प्रेशर की भी जांच की और नि:शुल्क दवाई वितरित की गई।

राजस्व विभाग द्वारा 05 आय प्रमाण पत्र व 03 जाति प्रमाण पत्र जारी किए। उरेडा ने 07 लोगों को एवं वन विभाग ने 10 लोगों को विभागीय जानकारी दी। उद्योग विभाग में 02 मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के दो पंजीकरण हुए और कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा कृषकों को कृषि यंत्र व बीज वितरित किए। पर्यटन विभाग द्वारा 22, मत्स्य विभाग द्वारा 20 लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

यूपीसीएल द्वारा 10 नए संयोजन, 1 मीटर चेंज शिकायत व 2 बिलों से संबंधित शिकायत दर्ज हुई। बाल विकास विभाग द्वारा 03 बालिका किट वितरित की। पंचायतीराज विभाग में 18 परिवार रजिस्टर नकल, 7 जन्म प्रमाण पत्र आवेदन, 18 राशन कार्ड आवेदन तथा 5 यूसीसी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हुई। समाज कल्याण विभाग द्वारा आदित्य बहुगुणा व अमनदीप रमोला को व्हील चेयर, रोशनलाल तथा बीरबल सिंह को कान की मशीन, प्यारी देवी को छड़ी वितरित की गई। पशुपालन विभाग द्वारा सुनैना देवी व रेशमा देवी को किट वितरित की गई। स्वयं सहायता समूहों में दुर्गा स्वयं सहायता समूह सर्प को रू 3 लाख, शिव स्वयं सहायता समूह दिचली रू 3 लाख, नर सिंह स्वयं सहायता समूह भैंगवाल रू 75 हजार, गौरा देवी स्वयं सहायता समूह बगोड़ी रू 75 हजार तथा वैष्णवी देवी स्वयं सहायता समूह बनकोट रू 25 हजार के चेक वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मधुगरी देवी, बबीता देवी, बासू देवी ग्राम पंचायत थाती दिचली को आवास की चाबी वितरित की गई।

### दर्जाधारी राज्यमंत्री, डीएम और सीडीओ ने सुनी समस्या

शिविर में क्षेत्रवासियों ने कुल 56 शिकायतों के आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में इन सभी मामलों की गहन समीक्षा की गई और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। गंभीर और अत्यावश्यक प्रकृति के लगभग 18 मामलों का मौके पर ही सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। शेष लंबित मामलों के लिए संबंधित विभागों को 15 दिन के भीतर समाधान कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस सफल आयोजन पर दर्जा राज्यमंत्री राम सुंदर नौटियाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर श्सरकार जनता के द्वारश की संकल्पना को साकार करता है। प्रशासन का प्रयास है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि हर नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

# 1971 भारत-पाक युद्ध में गायब सैनिक की 56 साल बाद रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स से मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** करीब 56 साल पहले जिस समय भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 में युद्ध छिड़ा था उस समय देहरादून के रानीपोखरी निवासी भारतीय सेना में बतौर सिपाही के पद पर तैनात एक व्यक्ति जिसका विवाह युद्ध से एक दिन पूर्व ही हुआ था वह अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए और अपनी नई नवेली दुल्हन को बीच मझधार में छोड़कर युद्ध में शामिल होने के लिए अपनी कमांड में रूड़की चला गया था लेकिन उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला तो 56 साल बाद अपने मामा के 1971 के युद्ध के समय लापता (गायब) हो जाने की गुमशुदगी रिपोर्ट देहरादून के रानीपोखरी थाने पर दर्ज करवाई है।

रानीपोखरी से करीब 18 किलो मीटर दूर पहाड़ों पर ग्राम मांदसी (गडूल) में अपने परिजनों के साथ निवास करने वाले हुक्म सिंह पुत्र गुन्दर सिंह भारतीय सेना में बतौर सिपाही के पद पर तैनात हुआ था। अपने देश की सीमाओं को दुश्मनों से बचाने और हर भारतीय की रक्षा करने के इरादे से सेना में भर्ती हुए हुक्म सिंह का इस दौरान 1971 में समीप के गांव इठाना निवासी राजवती के साथ विवाह हो गया था। जैसे ही हुक्म सिंह का राजवती से विवाह हुआ उससे अगले दिन 3 दिसंबर 1971 को भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध प्रारंभ हो गया था। दुश्मन देश से युद्ध हो जाने की खबर मिलते ही सेना के सभी जवानों की छुटटीया रद कर दी गई थी और हुक्म सिंह भी 4 दिसंबर 1971 को अपनी नई नवेली दुल्हल राजवती को अपने

**■ देहरादून के रानीपोखरी थाने पर लापता सैनिक के भांजे ने दर्ज करवाई गुमशुदगी**

**शादी के एक दिन बाद युद्ध में शामिल होने के लिए रूड़की हैडक्वार्टर गया था हुकम सिंह**

गांव में छोड़कर युद्ध में शामिल होने के लिए अपने दस्ते (स्कवायड) में शामिल होने के लिए रूड़की चला गया था।

लेकिन भारत-पाक्स्तिन युद्ध के बाद से जब हुक्मसिंह का कोई सुराग नहीं मिला तो उसके पिता गुन्दर सिंह ने अपने अपने एक रिश्तेदार के साथ उसकी काफी तलाश की लेकिन हुक्म सिंह का कोई सुराग नहीं लग सका। उधर अपने पति के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने के बाद उसकी पत्नी राजवती ने भी वर्ष 1972 में अपने प्राण त्याग दिए थे। हुक्म सिंह के भांजे विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके नाना गुन्दर सिंह और उसके पिता सौपाल सिंह ने रूड़की हुक्म सिंह के दस्ते में जाकर जानकारी कि तो जानकारी मिली की सेना ने उसे भगौड़ा साबित कर रखा है।

भारतीय सेना के हिस्सा रहे हुक्म सिंह के 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद से गायब हो जाने पर अब करीब 56 साल बाद उसके भांजे विक्रम सिंह की ओर से रानीपोखरी थाने पर उसके गुमशुदा हो जाने की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है तथा स्थानीय पुलिस से हुक्म सिंह जिसकी उम्र अब करीब 82 वर्ष हो चुकी है को तलाश करने की मांग की।

## भू-माफियाओं ने करोड़ों रुपये में बेच डाली थी सेना के जवान हुक्म सिंह की 22 बीधा जमीन

**देहरादून।** अपने मामा को भगौड़ा साबित किए जाने के बाद विक्रम सिंह और उसके परिजनों ने हुक्म सिंह की करीब 22 बीधा जमीन पर खेती प्रारंभ कर दी और उसकी देखभाल करने का बीड़ा उठा लिया। शाह टाइम्स संवाददाता मयूर गुप्ता को दूरभाष पर जानकारी देते हुए हुक्म सिंह के भांजे तथा रिपोर्टकर्ता विक्रम सिंह ने बताया कि देहरादून के एक भू-माफिया ने रजिस्ट्रार कार्यालय में अपने आपकों हुक्मसिह दर्शाते हुए जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर हुक्म सिंह की 22 बीधा जमीन को करोड़ों रुपये में देहरादून के ही भुपिन्द्र नामक व्यकित को बेच डाली थी। विक्रम सिंह ने बताया कि उसके मामा की जमीन को भू-माफियाओं द्वारा बेच दिए जाने की जानकारी जब उसे और उसके परि. जनों को चली तो उन्होंने इस संबंध में रानीपोखरी थाने पर संगीन धाराओं में उक्त भू-माफिया के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करवाते हुए उसे सलाखों के पीछे भेजा था। उसने बताया कि आज भी वह उक्त भूमि पर हल चलाकर फसलों को खड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है।

# 28 वर्षीय महिला के गर्भाशय से निकाले गए 17 फाइब्रॉइड

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** देहरादून के आरजी हॉस्पिटल ने एक और बड़ी चिकित्सकीय उपलब्धि हासिल की है। यहां 28 वर्षीय महिला के गर्भाशय से 2.8 किलोग्राम वजन के 17 फाइब्रॉइड को एंडोबैग मॉर्सेलेशन तकनीक के जरिये सफलतापूर्वक हटाया गया। महिला लंबे समय से पेट दर्द और अत्यधिक मासिक रक्तस्त्राव से पीड़ित थीं।

फाइब्रॉइड की अधिकता के कारण उनके रोजमर्रा के कार्य बाधित हो रहे थे और भविष्य में बांझपन (इन्फर्टिलिटी) की संभावना भी बढ़ गई थी। ऐसे में तत्काल सर्जरी आवश्यक थी। सर्जरी का नेतृत्व गायनेकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. तुषार ने किया, जबकि एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर की जिम्मेदारी डॉ. अक्षता सुतकट्टी ने संभाली। दोनों विशेषज्ञों के निर्देशन में यह ऑपरेशन सामान्य एनेस्थीसिया के तहत किया गया। डॉ. तुषार अग्रवाल ने बताया, यह सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि फाइब्रॉइड की संख्या और आकार दोनों बड़े थे। हमारा मुख्य उद्देश्य मरीज की प्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखना था।

पूरी टीम के सामूहिक प्रयास से हमने न्यूनतम रक्तस्राव के साथ यह सर्जरी पूरी की। वहीं, डॉ. अक्षता सुतकट्टी ने कहा, ऐसे मामलों में एनेस्थीसिया प्रबंधन बेहद जटिल होता है। डॉक्टरों के अनुसार, महिला अब सामान्य जीवन की ओर लौट रही हैं और उनकी प्रजनन क्षमता पूरी तरह सुरक्षित है।

# लखी शाह गुरुद्वारे में मना गुर्ता गद्दी दिवस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**



**देहरादून।** सिखों के सबसे पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व गुर्ता गद्दी दिवस पर पश्चिम पटेलनगर संजय कालोनी स्थित भाई लख्खी शाह गुरुद्वारे में गुरुद्वारा शीश गंज दिल्ली के हैड ग्रंथि हरनाम सिंह ने गुरु ग्रंथ साहिब के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने सभी सिखों को यह आज्ञा जारी करी कि मेरे बाद कोई शरीर धारी गुरु सिख पंथ में नहीं होगा और सभी सिख श्री गुरु ग्रंथ साहिब को ही जीवित गुरु के रूप में मानेंगे और उनकी आज्ञा का पालन करेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना का गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरु का सिरोपा भेंट कर स्वागत किया गया व उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। धस्माना ने कहा कि सिख पंथ का इतिहास केवल साढ़े पांच सौ साल का है लेकिन पूरी दुनिया में जितने धर्म या पंथ हैं उनमें धर्म और कौम के लिए जितने बलिदान और कुर्बानियां सिख पंथ के मानने वालों ने दीं उतनी किसी धर्म में नहीं मिल सकती।इस अवसर पर प्रसिद्द रागी राय सिंह ने शब्द कीर्तन गा कर संगतों को निहाल किया। प्रबंधक कमेटी ने अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा को भी सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार रविन्द्र सिंह, उप प्रधान सरदार रवि, सरदार देवेंद्र सिंह, सरदार जरनैल सिंह, सरदार ओम प्रकाश राठौर, सरदार सोहन सिंह और क्षेत्र की संगतें उपस्थित रहीं।

# किसानों की 'बागवान न्याय यात्रा' में पहुंचे माहरा



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने सोमवार को गांधी पार्क में एकत्र किसानों की 'बागवान न्याय यात्रा' में शिरकत की।

इस अवसर पर माहरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों और बागवानों को सपने दिखाए और कहा कि सेब, कीवी और अन्य फलदार पौधों के बाग लगाइए, सरकार आपको सब्सिडी देगी, सहारा देगी, आत्मनिर्भर बनाएगी। सरकार पर भरोसा करके किसानों और बागवानों ने अपनी जमीनें, मेहनत, समय और पूंजी सब कुछ दांव पर लगा दिया।

लेकिन आज हालात यह हैं कि बाग तो लग गए, पर सरकार की सब्सिडी सिर्फ कागजों में ही घूम रही है।

माहरा ने कहा कि जिन्होंने अपनी जमीन गिरवी रखकर बाग लगाए, अब वही किसान दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। सरकार ने तुरंत सब्सिडी जारी नहीं की, भ्रष्टाचार और दलाली की इस व्यवस्था को बंद नहीं किया, तो किसान सड़क पर ही नहीं, विधानसभा के दरवाजे तक जाएंगे। यह सिर्फ सब्सिडी का मुद्दा नहीं, यह श्रम, सम्मान और किसान के भविष्य का सवाल है।

## फाइलें बन रही हैं, फोटो खिंच रहे पर सब्सिडी नहीं मिल रही: करन

**देहरादून।** माहरा ने कहा कि किसान महीनों से दफ्तर-दफ्तर भटक रहे हैं, फाइलें बन रही हैं, फोटो खिंच रही हैं, पर सब्सिडी नहीं मिल रही। मजबूर होकर ऐसे ही परेशान बागवानों का एक बड़ा जत्था देहरादून गांधी पार्क में धरने पर बैठा। माहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री मंचों पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं कि "सब्सिडी जरूर मिलेगी", "किसानों का हक नहीं छीना जाएगा।" लेकिन सच्चाई यह है कि जमीन पर कुछ और ही खेल चल रहा है। किसानों को यह कहकर रोका जा रहा है कि जब तक कुल सब्सिडी का 25 प्रतिशत एडवांस में किसी 'खघस व्यक्ति' के हाथ में नहीं रखा जाता, तब तक एक रुपये की भी सहायता नहीं मिलेगी। यानी बिना 'कट' दिए किसान को उसका हक नहीं मिलेगा। यह सीधे-सीधे किसानों के साथ धोखा है, छल है।

# कृषकों की लम्बित राज सहायता जल्द होगी जारी: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** उत्तराखण्ड के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में सोमवार को मिशन एप्पल एवं सेब की अति सघन बाग. वानी योजना के अन्तर्गत कृषकों की लम्बित राजसहायता के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के बाद कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि मिशन एप्पल एवं अति सघन सेब बागवानी योजनान्तर्गत स्थापित बागानों की लगभग छ57.30 करोड़ की राजसहायता का भुगतान लम्बित है। इस भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में छ35.00 करोड़ की बजट व्यवस्था की गई है तथा शेष धनराशि अनुप. ूरक बजट या राज्य आकस्मिकता निधि के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।इस विषय पर हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें प्रमुख सचिव न्याय, सचिव वित्त, तथा सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण ने भाग लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कृषकों की लम्बित राजस. हायता के भुगतान के लिए तत्काल भौतिक सत्यापन की कार्यवाही प्रारम्भ की जाए, जिससे किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित हो सके। निर्णय के अनुपालन में सभी जिला उद्यान अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्य उद्यान अधिकारी उत्तरकाशी एवं मुख्य उद्यान अधिकारी देहरादून ने अवगत कराया कि नौगांव (उत्तरक. ाशी) तथा चकराता (देहरादून) में कृषकों के बागानों का भौतिक सत्यापन कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि कृषक हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने सभी विभागीय एवं जिला उद्यान

**■ सत्यापन का कार्य हुआ शुरू, उद्यान मंत्री गणेश ने विभागीय अफसरों के साथ की बैठक**

अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यक्तिगत रुचि लेकर भौतिक सत्यापन और अन्य औपचारिकताओं की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें, ताकि कृषकों की लम्बित राजसहायता का भुगतान बिना विलम्ब किया जा सके।

बैठक में कृषि सचिव डॉ. एस.एन. पांडे, संयुक्त निदेशक कृषि दिनेश कुमार, प्रभारी अपर निदेशक उद्यान रतन कुमार तथा बागवानी मिशन के निदेशक महेन्द्र पाल उपस्थित रहे।

# माहरा को पहले हरदा को बंटेंगे तो कटेंगे का ज्ञान देना चाहिए : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष करन माहरा के बंटेंगे तो कटेंगे बयान का स्वागत करते हुए सुझाव दिया कि सबसे पहले उन्हें हरीश रावत को समझाना चाहिए। मीडिया के सवालों का जवाब देते प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने मोदी- योगी की इस नकल को कांग्रेस की मतलबपरस्त राजनीति करार दिया।

पार्टी मुख्यालय में बोलते हुए उन्होंने करन माहरा के बयान पर तंज किया कि देश में समाज को जातियों और क्षेत्रों में तोड़ने का सबसे अधिक कोई काम कर रहा है तो वह कांग्रेस पार्टी है। ये संविधान की किताब हाथ में रखकर, सनातन समाज को तोड़ने और समाप्त करने की बात करते हैं। भाषा के नाम पर महाराष्ट्र से लेकर दक्षिणी राज्यों और बंगाल में इनका गठबंधन देश तोड़ना चाहता है। अल्पसंख्यक समुदाय बहुल क्षेत्रों में मुस्लिमों के मन में हिंदुओं के प्रति खौफ और नफरत भरते हैं। यही लोग हैं जो, बंटोगे तो कटोगे को सांप्रदायिक नारा बताते देश में घूम रहे थे। अब पासा उल्टा पड़ता देख उत्तराखंड में राजनैतिक लाभ के लिए इसे दोहरा रहे हैं।

**■ भाजपा ने मोदी- योगी की नकल को कांग्रेस की मतलबपरस्त राजनीति करार दिया**

उन्होंने आईना दिखाया कि प्रदेश की जनता बहुत समझदार है और कांग्रेस पार्टी के कहीं कहीं दिखाने वाले ऐसे दांत अच्छी तरह पहच. ानती है। वहीं तंज कसते हुए कहा, यदि माहरा की आँखें खुल गई हैं तो स्वागत है। उन्होंने सुझाव दिया कि सबसे पहले तो उन्हें इस सिद्धांत को सबसे पहले अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश रावत को समझाना चाहिए। क्योंकि लगातार हार से निराश होकर वे उम्र के इस पड़ाव ने जातिवादी राजनीति का कार्ड खेल रहे हैं। वहीं व्यंग किया कि जिस दिन कांग्रेस के आलाकमान को उनके इस नए ज्ञान की भनक लग गई तो कितने दिन पद पर रहेंगे कहना मुश्किल है।

# ग्रीन सेस पर्यावरण सुधार की कोशिशों में मील का पत्थर साबित होगा: मनवीर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने सरकार के ग्रीन सेस लगाने का स्वागत करते हुए, मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने इसे राज्य के पर्यावरण सुधार की कोशिशों में मील का पत्थर साबित होने वाला कदम बताया है।

उन्होंने कहा कि, उत्तराखंड देवत्व की मौजूदगी में स्वच्छ विचार, संस्कार और आबो हवा के कारण देवभूमि कहलाता है। दुनिया भर के लोग उत्तराखंड में धार्मिक सांस्कृतिक अनुभूति के साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से भी आते हैं। आज हमारे राज्य में 70 फीसदी क्षेत्र वनों से आबाद है, जो हमारे ही नहीं देश के पर्यावरण की सेहत को भी बेहतर बनाता है। जिसमें प्रदेशवासियों का योगदान पीढ़ी दर पीढ़ी बहुत महत्वपूर्ण रहा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि बाहर से राज्य में आने वाले लोग भी ग्रीन सेस देकर हमारी पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सहयोग करेंगे। क्योंकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि जो भी आय इससे होगी उसे विशुद्ध रूप से हवा की गुणवत्ता, हरित अवसंरचना और स्मार्ट यात्रा प्रबंधन में सुधार के लिए उपयोग किया जाएगा। और ऐसा करने वाले हम पहले राज्य नहीं है, लिहाजा किसी को भी इससे आपत्ति नहीं होने वाली है।

# देवभूमि के 25 साल :आधी आबादी की उपलब्धियों-चुनौतियों पर करेंगे मंथन :रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश की स्थापना के बाद यहां की महिलाओं ने क्या उपलब्धियां हासिल की, उनके सामने अभी भी क्या चुनौतियां हैं और भविष्य का विकसित भारत बनाने में उनकी क्या भूमिका होगी, इस पर मंथन के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सोमवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने रजत जयंती के अवसर पर होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की।

सोमवार को यमुना कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक के बाद



कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि यह आयोजन 8 नवंबर को हल्द्वानी के गौलापार स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दो हिस्से होंगे जिसमें पहले हिस्से में टॉक शो, ग्रुप डिस्कशन और महिलाओं के लिए भविष्य के विजन पर चर्चा होगी। कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में झोड़ा, सांस्कृतिक नृत्य, गायन जैसे कार्यक्रम होंगे।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि आयोजन में शामिल होने वाली हजारों महिलाएं अपने-अपने पारंपरिक परिधान में सुसज्जित होकर आएंगी।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट काम करने वाली महिलाओं से विचार विमर्श कर एक विजन डॉक्युमेंट तैयार करने की योजना है। कार्यक्रम में विशेष कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

**■ रजत जयंती पर पूरे प्रदेश की महिलाओं पर केंद्रित एक विशेष आयोजन की तैयारी, 2047 के विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका पर होगी तैयारी**

बैठक में महिला सशक्तिकरण विभाग के निदेशक बंसीलाल राणा, उपनिदेशक विक्रम सिंह, अनुस. चव प्रभा आर्या, मोहित चौधरी, नीतू फुलेरा आदि उपस्थित रहे।

# 30 अक्टूबर को कृष्णा धाम गौशाला में मनाई जाएगी गोपाल अष्टमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**देहरादून ।** गोपाष्टमी का महत्व ख्र गौमाता की महिमा की दिव्य कथा घ्घ्प्राचीन शास्त्रों में वर्णन आता है कि जब भगवान श्रीकृष्ण बाल्यकाल में गोवर्धन पर्वत की पूजा कर रहे थे, तभी उन्होंने नंद बाबा से आग्रह किया ख्रअब मुझे गायों की सेवा करने की अनुमति दीजिए। और उसी दिन से श्रीकृष्ण ने गायों को चराना आरंभ किया।

यह वही दिन था ख्र कार्तिक शुक्ल अष्टमी, जिसे आज हम गोपाष्टमी के रूप में मनाते हैं।

इस दिन श्रीकृष्ण गोप (ग्वालबाल) बनकर पहली बार गायों को वन में ले गए और उनकी सेवा करने लगे। गोपियों ने भगवान को आशीर्वाद दिया, "जैसे सूर्य अपने तेज से अंधकार दूर करता है, वैसे ही तुम गौ सेवा से संसार का अज्ञान मिटाओगे।इसीलिए इस दिन को गायों की पूजा, सेवा और सम्मान का पर्व कहा गया है।

गोपाष्टमी पर गौमाता की पूजा करने, उनका स्नान कराने, तुलादान करने, हवन करने और गौसेवा करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, और जीवन में शांति, समृद्धि एवं सुख की प्राप्ति होती है।

धार्मिक मान्यता शास्त्र कहते हैं झ "गाव: सर्वे देवा नमस्यन्ति, गोषु वसति लक्ष्मी:, गोषु वसति हरि: स्वयं।"

अर्थात गाय में सभी देवी-देवताओं का वास है, लक्ष्मी और भगवान विष्णु स्वयं गोमाता में निवास करते हैं।

**गोपाष्टमी पर्व का संदेश**

यह पर्व हमें याद दिलाता है कि गौमाता केवल एक पशु नहीं ख्र हमारी संस्कृति, अर्थव्यवस्था और जीवन का आधार हैं। उनकी सेवा करना केवल धार्मिक कार्य नहीं बल्कि मानवता का सबसे बड़ा कर्म है।देहरादून के शिमला बायपास रोड ग्राम हसनपुर में स्थित श्री कृष्ण धाम गौशाला के के अध्यक्ष आशु अरोड़ा और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती द्वारा शाह टाइम्स को जानकारी दी गई की 30 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से गौशाला में गोष्टमी का आयोजन किया जाएगास श्री कृष्ण धाम गौशाला के संयोजक और संरक्षक अरोड़ा दंपत्ति द्वारा जानक. ारी दी गई कि इस दिन गौशाला में हवन पूजन के साथ-साथ तुलादान को परिक्रमा यज्ञ और भंडारा प्रसाद का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में गौ सेवा करने वाले श्रद्धालु गण अपने-अपने परि. जनों और इष्ट मित्रों के साथ वहां पर मौजूद रहेंगे उन्होंने बताया कि इस को अष्टमी का आयोजन विश्व हिंदू परिषद और गौ रक्षा विभाग विकास नगर द्वारा किया जा रहा हैस

# सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर पुलिस ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में एसएसपी द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये थे। सोमवार को रानीपोखरी पुलिस द्वारा थाना परिसर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के समीपवर्ती विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एंव आमजन के साथ जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**■ कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी देकर किया जागरूक**


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबरों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, 112 (आपातकालीन सहायता), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध सहायता केंद्र), 1078 (बाल सहायता हेल्पलाइन), 181 (महिला सशक्तिकरण हेल्पलाइन) के संबंध में भी उपस्थित छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओ के साथ शैक्षणिक संवाद एवं प्रश्न. ोत्तरी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओ द्वारा साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी एवं सोशल मीडिया सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गए तथा उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया, साथ ही कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पुलिस पोर्टलो की अन्य डिजिटल सेवाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

# अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को असंख्य अर्घ्य समर्पित

## गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, छठ व्रतियों के देखने जुटी भारी भीड़

**संतोष कुमार/ शाह टाइम्स**



**हरिद्वार।** धर्मगनगरी में चार दिनी लोक आस्था का महापर्व छठ पूजन को लेकर गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिसमें छठ व्रतियों ने अस्त होते भगवान सूर्यनारायण को अर्घ्य देने के लिए रंग-बिरंगे परिधान व विशेष साज-सज्जा के साथ घाटों पर पहुंची व्रती महिलाओं ने आस्था के महापर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य प्रदान कर मनोकामनाएं पूर्ति का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान छठी मैया के गीतों से वातरण गुंजायमान हो गयाा और हरिद्वार के समस्त घाटों पर उत्सव का नजारा देखने को मिला। छठ व्रतियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घाट पर छठ व्रतियों के आने-जाने के दौरान सड़कों पर भारी जाम लगा रहा। मंगलवार की भोर में व्रतियां उदित सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ महापर्व का समापन करेंगी।

सूर्योपासना एवं लोक आस्था के पर्व छठ पर्व के तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के लिए छठ व्रतियों की भीड़ गंगा घाटों पर जुटी। दोपहर तीन बजे से ही छठ का डाला लेकर श्रद्धालुओं का गंगा घाट पहुंचने क्रम जारी हो गया। छठ व्रतियों के लिए गंगा घाटों को दुल्हन की तरह सजाया गया। पारंपरिक धुनों पर आधारित गीत संगीत से वातावरण गुंजायमान रहा। छठ व्रतियों ने ठंडे जल में खड़े रहकर भगवान सूर्यनारायण के अस्त होने का इंतजार किया। जैसे ही सूर्य नारायण असस्त हुए, व्रतियों ने अर्घ्य प्रदान कर परिवार की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। पूर्वांचल समाज से जुड़ी संस्थाओं की ओर से घाटों पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

पूर्वांचल उत्थान संस्था के सदस्य आचार्य उद्धव मिश्रा ने बताया कि हिंदू धर्म में जहां सिर्फ उगते हुए सूर्य को ही अर्घ्य देने का



विधान है वहीं छठ पूजा के तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की जाती है। इसके पीछे मान्यता है कि डूबते समय सूर्य देव अपनी दूसरी पत्नी प्रत्यूषा के साथ में होते हैं और इस समय इनको अर्घ्य देने से जीवन में चल रही हर प्रकार की बाधायें दूर होती है और मनोकामना पूर्ति होती है।

बताते चलें कि कार्तिक माह में छठ पूजा का पर्व मनाया जाता है, यह पर्व सूर्य देव को समर्पित होता है। इस पर्व को महिलाएं संतान की खुशहाली और लंबी आयु के लिए रखती हैं। पूर्वांचल उत्थान संस्था, पूर्वांचल जन जागृति संस्था, पूर्वांचल महासभा, छठ पूजा आयोजन समिति, पूर्वांचल उत्थान सेवा समिति सहित अन्य पूर्वांचल की संस्थाओं तत्वावधान में छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हरिपुर कलां में गीता कुटीर घाट से लेकर हरकी पैड़ी, प्रेमनगर आश्रम, जटवाड़ा पुल बहादराबाद में गंगनहर पुल के समीप छठ घाट सहित कनखल के राधा रास बिहारी सहित अन्य घाटों की साफ सफाई की व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया है। बैरागी कैंप, गोविंद घाट, प्रेमनगर आश्रम घाट, पुल जटवाड़ा घाट, विश्वकर्मा घाट, पायलट बाबा सहित सभी घाटों पर उत्सव का नजारा देखने को मिला। इस बीच छठ के परंपरागत गीत कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए, सुगवा जे मरबो धनुष से सुगा जईहे मुरझाय आदि से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। हर ओर बस महिलाओं की मधुर आवाज में छठ की परंपरागत गीत गूंज रहे थे। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। इस बीच मन्नत आदि वाले लोग घाटों पर गाजे-बाजे के साथ पहुंचे तो बच्चों ने जमकर आतिशबाजी भी की। महापर्व पर हर ओर अप्रतिम उल्लास व उत्साह दिख रहा था। इसमें बच्चे व युवा तो और भी उत्साहित दिखे। इसमें बांस की दौरी व सुपली आदि में पूजन सामग्री व फलों को लेकर पुरुष व बच्चे आगे-आगे चल रहे थे। इस बीच घाटों पर बच्चों ने जमकर आतिशबाजी भी की।

छठ पूजा का महत्व बताते हुए पं भोगेन्द्र झा ने बताया कि छठ पर्व में सूर्य देव और छठी माता की पूजा की जाती है। सूर्य को जीवनदाता माना जाता है और छठी माता को संतान की देवी इस पर्व के माध्यम से लोग इन देवताओं से अपने परिवार की खुशहाली और संतान की लंबी उम्र की कामना करते हैं। छठ पर्व के दौरान प्रकृति के विभिन्न तत्वों जैसे जल, सूर्य, चंद्रमा आदि की पूजा की जाती है, यह प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का एक तरीका है और हमें प्रकृति के संरक्षण का महत्व सिखाता है। छठ का व्रत बहुत कठिन होता है, व्रतधारी 36 घंटे तक बिना पानी पिए रहते हैं साथ ही छठ पर्व सभी वर्गों और समुदायों के लोगों को एक साथ लाता है. इस पर्व के दौरान लोग मिलकर पूजा करते हैं।

पूर्वांचल उत्थान संस्था के अध्यक्ष सीए आशुतोष पांडेय, महासचिव बीएन राय, रंजीता झा, काली प्रसाद साह, विष्णु देव ठेकेदार, विनोद शाह रामसागर जायसवाल, रामसागर यादव धर्मेंद्र साह नंदलाल शर्मा, पं भोगेन्द्र झा, पंडित विनय मिश्रा, दिलीप कुमार झा, डॉ निरंजन मिश्रा, डॉ नारायण पंडित, कामेश्वर सिंह यादव, रूपलाल यादव वरूण शुक्ला, संतोष पांडेय, धनंजय झा, आचार्य उद्धव मिश्रा, रामरतन, बिरंजन प्रसाद, जीतनाथ, रणजीत, अबधेश झा, अरविंद झा, मंटू झा, देवेन्द्र झा, शुभम झा, सागर झा, शशि भूषण पांडेय, राकेश शर्मा, राकेश राय, मदन झा, सहित अन्य गणमान्य सदस्यों ने परिवार सहित छठ पर्व मनाया।

### पारंपरिक गीतों को गाती रहीं महिलाएं

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी, बिरला घाट, गोविन्दपुरी, प्रेम नगर आश्रम घाट, शिवालिक नगर शिव मंदिर, कनखल के शीतला माता घाट, भेल सेक्टर-4 हनुमान मंदिर, बहादरबाद नंगनहर घाट सहित अनेक घाटों पर शाम को व्रती महिलाओं ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। शाम होते ही लोग अपने सिर पर बांस के दौरों में चढ़ावा लेकर चल दिए। इनके पीछे पारंपरिक गीत गाती हुई महिलाएं जा रही थी। वहीं घाटों के किनारों को दीपों से सजाया गया था तो वेदियां आकर्षण का केंद्र बन रही। बच्चे कहीं-कहीं आतिशबाजी अभी कर रहे थे। वही पूरा माहौल छठ के पारंपरिक गीतों की ध्वनि से गूंज रहा था।



छठ का व्रत करने वाली महिलाओं ने भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर संतान की खुशहाली और लंबी आयु की कामना

# भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह का स्वागत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड प्रवास पर आए भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह का हरिद्वार पहुंचने पर पूर्वांचल बिहार झारखंड के प्रवासियों ने भाजपा नेत्री रंजीता झा व तरूण शुक्ल के संयोजन मे पुष्पगुच्छ, गंगाजली व नारियल भेंट कर स्वागत किया। प्रवासी कल्याण सहयोग समिति देहरादून द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लेने आए पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने हरिद्वार में स्वागत के दौरान बताया कि वे 2 दिन के उत्तराखंड प्रवास पर आए हैं। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात वे 28 अक्तूबर को हरिद्वार एवं ऋषिकेश के प्रमुख संतों से भेंट करेंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे। उन्होंने स्वागत सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। रंजीता झा ने ब्रजभूषण शरण सिंह को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत करते हुए अगले वर्ष छठ पर्व पर हरिद्वार आने के लिए आमंत्रित किया। पूर्व सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के मीडिया



प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि ब्रजभूषण शरण सिंह मंगलवार को हरिद्वार पहुंचकर सन्यास मार्ग स्थित सूरत गिरी बंगले में संतों के सानध्यि में पूजा अर्चना और दक्ष प्रजापति मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इसके उपरांत अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी सहित कई प्रमुख संतों से भेटवार्ता करेंगे। इस दौरान ब्रजभूषण शरण सिंह के निजी सहायक नीलेश व महेश बहुगौड़ा भी मौजूद रहे।

स्वागत करने वालों में भाजपा के प्रदेश सोशल मीडिया सहसंयोजक विकास तिवारी, राकेश मिश्र, गीता कुटीर के प्रबधक शिवदास दूबे, मनसा देवी के पुजारी प्रसुन दूबे, प्रशांत दूबे, अंशुल झा, संदीप शुक्ल, हरिनारायण त्रिपाठी, श्यामा चरण शुक्ल, पवन सिंह, पवन वर्मा, अंकित सिंह, राजेश ठाकुर, अर्चना झा, संगीता बंसल, जितेंद्र शुक्ल, तुषार शुक्ल, सचिन चौधरी शामिल रहे। तरुण शुक्ल ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।

# विभागों में समन्वय की कमी के चलते क्षतिग्रस्त हुए गंगनहर में बनाए जा रहे घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड सिंचाई विभाग ने कुंभ मेला 2027 के लिए गंगा घाटों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। लेकिन विभागों में समन्वय की कमी के चलते निर्माण से पहले ही गंगा घाट क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उत्तराखंड सिंचाई विभाग द्वारा अमरापुर घाट से ऋषिकुल तक गंगनहर में घाटों का निर्माण किया जा रहा है। दशहरे पर गंगा यूपी सिंचाई विभाग द्वारा गंगा बंदी के दौरान घाटों का निर्माण शुरू किया गया था। 20



अक्तूबर की रात गंगा बंदी की अवधि पूरी होने पर यूपी सिंचाई विभाग की ओर से गंगहनर में पानी छोड़ दिया गया। इसके बाद नहर का जलस्तर कम हुआ तो उत्तराखंड सिंचाई विभाग की ओर से बनाए जा रहे गंगा घाटों के कई हिस्से क्षतिग्रस्त नजर आए। घाट बनाने के लिए तैयार किए गए ढांचे में दरारें आने और सरिए दिखाई देने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आईं तो अधिकारियों में हलचल मच गई। जानकारी मिलने पर शनिवार देर शाम मेला अधिकारी सोनिका ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। रविवार को उत्तराखंड सिंचाई विभाग और दूसरे विभागों के अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे।

# भेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ पर अधिकारियों कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर आयोजित 27 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक चलने वाले सतर्कता जागरुकता सप्ताह की शुरूआत करते हुए भेल महाप्रबंधक एवं प्रमुख रंजन कुमार ने मुख्य प्रशासनिक भवन परिसर में कार्यरत कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी इस अवसर पर रंजन कुमार ने कहा कि सतर्कता को मात्र दायित्व के रूप में नहीं, बल्कि एक साझा जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। सभी को अपने दैनिक कार्यों और निर्णयों में,



सदैव सतर्कता के मूल्यों का अनुपालन करना चाहिए। शेष सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागाध्यक्षों के माध्यम से कार्यस्थल पर शपथ ली। कर्मचारियों की अभिप्रेरणा के लिए आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मुख्य सतर्कता आयुक्त के संदेश भी पढ़े गये। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में बीएचईएल हरिद्वार में निबंध, स्लोगन और कविता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने दिए सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को जनपद में तैनात सभी सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश को दिए हैं। जिलाधिकारी द्वारा विगत दिवस जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी में कराई गई छापेमारी के दौरान विभिन्न खामियां सामने आने पर जिलाधिकारी द्वारा नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई।

# यूसीसी रजिस्ट्रेशन कैंपों के माध्यम से करने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी ने यूसीसी की समीक्षा करते हुए सभी नगर निकाय, नगर पंचायत, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, नगर निगम एवं अन्य विभागों को लगातार कैंप के माध्यम से 31 दिसम्बर तक यूसीसी का रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए ।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए है कि सीएम हेल्पलाइन में जो भी शिकायतें दर्ज हो रही हैं। उनका समयबद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा आवेदनकर्ता से भी दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुए शिकायत का निस्तारण तत्परता से किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, सीएमओ डा.आरके सिंह, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, मुख्य वित्त अधिकारी अजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नलिनी ध्यानी, मुख्य क्रीड़ा अधिकारी शैफाली गुरंग, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष भंडारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर (से.नि.) डा.सरिता पंवार सहित जिला स्तरीय सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने दिए जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सोमवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में 84 शिकायतकर्ताओं ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं दर्ज करायी। जिसमें 33 समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में राजपाल निवासी ग्राम मुड़लाना ने ग्राम हरजोली जट स्थित अपनी कृषि भूमि की पैमाईश कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। महेंद्र पुत्र बुधन निवासी ग्राम बेडपुर में हरिजन आबादी की भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को आवंटित किया जाने के संबंध में शिकायत दर्ज करायी। रोहित कुमार ग्राम कोटा मुरादनगर ने ग्राम पंचायत हजारा ग्रंट में हुए सभी विकास कार्य मानकों के विपरीत होने की वजह से क्षतिग्रस्त होने संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। अमित कुमार निवासी रोहलकी ने पुरनपुर एवं रानीपुर झाल पर भूमाफियों द्वारा सरकारी जमीन को कब्जाने को लेकर शिकायत की। डा.हिमांशु द्विवेदी ने शंकर आश्रम के निकट एवं आर्य नगर चौक से रेलवे फाटक की ओर जाने वाले मार्ग पर कई जगह फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। प्रधान मुजम्मिल अली ने ग्राम पंचायत कोटा मुरादनगर मुस्तहकम में चक्ररोड एवं सरकारी नाली खुलवाने को लेकर शिकायती पत्र दिया। सुरेंद्र पुत्र दिलेराम ने ग्राम भोरी गोविंदपुर मार्ग पर सुरेंद्र के खेत, कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की जमीन के पास बंद पड़ी पुलिया खुलवाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। महिपाल सिंह ने ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में ग्राम समाज की भूमि पर भूमाफियों द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। अरविंद कुमार ने ग्राम रोहालकी किशनपुर ब्लॉक बहादराबाद में भूमाफियों द्वारा सरकारी रास्ते पर किए गए कब्जे को लेकर शिकायत की। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में जनता द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई जा रही है। उन समस्याओं को त्वरित एवं समयबद्धता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही एवं स्थिलता नहीं होनी चाहिए, स्थिलता बरती जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# क्रिकेट खेल रहे युवक पर चाकू से हमला

## पांच नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में क्रिकेट खेल रहे युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 5 युवकों को खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। हमले में घायल युवक को उसके साथियों की मदद से अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार पीड़ित ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि शनिवार शाम करीब पांच बजे मायावती ग्राउंड में युवक अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान मौहल्ला कस्साबान और पावधोई के कुछ युवक ग्राउंड में शराब पीते हुए वहां पहुंचे और पिच पर आकर गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर हैदर, अयान, अनस, सलमान और तबरेज नामक युवकों ने एकजुट होकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि एक युवक ने गाड़ी से चाकू निकालकर गले पर वार करने का प्रयास किया, जिससे बचने पर चाकू उसके चेहरे पर लग गया और वह लहूलुहान हो गया। साथ ही अन्य आरोपियों ने युवक के सिर और कमर पर भी हमला किया।बचाव में आए साथी युवक पर भी बैट से वार किए जाने का आरोप है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी रहा है, जिसके चलते उन्हें जान का खतरा है। रानीपुर कोतवाली वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन चौहान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्दी ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# सहारा दीप ट्रस्ट की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र में पहली बार समाजिक कार्यकर्ता सलीम ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए एक ट्रस्ट सहारा दीप ट्रस्ट की शुरुआत की है। ट्रस्ट में भाईचारे के साथ भलाई का पैगाम दिया है। ट्रस्ट में गरीब बच्चों, विधाओ, जंगली जानवरों की देखभाल, पक्षियों को दाना पानी, एम्बुलेंस सुविधाओ का संचार किया जायेगा। समाजिक कार्यकर्ता मौ. सलीम ने बताया कि उन्होंने पथरी में बेसहारा बच्चे, बूढ़े, विधवाओ, पक्षियों के लिये दाना पानी, जंगली जानवरों की देखभाल व एम्बुलेंस जैसी सुविधाओं को जनता तक पहचे के लिये सहारा दिप ट्रस्ट का गठन किया गया है। ट्रस्ट को रजिस्टर्ड कराया गया ताकि ट्रस्ट द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को रिकॉर्ड में दिखाया जा सके। उनका कहना है कि ट्रस्ट के माध्यम से वह गरीब मजलूम लोगों की मदद कर सकते है। ट्रस्ट की सुरुआत हो चुकी है इसमें कोई अपना योगदान देना चाहे तो वह उनसे संपर्क भी कर सकता है।

# निरंजनी अखाड़े में धूमधाम से मनाया भगवान कार्तिकेय जयंती और गुरु छठ पर्व

## भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण करते हैं भगवान कार्तिकेय : राजराजेश्वराश्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** तपोनिधि श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी में अखाडे के आराध्य एवं इष्ट देव भगवान कार्तिकेय की जयंती एवं गुरू छठ पर्व सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों के सानिध्य में श्रद्धा, उल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। संतों व श्रद्धालुओं ने भगवान कार्तिकेय की पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान राज्य में आयी आपदा के दौरान राहत बचाव कार्यों में योगदान करने वाले एसडीआरफ और पुलिस के अधिकारियों और जवानों को सम्मानित भी किया गया।

म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम ने कहा कि अखाड़े के आराध्य परम ज्ञानी और परम साधक भगवान कार्तिकेय भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण करते हैं। शिव पुत्र भगवान कार्तिकेय की आराधना से सुख समृद्धि, यश व कीर्ति की प्राप्ति होती है। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने सभी को कार्तिकेय जयंती और गुरू छठ पूर्व की शुभकामनाएं दी और धर्मानुकुल आचरण करते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के




अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि आदि गुरू शंकराचार्य ने अखाड़ों की स्थापना की और धर्म रक्षा के लिए शास्त्र और शस्त्र दोनों को अपनाने का आहवान किया। स्थापना के बाद से ही अखाड़े धर्म रक्षा के दायित्व को निभा रहे हैं। अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरी ने कहा कि संत महापुरूष सनातन धर्म संस्कृति के ध्वजवाहक और समाज के मार्गदर्शक हैं। आदिगुरू शंकराचार्य द्वारा स्थापित परंपराओं का पालन करते हुए अखाड़ों के नेतृत्व में संत समाज सनातन धर्म संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि धर्म रक्षा में अखाड़ों का हमेशा ही अहम योगदान रहा है। जब-जब राष्ट्र और धर्म पर संकट आया, अखाड़ों ने आगे बढ़कर अपने दायित्व को निभाते हुए राष्ट्र और धर्म की रक्षा की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के साथ अखाड़े विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सेवा में भी सहयोग कर रहे हैं। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत दिनेश गिरी, महंत राजगिरी, महंत केशवपुरी, महंत नरेश गिरी, महंत राकेश गिरी, एसएमजेएन कालेज के प्राचार्य प्रो.सुनील कुमार बत्रा, मनसा देवी मंदिर के ट्रस्टी अनिल शर्मा ने सभी संतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर महंत दर्शन भारती, महामंडलेश्वर स्वामी आदियोगी पुरी, महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी, महंत बलराम भारती, महंत अरूण दास, महंत भूपेंद्र गिरी, स्वामी राममुनि, स्वामी चक्रपाणि, स्वामी गंगा गिरी, स्वामी सहजानंद पुरी, स्वामी विज्ञानानंद, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंददास, महंत सतीश गिरी, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत देवानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, महंत सूरजदास, महंत नारायण दास पटवारी, स्वामी शुभम गिरी, महंत बिहारी शरण, महंत अंकित शरण, स्वामी चिदविलासानंद, महंत संपूर्णानंद, महंत राधेगिरी, महंत गंगादास, स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी, स्वामी रविपुरी, महंत आलोक गिरी, स्वामी आशुतोष पुरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम परी से बदलकर परीनिधी कर दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को परीनिधी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। अजय कुमार पुत्र श्री नोरतू निवासी मौहल्ला कडच्छ, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखंड ।

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी एक संपत्ति से संबंधित एक असल विक्रय पत्र जिसका पंजीकरण 20/9/2018 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय हरिद्वार में हुआ है जिसका बही नं 01, जिल्द नं 4581 पेज नं 181-204 दस्तावेज नं 6191 है। जो स्थित टिहरी विस्थपित क्षेत्र ग्राम रानीपुर तहसील व जिला हरिद्वार है जिसका कुल क्षेत्रफल 63.19 वर्गमीटर और खसरा नं 508/16 है यह असल विक्रय पत्र कहीं खो गया है जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहा है। इस संबंध में 24-10-2025 को पुलिस में गुमशुदगी दर्ज की गयी है। यह असल विक्रय पत्र/संपत्ति/ किसी भी व्यक्ति/ संस्था/बैंक इत्यादि में बंधक नहीं रखी गयी है। कुलदीप पुत्र श्री नवल सिंह निवासी 11 टाइप-3 40 बीएनपीएसी, हरिद्वार व मुदित बौरी पुत्र श्री विनोद कुमार बौरी निवासी 16 निर्मला कैंट रेलवे स्टेशन हरिद्वार।

### सूचना ( संबंध विच्छेद )

मैंने अपने पुत्र अरूण सैनी व रवि सैनी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में अरूण सैनी व रवि सैनी के किसी भी कृत्य व लेने-देने की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। जयपाल सैनी पुत्र श्री रतन सिंह सैनी, निवासी ग्राम धनपुरा, पथरी, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# गड्ढे भरो अभियान को ठेंगा

## हरिपुर कोटी–कुवानु–मिनस सड़क पर टायरिंग डलते ही उखड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सड़क के गड्ढे भरो अभियान को लोक निर्माण विभाग साहिया ने मजाक बना डाला है। विभागीय लापरवाही और भ्रष्टाचार का ताजा मामला हरिपुर कोटी–क्वानू–मिनस मोटर मार्ग सड़क पर सामने आया है, जहां टायरिंग का काम शुरू होते ही डामर उखड़ने लगी।



ग्रामीणों ने इसे सरकार की साख पर सीधा प्रहार बताया है। ग्रामीण नरेंद्र सिंह तोमर, चंदन सिंह तोमर, बीटू तोमर, अजब सिंह तोमर, नरेश तोमर, श्रीचंद तोमर, कपिल सिंह तोमर, कुंवर सिंह तोमर, नारायण सिंह, इंदर सिंह, पूर्व बीडीसी मेंबर खजान सिंह तोमर, कुंदन सिंह तोमर, गंगाराम तोमर, गंभीर तोमर, भगत सिंह तोमर व मदन सिंह तोमर सहित अन्य लोगों ने बताया कि सड़क पर बिना कोलतार के सीधे मिट्टी पर रोड़ी डाली जा रही है। काम की गुणवत्ता इतनी घटिया है कि नई टायरिंग डलते ही सड़क जगह–जगह से उखड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के नजदीकी हिस्सों में, जहां सड़क की मरम्मत सबसे ज्यादा जरूरी थी।

वहां काम अधूरा छोड़ दिया गया। जब ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद कनिष्ठ अभियंता से काम सही करने की मांग की तो उन्होंने ग्रामीणों की बात को अनसुना कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता से भी फोन पर संपर्क किया, लेकिन उन्होंने भी दो टूक जवाब दिया। जो करना है करो, काम इसी तरह होगा। इस बयान ने ग्रामीणों के गुस्से को और भड़का दिया। गांव में लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। ग्रामीणों ने विभाग पर मिलीभगत और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सड़क की मरम्मत गुणवत्ता के साथ नहीं की गई तो वे विभागीय कार्यालय का घेराव करेंगे और आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं इस घटिया निर्माण की जांच करवाएं और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करें।

## 20 नवंबर तक राशन कार्डधारकों की ई–केवाईसी करना अनिवार्य

**रुद्रप्रयाग।** सभी राशन कार्ड धारकों की ई–केवाईसी 20 नवंबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण की जानी है। ऐसा न करने पर राशन कार्ड अस्थाई रूप से निष्क्रिय हो जाएंगे। जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने बताया कि सभी राशन कार्ड धारक अपने सम्बन्धित अथवा नजदीकी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान पर जाकर अपने तथा अपने परिवार के 20 नवम्बर तक सभी सदस्यों का बायोमेट्रिक (फिंगर लगाकर) सत्यापन कर ई–केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय सीमा तक ई–केवाईसी न करने की स्थिति में राशन कार्ड अस्थायी रूप से निष्क्रिय कर दिया जायेगा। इसके साथ ही पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की ई–केवाईसी नहीं की जाएगी, लेकिन जैसे ही वे पांच वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे, तब उनकी ई–केवाईसी की जाएगी।

# नशे के खिलाफ जन आंदोलन

## पूर्व वन मंत्री नवप्रभात ने अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** स्मैक और ड्रग्स के खिलाफ चल रहे जन आंदोलन को पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात ने तहसील परिसर पहुंचकर अधिवक्ताओं से जन समर्थन मांगा और अधिवक्ताओं से मुलाकात कर ड्रग्स के खिलाफ चल रहे आंदोलन के संदर्भ में अधिवक्ताओं से चर्चा कर इस मुहिम को आगे बढ़ाने में सहयोग की अपील की।

नवप्रभात ने कहा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य बनता है कि इस आंदोलन में भागीदारी कर इस नशे को जड़ से खत्म करें जिससे कि युवाओं का भविष्य बचाया जा सके। कहा अगर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो कांग्रेस किसी भी हद तक इस आंदोलन ले जा सकती हैं जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। आंदोलन में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन विकासनगर के अध्यक्ष चौधरी विजयपाल, एडवोकेट अमित वालिया, विजय, सूर्यांश, सुमन लता, गगन पुंडीर, बबीता शर्मा, रणधीर वालिया, जयमल सिंह, आसाराम जोशी, उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा, संजय जैन, जिला पंचायत सदस्य संजय, नगर पालि. का विकासनगर के अध्यक्ष धीरज नौटियाल, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, नीरज रोहिल्ला, पूर्व सभासद पम्मी देवी, शम्मी प्रकाश, भास्कर चुग, जिला महामंत्री राजीव शर्मा, धीरेंद्र पटियाल, सरदार बलजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, राकेश नेगी, संदीप भटनागर, महबूब आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।




# ज़िला ओपन शतरंज में चमका सेपियंस स्कूल का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** एटलैंटिस क्लब, देहरादून में आयोजित ज़िला ओपन शतरंज प्रतियोगिता (अंडर–13 वर्ग) में सेपियंस स्कूल, हरबर्टपुर के कक्षा 9 के होनहार विद्यार्थी रुद्र प्रताप सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि रुद्रप्रताप की सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। प्रधानाचार्या गीता नेगी ने कहा हमारे विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियां यह सिद्ध करती हैं कि समर्पण और नियमित अभ्यास ही सफलता की असली कुंजी है।



# मेहरावना के जंगल में बेशकीमती पेड़ों की कटाई

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आया वन विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** एक ओर वन विभाग वनों की सुरक्षा और अवैध कटान पर रोक लगाने के बड़े–बड़े दावे करता है, वहीं दूसरी ओर वन तस्कर लगातार हरे–भरे जंगलों को उजाड़ने में लगे हैं। ऐसा ही एक मामला चकराता ब्लॉक के मेहरा. वना गांव में सामने आया है, जहां देवदार, बान और कैल जैसे बेशक. ीमती पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें पेड़ों को मशीन से काटे जाने की आवाजें और कटे हुए ठूंठ व लकड़ी के स्लीपर स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। वीडियो बनाने वाले युवक ने स्वयं को स्थानीय निवासी संजय दत्त जोशी बताया है। उनका आरोप है कि गांव के ही एक परिवार के तीन सदस्य लंबे समय से लकड़ी की अवैध तस्करी में लिप्त हैं और हाल ही में उन्होंने मेहरावना के समीप सिलियान थात के जंगलों में कई पेड़ों को काटा है। जोशी ने कहा कि देवदार, बान और कैल जैसे प्रतिबंधित पेड़ों को लगातार काटा जा रहा है, लेकिन वन विभाग मौन बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से सख्त जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि जंगलों के निरंतर हो रहे दोहन पर रोक लग सके। इस संबंध में संपर्क करने पर वन क्षेत्रीय अधिकारी, रीवर रेंज डाकपत्थर विजय नेगी ने बताया कि, हमें शिकायत और कुछ वीडियो प्राप्त हुए हैं। टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि अवैध कटान किस स्तर तक हुआ है।



## एक नजर .......

### विधायक ने मार्ग निर्माण का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** नगर पंचायत सेलाकुई के वार्ड नंबर 1 मधु विहार, हरिपुर में क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर द्वारा मार्ग निर्माण कार्य का विधिवत पूजार्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हजनता की सुविधा और क्षेत्र का समग्र विकास ही मेरी प्राथमिकता है। हर वह कार्य जो आमजन के जीवन में सुधार लाएगा, उसे पूरा करने के लिए मैं निरंतर प्रयासरत रहूंगा। मार्ग निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर अनिल नौटियाल, यशपाल कैंतुरा, विनोद (सिद्धू) सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### अवैध पातन पर ग्रामीणों की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के ग्राम मयरावना में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई (पातन) किए जाने का मामला सामने आने पर ग्राम निवासी श्यामदत्त जोशी ने इस संबंध में उपवन संरक्षक, वन प्रभाग चकराता को लिखित शिकायत भेजी है। शिकायत में जोशी ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी बेचने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कटे हुए पेड़ों और उनसे बनाई गई कड़ियों के फोटोग्राफ और वीडियो साक्ष्य भी तैयार किए हैं, जिन्हें उन्होंने डीएफओ, रेंजर तथा अन्य वन विभाग अधिकारियों को उपलब्ध कराया है। जोशी ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने गांव में हो रही अवैध पेड़ों की कटाई की शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब यह गतिविधि दोबारा शुरू हो गई है। उन्होंने उपवन संरक्षक से मांग की है कि इस मामले में तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के हरे–भरे जंगलों को विनाश से बचाया जा सके। दूरभाष पर रेंज अधिक. ारी विजय नेगी ने बताया अवैध पातन से प्राप्त 12 देवदार के स्लीपरों कब्जे में लें लिया गया। मामले की जाँच की जा रही दोषियों के खिलाफ वन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

### तेंदुए ने कई पशुओं को बनाया निवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** सहिया क्षेत्र में तेंदुए के बढ़ते आंतक से क्षेत्रीय पशुपालकों में दहशत बनी हुई है। बता दें कि तेंदुए ने एक माह में उदपाल्टा निवासी इन्दरू की ही एक खच्छर, दो बकरियां को शिकार बनाया है। जबकि पिछले एक माह में 5 बकरियां, 4 पालतू कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है। इस संबंध क्षेत्रवासियों अमर सिंह चौहान, बारू सिंह, अमर सिंह तोमर, सुनील शर्मा, कांतिराम, नारायण सिंह, ग्यारू दत्त, अमित शर्मा आदि ने प्रमुख वन संरक्षक को भी पत्र के माध्यम से सूचना दी है जिसमें उन्होंने कहा कि क्षेत्र में तेंदुआ दिन दहाड़े पालतू जानवरों को मार रहा है जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। कहा कि उदपाल्टा क्षेत्र में 2 तेंदुए अब तक कई पालतू पशुओं को मार चुके है। तेंदुए से पालतू पशुओं के साथ स्वयं को बचाना भी मुश्किल हो चुका है। क्षेत्रवासियों ने प्रमुख वन संरक्षक से पत्र के माध्यम से अपील कर कहा कि दोनों तेंदुओं को पकड़कर आरक्षित वन में छोड़ दिया जाय।

# केदारनाथ यात्रा से महिला समूह बने आत्मनिर्भर

## समूहों ने किया 13 लाख का करोबार, वोकल फॉर लोकल को मिला बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि यह यात्रा स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका का भी प्रमुख साधन बन चुकी है।



लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष दर्शन के लिए आने के साथ ही स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ाते हैं, जिससे स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के अनेक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इस वर्ष यात्राकाल के दौरान जनपद की महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से आजीविका के नए आयाम स्थापित किए। केदारनाथ यात्रा क्षेत्र में संचालित गंगा दुग्ध उत्पादक स्वयं सहायता समूह, चंडिका समूह, जय नागराजा समूह, मठियाणा समूह, बिनसर स्वयं सहायता समूह एवं गंगेया स्वयं सहायता समूह की लगभग 50 से अधिक महिलाओं ने मिलकर 13 लाख रुपये तक का व्यवसाय किया। महिलाओं ने मुख्य रूप से चौलाई लड्डू, धूपबत्ती एवं बेलपत्री उत्पादों का निर्माण और विक्रय किया। साथ ही आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए ऑनलाइन माध्यम से भी लगभग तीन लाख रुपये का प्रसाद विक्रय किया। यह पहल वोकल फॉर लोकल अभियान को सशक्त करने के साथ ही महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित हुई है। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से महिला समूहों को आजीविका से जोड़ने के लिए निरंतर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी केदारनाथ यात्रा सत्र में और अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सके।

## चकराता–मसूरी मार्ग पर रोडवेज मिनी बस सेवा शुरू करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** देहरादून–मसूरी की तर्ज पर अब चकराता–मसूरी मार्ग पर भी रोडवेज की फोर्स टेंपो ट्रैवलर या मिनी बस सेवा शुरू करने की मांग जोर पकड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों ने इस संबंध में परिवहन निगम के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि चकराता और मसूरी दोनों ही प्रमुख पर्यटन स्थल हैं, लेकिन आश्चर्य की बात है कि इन दोनों स्थानों के बीच कोई सीधी परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में यदि किसी पर्यटक को चकराता से मसूरी जाना हो तो उसे या तो निजी वाहन बुक करना पड़ता है या फिर देहरादून होकर लगभग 100 किलोमीटर की अतिरिद्र दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि दोनों के बीच सीधी दूरी मात्र 77 किलोमीटर है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि जिस प्रकार परिवहन निगम ने देहरादून से मसूरी के बीच टेंपो ट्रैवलर मिनी बसें चलाई हैं, उसी तरह चकराता–मसूरी मार्ग पर भी यह सुविधा शुरू की जानी चाहिए। इससे जहां पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, वहीं पर्यटन व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर मिनी बस सेवा शुरू होने से लागापोखरी, पुरोड़ी, मागटी, बैराटखाई, नागथात, लखवाड़, लक्सियार, जमुनापुल सहित रवाई–जौनपुर क्षेत्र के लोगों को भी लाभ होगा। उन्होंने मांग की है कि परिवहन निगम जल्द से जल्द इस रूट पर बस सेवा शुरू करे। ज्ञापन भेजने वालों में पीयूष जोशी, देवेंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर चौहान, पंकज जैन, सुनील राणा, गंभीर चौहान, इंदर सिंह, जयवीर सिंह, सुनील जोशी, यु)वीर सिंह, पीयूष जोशी और शूरवीर सिंह, मातवर सिंह आदि शामिल रहे।

# जनता का आशीर्वाद मिला तो यमुनोत्री को सर्वश्रेष्ठ बनाऊंगा: चौहान

## प्रदेश बीजेपी मीडिया प्रभारी मनवीर ने किया आगामी विधानसभा चुनाव आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आगामी विस चुनाव को लेकर यमुनोत्री विधानसभा में चुनाव सरगर्मी तेज हो गई है। सोमवार को प्रदेश बीजेपी मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पार्टी पदाधिकारियों के अगुवाई में जमदग्नि आश्रम थान और मां रेणुका सरनौल से आशीर्वाद लेकर लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज करवा दिया है। इस दौरान मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने सरनौल में मां रेणुका मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरूताल , सुतूडी बुग्याल से इस क्षेत्र में पर्यटन उद्योग को नये पंख लगें। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल मेरे साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात किया था। हाय सब के निवेदन पर सरकार ने गत वर्ष सरूताल, सूतूडी बुग्याल को ट्रैक ऑफ द ईयर घोषित किया था। परिणाम स्वरूप सरूताल के विकास के लिए करीब 74 लाख की धनराशि स्वीकृत हुए जिसमें निविदाएं भी आमंत्रित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष विधानसभा के चुनाव है यदि जनता मुझे अपना आशीर्वाद देती है तो निश्चित तौर पर यमुनोत्री विधानसभा को देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा के रूप में बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि यमुनोत्री विधानसभा सभा में भाजपा सरकार द्वारा विकास के दर्जनों कार्य किया है। उन्होंने कहा मेरे द्वारा अभी तक सरनौल सड़क का मामला हो चाहिए शिक्षा के क्षेत्र में हाईस्कूल का उच्चीरण का मामला हो हर संभव बिना पद में रहते प्रयास कर किया है। उन्होंने कहा यदि जनता का आशीर्वाद प्राप्त होता है तो निश्चित तौर पर इम्यूनिटी विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी। इससे पूर्व श्री चौहान ने गंगटाडी में राजा रघुनाथ मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनका ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया है। वहीं सरनौल गांव में ढोल बाजे के साथ ग्रामीणों ने फूल मालाओं से गर्म जोश के साथ स्वागत किया। इस दौरान ग्राम प्रधान बलेंद सिंह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य आचार्य मनोज सेमवाल, ज्योतिष आचार्य शक्ति प्रसाद सेमवाल , बलवीर सिंह राणा, जयेंद्र सिंह राणा आदि ने मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान समेत भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया है। भाजपा महा मंत्री परशुराम जगूड़ी, मंडल अध्यक्ष कालिंदी प्रवीण असवाल , जय प्रकाश, अतोल रावत, भरत सिंह रावत, जशोदा राणा, कृष्णा राणा, चिन्यालीसौड़ नगर मंडल अध्यक्ष मनीष कुकरेती, डा. विजय बडोनी, समेत पार्टी पदाधिक. ारी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे है। मंच का संचालन जय प्रकाश रावत एवं तरवीण राणा किया है।



# किसानों को सता रहा भालू डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाड़ी/उत्तरकाशी।** विकास खण्ड भटवाड़ी के टकनौर घाटी में जंगली जानवरों का आंतक बना है। क्षेत्र के ग्रामीणों पर कृषि कार्य करते गये दोनों भालू जानलेवा हमले करते रहते हैं। वहीं काश्तक. ारों की फसलों को भी भालू नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभाग के वन दरोगा गौरव कुमार के नेतृत्व में सोमवार वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में गस्त बढ़ाकर लोगों वन जीवों से बचने के लिए जागरूक किया हैं। क्षेत्र में वन बीट अधिकारी , अत्तर सिंह गुसाई, गौतम सिंह नेगी वन बीट अधिक. ारी, शूरवीर सिंह आदि ने टकनौर रेंज भटवाड़ी के सभी कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कि यदि कहीं पर भालू दिखता है तो वहां से दूर चले जाएं और आसपास के लोगों को कठा करें जिससे भालू हमला न कर सकें और हमें सूचना करें वन विभाग की टीम को करें । उन्होंने ग्रामीणों से अपील है कि खेती कार्य के लिए अकेले न जाएं। बता दें कि टकनौर क्षेत्र के लोगों का मुख्य व्यवसाय बागवानी और खेती के लिए मशहूर है। हर्षिल वैली के सेब देश भर की मंडियों में अपनी अलग पहचान रखतें हैं। वहीं निचले क्षेत्र में आलू, गेहूं, सोयाबीन, चौओलाई, राजमा जैसी फसलें खूब उगाई जाती है। लेकिन इस बार किसानों का कहना है की जहां आलू औने–पौने दाम में बिका वहीं अब सोयाबीन और राजमा पर भी भालू का बसेरा है। रैथल गांव के कास्तकार देवेन्द्र पंवार के द्वारा बताया कि भालू के द्वारा जहां मेरे स्वयंम के पांच, छः खेत सोयाबीन नष्ट किए गए है वहीं अन्य ग्रामीणों का भी नुकसान हुआ है और अब तो भालू का भय इतना है कि लोग अपने खेतों में जाने से भी डर रहें हैं। वहीं पूर्व ग्राम प्रधान मनोज राणा ने बताया कि वन विभाग के उच्च अधिकारियों से भी इस सम्बन्ध में बात करतें हैं। ताकि खेती–बाड़ी के समय लोगों को सुरक्षा प्रदान हो और वन विभाग इस क्षेत्र में गस्त करता रहें क्योंकि हमारे सीमांत क्षेत्र के लोग अधिकतर खेती पर निर्भर है और सरकार को किसानों के लिए विशेष निति तैयार करनी चाहिए जिससे किसानों का मनोबल कमजोर न पड़े और वह अपनी खेती से मायूस होकर पलायन करने को मजबूर न हो।

# भाजपा अनुशासन और सेवा भावना पर आधारित: विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** दिव्य कुंज गर्ल्स हॉस्टल अटकफार्म में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी के प्रवास के अवसर पर कार्यकर्ता संवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहसपुर विधायक विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने प्रतिभाग करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना पर आधारित है। कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं, जिनके अथक परिश्रम से पार्टी जन–जन के बीच अपने विचार, योजनाएँ और संकल्प पहुंचाने में सफल हो रही है। विधायक पुंडीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है। केंद्र सरकार द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पार्टी की विभिन्न योजनाओं, सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क अभियानों को लेकर दिशा–निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष मीता सिंह, मातबर सिंह बिष्ट, यशपाल नेगी, सुखदेव फर्स्वाण, अनिल नौटियाल, रवि कश्यप, दर्शन सिंह रावत, सिद्धार्थ चौधरी, दयानंद जोशी, प्रमोद सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड के पास अपार संभावनाएं: गुरमीत सिंह

## राज्यपाल ने कृषि–पारिस्थितिकी–पर्यटन पर चिंतन शिविर का शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड में कृषि–पारिस्थितिकी–पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय चिंतन शिविर का उद्घाटन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने वीरचंद्र सिंह गढ़वाली विश्व. विद्यालय, भरसार में किया। उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की और इसे सतत विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक विविधता, जैविक खेती और पारंपरिक पर्वतीय कृषि प्रणाली कृषि–पर्यटन के आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है। उन्होंने इस पहल को किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।



उन्होंने आगे कहा भारत की अर्थव्यवस्था की जड़ें कृषि में निहित हैं और जब कृषि, पर्यावरण और पर्यटन का समन्वय होता है, तब एग्री–इको–टूरिज्म का वास्तविक सार सामने आता है। राज्यपाल ने कृषि–पर्यटन को आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम बताते हुए कहा कि यह मॉडल किसानों को नई संभावनाएं देगा। राज्यपाल ने विश्व. विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय इको–टूरिज्म और कौशल विकास के लिए नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय और पूसा के डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की एग्री–टूरिज्म पहल की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने भरसार, गैरसैंण, पौड़ी, प्रतापनगर और मैलचौरी महाविद्यालय के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए इसे राज्य के सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में विधायक किशोर उपाध्याय, विक्रम नेगी, जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 29 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगा ‘ट्रैवल का मुहूर्त’ का पहला संस्करण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने आज ‘ट्रैवल का मुहूर्त’ नामक एक नया कैलेंडर मोमेंट लॉन्च करने की घोषणा की। यह पहल भारत में साल के अंत की यात्रा योजनाओं की शुरुआत को चिह्नित करती है। इस प्रॉपर्टी में यात्रा के सभी पहलू शामिल फ्लाइट्स, स्टे, हॉलिडे पैकेज, ग्राउंड ट्रांसपोर्ट, टूर्स और अट्रैक्शन्स, साथ ही वीज़ा, फॉरेक्स और ट्रैवल इंश्योरेंस जैसी ज़रूरी सेवाएँ भी शामिल हैं। इसका उद्देश्य भारत और विदेशों के प्रमुख एयरलाइंस, हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स और बैंकिंग पार्टनर्स को एक मंच पर लाकर यात्रियों को सर्वोत्तम अनुभव और असाधारण वैल्यू प्रदान करना है। ‘ट्रैवल का मुहूर्त’ का पहला संस्करण 29 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक चलेगा। इस अवधि में एमएमटी ब्लैक मेंबर्स को एक्सक्लूसिव अर्ली एक्सेस मिलेगा, जबकि हर शुक्रवार ब्लैक फ्राइडे डील्स और प्रतिदिन शाम 6 बजे से 9 बजे तक उपलब्ध लाइटनिंग ड्रॉप्स जैसी सीमित इन्वेंटरी ऑफर पेश की जाएंगी। ‘ट्रैवल का मुहूर्त’ की शुरुआत का समय भारतीय यात्रियों के ट्रैवल प्लानिंग पैटर्न से मिली जानकारियों पर आधारित है।

# गृह विभाग ने किए 16 आईपीएस एवं 8 पीपीएस अफसरों को तबादले

## एडीजी अभिनव कुमार कुमार अभिसूचना एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी

**● चार जिलों के कप्तान बदले गए, कई अधिकारी हुए इधर से उधर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शासन ने एक बार फिर आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार को महानिदेशक कारागार से अपर पुलिस महानिदेशक अभिसूचना एवं सुरक्षा का जिम्मा सौंपा है। अपर सचिव अपूर्वा पांडे की ओर से जारी की गई सूची में अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के पद से डॉ. पी.वी.के प्रसाद को निदेशक अभियोजन,अभिनव कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक कारागार से अपर पुलिस महानिदेशक अभिसूचना एवं सूरक्षा, अमित कुमार सिन्हा को निदेशक विधि विज्ञान प्रसोगशाला एव विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण से निदेशक विधि विज्ञान, ए.पी.अंशुमन को अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन अधिसूचना से निदेशक अभियोजन, विम्मी सचदेवा को पुलिस महानिरीक्षक मुख्ययालय मानवाधिकार आयोग से पुलिस महानिरीक्षक मानवाधिकार,नीलेश आनंद भरण को महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था से निदेशक विधि विज्ञान प्रयोगशाला और साइबर, अनंत शंकर ताकवाले को महानिरीक्षक प्रशिक्षण से महानिरीक्षक मानवाधिकार आयोग, सुनील कुमार मीणा को महानिरीक्षक सीसीटीएनएस से आईजी एलओ, प्रहलाद नारायाण मीणा को एसएसपी नैनीताल से पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, यशवंत सिंह को एसएसपी सीआईडी से सेनानायक 31 वी वाहिनी पीएसी, मंजूनाथ टीसी को एसपी अभिसूचना मुख्यालय से एसएसपी नैनीताल, लोकेश्वर सिंह एसएसपी पौडभ् से एसपी मुख्यालय, कमलेश उपाध्याय को एसपी मुख्यालय से एसपी उत्तरकाशी, सरिता डोभाल को एसपी उत्तरकाशी से एसपी अभिसूचना मुख्यालय और सुरजीत सिंह पंवार को एसपी एटीसी से एसपी चमोली बनाकर भेजा गया है।

# कार्मिकों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय रानीखेत में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। हानिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इस वर्ष की थीम सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी है। मौके पर उन्होंने सभी कार्मिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहभागी सतर्कता पहलों में से एक है। प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है ताकि नागरिकों में सजगता, सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने सभी कार्मिकों को पारदर्शी, निष्ठापूर्वक एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति अपनाने के प्रेरणा दी।

# जोशी ने देर रात्रि गलोगी में निर्माणाधीन ट्रीटमेंट कार्य का किया निरीक्षण

**● सड़क निर्माण, जल निकासी व्यवस्था एवं सुरक्षा दीवारों से संबंधित कार्यों की ली जानकारी**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी से लौटते समय उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देर रात्रि देहरादूनख्रमसूरी मोटर मार्ग स्थित गलोगी क्षेत्र में चल रहे निर्माणाधीन ट्रीटमेंट कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने सड़क निर्माण, जल निकासी व्यवस्था एवं सुरक्षा दीवारों से संबंधित कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समयावधि में पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय नागरिकों ने मंत्री जोशी को अवगत कराया कि सड़क किनारे मिट्टी के ढेर लगे होने से मसूरीख्रदेहरादून मार्ग पर यात्रियों और पर्यटकों को परेशानी हो रही है। इस पर मंत्री जोशी ने मौके पर ही अधिकारियों को तत्काल मिट्टी हटवाने और सड़क को पूर्ण रूप से खोलने के निर्देश दिए।

मंत्री जोशी ने कहा कि मसूरी मार्ग राज्य का एक प्रमुख पर्यटन एवं संपर्क मार्ग है, जहां सुगम और सुरक्षित यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर तेजी से कार्य कर रही है, जिससे पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बरसात के मौसम में ढाल स्थिरीकरण और जल निकासी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के भूस्खलन या यातायात अवरोध की स्थिति उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान मसूरी नगरपालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नागताथ में होप टाउन गर्ल्स स्कूल देहरादून ने किया रंग-रोगन एवं चित्रकारी कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** स्व. नेता केदार सिंह सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में होप टाउन गर्ल्स स्कूल, देहरादून द्वारा 25 से 29 अक्टूबर तक विद्यालय भवन में रंग-रोगन एवं चित्रकारी का कार्य नि:शुल्क रूप से किया गया। होप टाउन गर्ल्स स्कूल द्वारा हर वर्ष विद्यालय में कुछ न कुछ नवीन कार्य किया जाता रहा है। इस वर्ष विद्यालय के दो कमरों की मरम्मत के साथ-साथ पूरे विद्यालय में रंगाई-पुताई एवं आकर्षक चित्रकारी का कार्य किया गया। विद्यालय प्रशासन ने आ्वासन दिया है कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार विद्यालय के विकास कार्यों में सहयोग करते रहेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य केशर सिंह चौहान ने होप टाउन गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या सुप्रिया श्रीवास्तव का हृदय से आभार व्यद्र किया। साथ ही उन्होंने द लर्निंग रूट्स कंपनी के अध्यक्ष विशाल राणा, अमन एवं राहुल चौहान का भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके माध्यम से इस सेवा कार्य का आयोजन संभव हो सका। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा पूजा नेगी, व्यवस्थापक यशपाल तोमर, कोषाध्यक्ष संदीप राज चौहान, आचार्या बनिता तोमर, रिंकल, विक्रम तोमर, दिनेश तोमर, कविता, ख्रष्णा देवी, हरीमन, मीरा टामटा, रमेश टामा, उर्मिला तोमर, प्रतिमा तोमर, मीना चौहान सहित अनेक गणमान्य व्यद्रि उपस्थित रहें।

## उत्तरकाशी: राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुभारंभ

**उत्तरकाशी।** जिला पंचायत उत्तरकाशी के नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम शुरु हो गया है। इसमे पंचायतीराज अधिनियम संशोधन, आपदा प्रबन्धन, डीपीडीपी को लेकर जानकारी दी जाएगी। सोमवार को जिला पंचायत उत्तरकाशी सभागार में ई-स्वराज के तहत पंचायतीराज निदेशालय की पहल पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ जिल पंचायत अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करना महत्वपूर्ण है जिला पंचायत के समस्त सदस्यों से प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेते हुए इसके समस्त सत्रें में प्रतिभाग का आह्यान किया। प्रशिक्षण कोर्स प्रताप सिंह मघ्ठा पर्यावरण विशेषयज्ञ ने जिला पंचायत सदस्यों की सक्रिय भागीवरी, विकेंद्रीकरण, महिला सशद्रीकरण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस मौके पर वित्तीय परामर्शदाता, अभियन्ता, प्रशासनिक अधिकारी, सदस्य बीना, प्रिंयका, वृ) सिंह, मदन सिंह, शोभा, विजय प्रकाश, सरिता, मदन बिजल्वाण, रेखा, पवन, अनुपराज, रवीना, दीपेन्द्र कोहली, सरोजबाला, ज्योति, कुलदीप, सरस्वती नाय, हीरालाल, भरत सिंह बिष्ट, कविता, अनिता, आदि मैजूद थे।

## पाइप लाइन को हटाए जाने की मांग

**बागेश्वर।** पूर्व सैनिक ने खेतों से सिंचाई विभाग द्वारा बिना अनुमति बिछाई गई पाइप लाइन को हटाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वे अपने खेत में पाइप लाइन होने के कारण घर का निर्माण एवं खेती नहीं कर पा रहे हैं।

जबकि वे कई बार विभाग के चक्कर लगाकर थक चुके हैं। सोमवार को जनता दरबार में पहुंचे पूर्व सैनिक मोहन सिंह कपकोटी ने कहा कि उनके खेतों के बीचों बीच सिंचाई विभाग खंड कपकोट द्वारा गैरखेत के पिलूटा तोक में वर्ष 2024 में केसीपीएल प्रोजेक्ट के तहत सिंचाई पंपिंग योजना बनाई। इस बीच विभाग ने बिना उनकी अनुमति के उनके खेतों के बीचों बीच पाइप लाइन बिछा दी। जबकि उस समय वे देश सेवा में ऑन ड्यूटी थे। उन्हें विभाग के मंसूबों के पता नहीं चल पाया। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र देते हुए कहा कि वे अपने खेतों में घर एवं अन्य कृषि कार्य करना चाहते है। लेकिन पाइप लाइन की कारण कोई भी कार्य नहीं कर पा रहे हैं। जबकि विभागीय अधिकारी बार बार गुनाह कर रहे हैं। पूर्व सैनिक ने शीघ्र खेतों के बीच से पाइप लाइन हटाने की मांग की है।

# छठ पूजा हमारी एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक: जोशी

**● मसूरी में आयोजित छठ महापर्व के कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी/ देहरादून।** भाजपा मसूरी मंडल के तत्वावधान में एवं बिहारी महासभा के सहयोग से छठ पूजा का पर्व रविवार को पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छठ पर्व के अवसर पर महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में ठंडे पानी में खड़े होकर मां छठ की पूजा-अर्चना की एवं डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। अर्घ्य के पश्चात रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई और बिहारी लोकगीतों पर लोगों ने झूमकर नृत्य किया। मुख्य अतिथि मंत्री गणेश जोशी ने बिहारी महासभा एवं स्थानीय नागरिकों को छठ पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि "हमारे तीज-त्योहार एवं मेले हमारी समृद्ध संस्कृति के संवाहक हैं।

देश के निर्माण में बिहारी समाज का योगदान अतुलनीय है। छठ पूजा हमारी एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।" । उन्होंने मां छठ से सबकी सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी ने भी सभी श्रद्धालुओं को छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके नेतृत्व में विगत दो वर्षों से यह भव्य आयोजन निरंतर किया जा रहा है। बिहारी महासभा के अध्यक्ष राजकिशोर ने बताया कि मसूरी में लगातार दूसरे वर्ष छठ महापर्व का आयोजन किया गया है, जिसमें डूबते और उगते सूर्य दोनों को अर्घ्य दिया जाता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि यह पर्व स्वच्छता, श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर राजकिशोर, प्रमोद, पंकज, सरदारी, कमल, संतोष, रामकिशोर, शंभू, अरुण, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल, विधायक स्वास्थ्य प्रतिनिधि रमेश खंडूरी सहित बड़ी संख्या में बिहारी समाज के लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## डीएम ने जनता दरबार लगाया

**बागेश्वर।** कलेक्ट्रेट में सोमवार को डीएम आकांक्षा कोंडे ने जनता दरबार आयोजित किया। उन्होंने अधिकारियों को जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के लिए भेजा गया। डीएम ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों, यूसीसी पंजीकरण, और मीडिया में नकारात्मक खबरों पर सुधार की दिशा में भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बहेड़ी के मदन मोहन जोशी की आरटीआई जांच, सैमतोली ग्राम प्रधान की सड़क निर्माण और जल संस्थान की पाइपलाइन हटाने की मांगों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अन्य शिकायतों में सड़क निर्माण, भू-अधिग्रहण, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलापूर्ति, रोजगार, और बिजली संबंधित मुद्दों पर भी गंभीर विचार किया गया।

# कांग्रेस ने देवरामपुर के ग्रामीणों की गिरफ्तारी का किया विरोध जांच की उठाई मांग

**कोटद्वार ।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने देवरामपुर तल्ला मोटाढांक कोटद्वार में हुए विवाद में शामिल असामाजिक तत्वों के विरु) पुलिस कार्यवाही के बजाय बेकशूर एवं निर्दोष महिला पुरुषों पर मुकदमे दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही का विरोध एवं निर्दोष लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने को लेकर जिलाधिकारी पौड़ी को उपजिलाधिकारी कोटद्वार के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि दीपावली त्यौहार के बीच दिनांक 19, 21 एवं 22 अक्टूबर देवरामपुर तल्ला मोटाढांक अनुसूचित जाति के परिवारों के मोहल्ले में आकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बाहर से आकर जातिसूचक, गालीगलोज और पटाखे बस्ती की तरु छोडने से उत्पन्न विवाद की सूचना पुलिस को ोन पर दी गई तो पुलिस के द्वारा असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही के बजाय निर्दोष, बेकशूर महिला व पुरुषों पर एक-पक्षीय कार्यवाही करते हुए मुकदमे दर्ज कर पौड़ी जेल भेज दिया गया है और कई लोगों की धर पकड़ जारी है ।

ज्ञापन में मांग की गई है कि घटना क्रम की न्यायिक जांच करते हुए विवाद के लिए असली जिम्मेदार ताकतों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए निर्दोष, बेकशूर गरीब महिला पुरुषों को रिहा कर उन पर दर्द मुकदमे वापस लेते हुए न्याय प्रदान किया जाय, अन्यथा कांग्रेसी प्रभावित जनता के साथ मिलकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे ।प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रंजना रावत, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बलबीर रावत, बीरेंद्र सिंह रावत, प्रेम सिंह पयाल, नरेंद्र सिंह नेगी, गोपाल सिंह गुसाईं, दलीप सिंह रावत, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, मो.स्वाले, राजा आर्य प्रदेश महामंत्री, गोकुल सिंह नेगी, कृपाल सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, कुलवंत पुंडीर, महावीर सिंह नेगी, जावेद हुसैन, विजय नेगी, आशा राम आदि सम्मिलित थे।

# उत्तराखंड की रजत जयंती पर होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, प्रतिभागी चयनित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में सोमवार को उत्तराखंड की रजत जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में वीडियो मेकिंग, क्विज, डिबेट तथा एकल गायन, एकल नृत्य तथा समूह नृत्य, स्केचिंग, क्राफ्ट, फूड प्रोडक्ट पर प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस मौके पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सभी प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया तथा सभी विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत सिंह के निर्देशों पर रजत जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन तथा काफी टेबल बुक बनाई जा रही है तथा उच्च शिक्षा के इतिहास पर भी प्रदर्शनी आयोजित होगी। इसके लिए प्रो. वीना पांडे, प्रो. रितेश साह तथा प्रो. ललित तिवारी को सह संयोजक बनाया गया है। इसी क्रम में सोमवार को कुमाऊं विश्वविधालय नैनीताल के प्रतिभागी जो राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे उनका चयन किया गया। प्रतियोगिता के तहत डिबेट में अर्णव त्रिपाठी, नकुल साह देव जबकि क्विज में नंदिनी जोशी, वंशिका आर्य तथा नकुल साह देव, वीडियो मेकिंग में सौरभ यादव जबकि एकल नृत्य में भावेश विश्वकर्मा, समूह नृत्य में एनसीसी ग्रुप तथा क्राफ्ट में प्रिंसी वर्मा, स्केचिंग में सहज गिल जबकि मिलेट रेसिपी में आद्या तथा रिया व निकिता व कंचन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागी अब राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समन्वयक प्रोफेसर ललित तिवारी ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रो. सुषमा टमटा, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. छवि, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, डा. पूनम बिष्ट, डा. दीपिका पंत, डा. प्रभा पंत समेत डा. हिमानी कार्की, डा. किरण तिवारी, डा. नवीन पांडे, डा. अशोक कुमार, डा. रवि जोशी, डा. अलंकार, डा. संध्या तथा डा. डी एस बिष्ट आदि ने सहयोग किया। दूसरी ओर अब 29 अक्टूबर बुधवार को डीएसबी परिसर नैनीताल में कुमाऊं विश्वविधालय से संबद्ध महाविद्यालयों की प्रतिभागियों का चयन होगा।

## मोबाइल नेटवर्क सुधार पर चर्चा

**बागेश्वर।** जिला कार्यालय सभागार में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक डीएम आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क और संचार व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। बीएसएनएल के डिविजनल इंजीनियर आशीष निगम ने बताया कि जिले में 48 टावरों में से 46 सुचारू रूप से कार्यरत हैं, जबकि 2 टावरों में समस्या है। उन्होंने नेटवर्क और शैडो एरिया की जानकारी भी दी। डीएम ने बीएसएनएल, एयरटेल और जियो नेटवर्क के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने नेटवर्क कवरेज क्षेत्र की रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मोबाइल नेटवर्क आपातकालीन सेवाओं और आपदा प्रबंधन के लिए जरूरी है और प्रशासन का लक्ष्य शून्य शैडो जोन सुनिश्चित करना है, ताकि हर गांव में निर्बाध संचार व्यवस्था हो।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे सैन्य अभिलेखो में मेरी की बड़ी पुत्री का नाम **कुमारी आस्था** व छोटी पुत्री का नाम **कुमारी आकंक्षा** दर्ज व अंकित हो गया है, जो कि गलत है। दोनों पुत्रियों के आधार कार्ड व हाई स्कूल की अंकतालिका में मेरी पुत्रियों का नाम **आस्था** व **आकंक्षा** दर्ज व अंकित है। मेरे सैन्य अभिलेखो में दोनों पुत्रियों का नाम आस्था व आकंक्षा दर्ज किया जाए।

आर्मी नं0 JC414029F EX SUB-
**मीनू प्रसाद पुत्र स्व0 श्री देवी प्रसाद,** निवासी रूषाफार्म,
गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश
जिला-देहरादून।

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत लम्बगांव जिला टिहरी गढ़वाल द्वारा राज्य वित्त आयोग/15 वां वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से दोहरी निविदा प्रणाली के अन्तर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट (प्रबन्धन और प्रहस्तन) नियम 2011 के अनुसार डोर टू डोर एंव शॉप-टू-शॉप, गेट-टू-गेट श्रोत पर ही जैविक व अजैविक कूड़ा कलैक्शन सेग्रीगेशन एवं ट्रांसपोर्ट के कार्य का संचालन एंव नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था कार्य हेतु दिनांक 11/11/25 दोपहर 12 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सांय 2:00 बजे निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा का विक्रय निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 10/11/25 सांय 5:00 बजे तक किया जायेगा। निविदादाताओं/फर्म/व्यक्ति द्वारा निविदा प्रपत्र निर्धारित तिथि तक नगर पंचायत लम्बगांव के कार्यालय में आकर निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं । सर्शत एंव कालतीत निविदायें स्वीकार नहीं कि जायेगी। निविदा समिति/अध्यक्ष महोदय को अधिकार होगा कि वह एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी/शर्ते निविदा आमंत्रित की जाने की तिथि से पूर्व कार्यालय समय पर नगर पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत लम्बगांव,
टिहरी गढवाल।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति के आर्मी नंम्बर JC 332978 F रैंक सुबेदार मेजर बृजेन्द्र प्रसाद के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम गलती से विभा कैंथोला (VIBHA KAINTHOLA) व जन्म तिथि 19.04.1985 दर्ज व अंकित हो गया है। जबकी मेरे आधार कार्ड नं0 3828 4970 0177 में मेरा नाम गीता देवी (GEETA DAVI) व जन्मतिथि 05-04-1986 अंकित व दर्ज है। भविष्य में मुझे **गीता देवी (GEETA DAVI)** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**श्रीमती गीता देवी (GEETA DEVI)**
**पत्नी श्री बृजेन्द्र प्रसाद, गाँव और पोस्ट चोपड़ियूँ, जिला पौड़ी गढ़वाल, पिन नंबर 246001,उत्तराखंड।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम मोहम्मद बुरहानुदीन (**MOHAMMAD BURAHANUDIN**) दर्ज हो गया है, जबिक मैरा सही नाम **बुरहानुद्दीन (BURHANUDDIN)** है, जो की राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज व अंकित है।

भविष्य में मुझे बुरहानुद्दीन के नाम से ही जाना, पहचाना जाए और समस्त दस्तावेजों में अंकित किया जाए।

**बुरहानुद्दीन (BURHANUDDIN)**
**पुत्र श्री वली मोहम्मद**
**निवासी-ग्राम माजरी, पोस्ट सभावाला, तहसील विकासनगर, जिला देहरादून।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहरादून**

पत्र सं०843/ सम्पति हस्ता0 /2024-25 दिनांक: 27.10.2025

**इश्तहार नामान्तरण**
**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मौहम्मद अफजल एवं मौहम्मद अबरार पुत्रगण मौहम्मद इकबाल वार्ड नं 01 मिस्सरवाला द्वारा इस आशय का एक प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के अभिलेखों में सम्पत्ति सं0 94(पुरानी सम्पत्ति सं0 272डी) के भाग में उनका नाम गृह कर वसूली हेतु दर्ज किया जाए।

अत: जिस संस्था/व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति हंस्तान्तरण पर कोई आपत्ति हो तो, वह इस नोटिस प्राप्ति एवं सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ कार्यालय में दे सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यावाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**

**कार्यालय सहायक महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड परिवहन निगन, कोटद्वार**

पत्रांक 371/प्रकाशन / नोटिस/अनुशासन/स०म०प्र०/कोट०/2015 दिनांक 27 अक्टूबर 2025
श्री संदीप कुमार पुत्र स्व० श्री धर्मपाल नियमित परिचालक, कोटद्वस डिपो
पता- ढंडेरा, मिलाप नगर रुड़की, जिला हरिद्वार पिन- 247667

**विषय:-कार्य पर उपस्थित न होने व नोटिस के उत्तर प्रस्तुत न करने के सम्बन्ध में।**

मण्डलीय प्रबंधक (संचालन) उत्तराखण्ड परिवहन निगम देहरादून द्वारा गम्भीर भ्रष्ट्राचार के प्रकरण लिप्त रहने पर अनुशासनिक आधार पर आपका स्थानातरण पर्वतीय डिपो से कोटद्वार डिपो किया गया। सहायक महाप्रबन्धक परिवहन निगम पर्वतीय डिपो देहरादून के आदेश संख्या 2096 दिनांक 17.12.2024 के द्वारा पर्वतीय डिपो से कार्य मुक्त कर कोटद्वार में कार्यग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया। आपके द्वारा उक्त आदेशों का अनुपालन न कर आज दिनांक तक भी कार्यग्रहण नहीं किया गया। इस कार्यालय के विभिन्न पत्रांकों के अन्तर्गत तत्काल कार्य पर उपस्थित होने हेतु आपके घर के पत्ते पर नोटिस पंजीकृत ढाक के माध्यम से भेजे गये किन्तु आपके द्वारा आज दिनांक एक भी कार्यग्रहण किया गया। उक्त से स्पष्ट हो रहा है कि आप निगम मे कार्य करने के इच्छुक नहीं है। आपका यह अचरण गम्भीर कदाचार की श्रेणी का है।

अत: आपको अंतिम बार निर्देशित किया जाता है कि आप इस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अपने अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहाने से सम्बन्धित स्पष्टीकरण मय प्रमाण सहित तत्काल कार्य पर उपस्थित हो अन्यथा यह मानने का समुचित आधार होगा कि आप निगम सेवा करने के इच्छुक नहीं है व आप अपने बचाव में कुछ नही कहना चाहते तथा प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा, जिसके लिये आप व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

**सहायक महाप्रबन्धक,**
**कोटद्वार।**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**:: अल्प कालीन निविदा प्रेस विज्ञप्ति ::**

जिलाधिकारी महोदय उत्तरकाशी के आदेश संख्या-287/बत्तीस-01(2025-26) दिनांक 25 अक्टूबर के क्रम में तहसील दुण्डा अन्तर्गत **स्थल-ग्राम खटूखाल रूणवासा, ग्राम बडेथी ( निकट बढेथी चुगी वाई पास डाउन स्ट्रीम में ), ग्राम सिंगोटी, ग्राम सिंगोटी महर्षि आश्रम के डाउनहिल में, ग्राम डुण्डा मध्ये चौकी ढगार ( राज होटल के डाउन हिल ) में भागीरथी नदी तल** में जमा अतिरिक्त उप खनिज बोल्डर्स, बजरी एवं आर०बी०एम० हो हटाये जाने के लिये उत्तराखण्ड रिवर ड्रेजिंग नीति 2021 यथा संशोधित 2024 में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत निस्तारण किये जाने हेतु खुली नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से जनपद उत्तरकाशी के इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं से **दिनांक 29-10-2025 समय प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 03-11-2025 समय सांय 05:00 बजे** तक आवेदन आमंत्रित किये जायेगे। लॉट तथा विज्ञप्ति की शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उप जिलाधिकारी डुण्डा एवं खनन विभाग उत्तरकाशी के जनपदीय कार्यालय से सूचना प्राप्त कर सकते है।

**( देवानन्द )**
**उप जिलाधिकारी,डुण्डा**

**एस0बी0 कालेज ऑफ एजुकेशन, विकासनगर, देहरादून**
**कोतवाली बाईपास रोड, विकासनगर, देहरादून**
**श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय बादशाहीधोल से संबंध**
Approved by NCTE

**बी0एड0 विभाग में प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की नियुक्ति हेतु**

1. **प्राचार्य (1)**
2. **प्रवक्ता (5)**

नोट:- योग्यता एवं वेतन UGC/NCTE (योग्यता के मानक अनुसार), योग्य उम्मीद्ववार अपना बायोडाटा संस्थान में ई-मेल के माध्यम से 28 नवम्बर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

E-mail- contact@sbce.co.in Website- www.sbce.co.in

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर

**दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

● **शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदक जीते**

**रांची, वार्ता।** चौथी दक्षिण एशियाई वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत शानदार प्रदर्शन कर 20 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। वहीं श्रीलंका 16 स्वर्ण, 14 रजत और 10 कांस्य पदकों सहित कुल 40 पदकों के साथ दूसरे तथा दो रजत और चार कांस्य पदक के साथ नेपाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

चैंपियनशिप के तीसरे और आखिरी दिन रविवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन देखने को मिले और अनेक नए मीट रिकॉर्ड बने। पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत के रुचित मोरी ने 50:10 सेकंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। कूडा लियानगे अयोमा (श्रीलंका) ने रजत और कर्ण बाग (भारत) ने कांस्य जीता। महिला 400 मीटर बाधा दौड़: श्रीलंका की केएच अराच्चिगे दासुन ने 58:66 सेकंड का नया मीट रिकॉर्ड बनाया। अराल लोकू (श्रीलंका) को रजत और ओलिम्बा स्टेफी (भारत) को कांस्य मिला।

**पुरुष भाला फेंक:** श्रीलंका के पथिराजे रुमेस ने 84.29 मीटर की दूरी फेंककर स्वर्ण पदक जीता, जबकि रनसिघे जगत (श्रीलंका) और उत्तम पाटिल (भारत) ने क्रमश: रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष लंबी कूद:** भारत के मोहम्मद साजिद ने 7.68 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उनागोला यस्वेस्मी (श्रीलंका) को रजत व सरुण (भारत) को कांस्य मिला।

**महिला ऊंची कूद:** भारत की रीत राठौर ने 1.76 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता। गामगे रानिदी (श्रीलंका) ने रजत और सुप्रिया (भारत) ने कांस्य प्राप्त किया। महिला भाला फेंक: श्रीलंका की हातारावागे लेका नादेका ने 60.14 मीटर का नया मीट रिकॉर्ड बनाया, जिससे उन्होंने 2008 में बने 51.70 मीटर के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। भारत की करिश्मा सनील ने रजत और दीपिका ने कांस्य पदक जीता।

**पुरुष 10 हजार मी. दौड़:** भारत के अभिषेक ने 30:29:46 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। राजन रोकाया (नेपाल) ने रजत और प्रिंस कुमार (भारत) ने कांस्य जीता।

**पुरुष हैमर थ्रो:** भारत के दमनीत सिंह ने 66.99 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। आशीष जाखड़ (भारत) ने रजत और केके दामिथ मद धार (श्रीलंका) ने कांस्य प्राप्त किया।

**महिला 800 मीटर दौड़:** भारत की अमनदीप कौर ने 2:04:66 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। कोदिथुवक्कु तक्शी (श्रीलंका) और थोटा संकीर्तन (भारत) ने क्रमश: रजत और कांस्य जीता।

**पुरुष 800 मीटर दौड़:** श्रीलंका के डीएम हर्षा एस करुणा ने 1:51:96 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। सोम बहादुर कुमाल (नेपाल) ने रजत और मोपाली वेंकटराम रेड्डी (भारत) ने कांस्य जीता।

**महिला 200 मीटर दौड़:** श्रीलंका की मोहम्मद यामिक फातिमा ने 23:58 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। भारत की साक्षी चव्हाण (23:91 सेकंड) ने रजत और नीरू पाठक (24:06 सेकंड) ने कांस्य जीता।

**पुरुष 4X400 मीटर रिले:** श्रीलंका ने 3:05:12 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 3:05:38 मिनट में रजत और बंगलादेश ने 3:15:00 मिनट में कांस्य पदक हासिल किया।

**महिला 4X400 मीटर रिले::** भारत की महिला टीम ने 3:34:70 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका (3:35:71) ने रजत और बंगलादेश (3:55:63) ने कांस्य जीता।

पदक तालिका में बंगलादेश ने (तीन कांस्य), मालदीव ने (एक कांस्य) और भूटान (कोई पदक नहीं) क्रमश: चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहे।

# श्रेयस अय्यर की पसलियों में चोट सिडनी के अस्पताल में भर्ती

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में चोट लगने के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है।

सोमवार सुबह बीसीसीआई)0 ने एक्स पर जारी एक बयान कहा कि श्रेयस अय्यर को 25 अक्तूबर को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान बाईं पसलियों के पास चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि स्कैन में पता चला है कि अय्यर की प्लीहा में लकीरनुमा चोट आई है। उनका इलाज जारी है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई का चिकित्सक दल सिडनी और भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मिलकर अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है। भारतीय टीम के डॉक्टर सिडनी में ही रहेंगे ताकि श्रेयस की रोजाना की स्थिति का मूल्यांकन कर सकें। अय्यर को यह चोट क्षेत्ररक्षण के दौरान उस समय लगी, जब उन्होंने एलेक्स कैरी को आउट करने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाकर एक शानदार कैच लेने का प्रयास किया।



## कार्यालय नगर निगम रूडकी, जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांकः–959 /सूचना/नाम परि0/कर–अनु0/न0नि0रूड़की /2025–26 दिनांक–25 /10/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक/ क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो मे दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 97, बी0टी0 गंज का जुज भाग | श्री अजय लूथरा पुत्र श्री राजकुमार लूथरा | श्री रवि लूथरा पुत्र राज कुमार लूथरा | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 02 | 312, सिविल लाईन | श्री प्रीतम लाल मल्होत्रा व श्री ललित कुमार मल्होत्रा व श्री उमेश कुमार मल्होत्रा पुत्रगण स्व0 श्री जगदीश प्रसाद मल्होत्रा | श्रीमती दुलारी मल्होत्रा पत्नि स्व0 श्री जे0एल0 मल्होत्रा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 03 | 96, मौ0 सोत | श्रीमती रियाज फातिमा पत्नि श्री इम्तियाज अहमद | श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री जोहर सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 04 | 320, मौ0 शेखपुरी | श्री तरूण कर्णवाल पुत्र स्व0 श्री लक्ष्मी चन्द | श्रीमती सुदेश देवी पत्नि श्री लक्ष्मी चन्द | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिकसत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 05 | 540, पूर्वावल्ली | श्री सुरेश धीमान पुत्र श्री प्रकाश चन्द धीमान, श्री सुदेश कुमार पुत्र प्रकाश चन्द धीमान, श्री राकेश धीमान पुत्र श्री प्रकाश चन्द धीमान श्रीमती उषा धीमान पत्नि श्री सुभाष धीमान | श्री दाताराम पुत्र श्री फकीर चन्द, | शपथ–पत्र, मा0 न्यायालय के आदेश |
| 06 | 229, मौ0 मलकपुर | श्री मसूद अहमद पुत्र श्री महबूब अहमद | श्री श्याम लाल मित्तल पुत्र श्री सागर मित्तल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 07 | 489(3) अ0ता0पूर्वी | श्रीमती शालू सचदेवा पत्नि संजीव सचदेवा | श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद | मुख्तयारे आम, विक्रय–पत्र |
| 08 | 671, मौ0 सत्ती | श्रीमती सुषमा पत्नि श्री प्रीतम सिंह, श्रीमती अनुपमा पत्नि श्री सुशील कुमार, श्रीमती संजीव पुत्र रघुवीर सिंह | श्रीमती स्वर्णा देवी पत्नि श्री राम नारायण मेहता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 09 | 80, अ0ता0पूर्वी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र महावीर प्रसाद | श्रीमती रंजना पत्नि श्री महावीर प्रसाद | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 10 | 105, अ0ता0पूर्वी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र महावीर प्रसाद | श्रीमती रंजना पत्नि श्री महावीर प्रसाद | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 11 | 225 का जुज भाग मौ0 रामनगर, | श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र स्व0 श्री चाँदीराम | श्री सुरेश चन्द शर्मा पुत्र स्व0 श्री गिरी भूषण शर्मा | शपथ–पत्र, दान–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 12 | 124(12), राजपूताना पूर्वी | श्री शमशाद व श्री इरशाद पुत्रगण मौहम्मद यामीन | श्री प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर प्रसाद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 13 | 78, अ0ता0 पूर्वी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद | श्रीमती रंजना पत्नि श्री महावीर प्रसाद | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 14 | 25ए, अ0ता0 पश्चिमी | श्री विनीत कुमार अग्रवाल पुत्र श्री महावीर प्रसाद | श्रीमती रंजना पत्नि श्री महावीर प्रसाद | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 15 | 123, पूर्वावल्ली | श्री विनय सरोहा पुत्र स्व0 श्री विजय पाल | श्री सुखबीर सिंह पुत्र मामराज | मृत्यु प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 16 | 38, मौ0 गणेशपुर | श्रीमती शालिनी शर्मा पत्नि श्री अमित शर्मा | श्रीमती सरोज देवी पत्नि श्री आनन्द कुमार शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 17 | 20, मौ0 रामनगर | श्रीमती सावित्री देवी पत्नि डा0 भोपाल सिंह श्री अक्षय कुमार पुत्र स्व0 डा0 भोपाल सिंह | डा0 भोपाल सिंह पुत्र श्री मलखान सिंह | शपथ–पत्र मृत्यु प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 18 | 846, मौ0 रामनगर | श्रीमती रोहिनी मित्तल पत्नी नीरज मित्तल | श्रीमती मनीषा मित्तल पत्नी श्री पंकज कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 19 | 83, अम्बर तालाब पश्चिमी | श्रीमती कमला देवी पत्नि स्व0 अशोक कुमार श्री अजय कुमार पुत्र स्व0 अशोक कुमार | श्रीमती सोना देवी पत्नि स्व0 श्री जय प्रकाश | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 20 | 794, मौ0 गणेशपुर | श्री राजीव त्यागी पुत्र घनश्याम सिंह त्यागी | श्रीमती पावित्रा देवी पत्नि श्री घनश्याम सिंह त्यागी | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 21 | 1544/2, गणेशपुर | श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री सुभाष सैनी | श्री रघुराज सिंह पुत्र श्री कृष्णपाल सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, वसीयत, विक्रय–पत्र |
| 22 | 62, मौ0 आदर्शनगर | प्रो0 ब्रिजेश कुमार यादव पुत्र उमराव कुमार | श्रीमती सोमवती देवी पत्नि श्री ब्रज कुमार कुश | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 23 | 1322, अ0ता0पश्चि0 | श्रीमती दिपाली सिंघल पत्नि राजीव सिंघल | श्रीमती रानी गुप्ता पत्नि स्व0 श्री विजय गुप्ता | मुख्तयारे–आम, विक्रय–पत्र |
| 24 | 305, पूर्वीदीनदयाल | श्रीमती प्रीती संगल पत्नि श्री शिशिर संगल | श्री शरद संगल पुत्र स्व0 आलोक कुमार संगल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 25 | 216, मौ0 मलकपुर | श्रीमती प्रीती कश्यप पत्नि प्रदीप कुमार | श्रीमती गीता शर्मा पत्नि श्री जय प्रकाश शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 26 | 981, पुरानी तहसील | श्री चरण सिंह व श्री त्रिलोक चन्द पुत्रगण श्री संदल सिंह | श्रीमती चम्पा देवी पत्नि श्री मंगू धोबी | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 27 | 1000 पुरानी तहसील | श्रीमती नेहा पुत्री स्व0 श्रवण कुमार पत्नि श्री | (अध्यासी) श्रवण कुमार पुत्र श्री श्याम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 28 | 227, मौ0 सोत | श्री सुदेश चन्द जैन पुत्र स्व0 श्री पूणचन्द, श्रीमती सविता जैन पत्नी स्व0 श्री दिनेश जैन पुत्रवधु स्व0 पूर्णचन्द जैन व श्री आयूष जैन पुत्र स्व0 श्री दिनेश जैन पोत्र स्व0 श्री पूर्ण चन्द जैन व श्री मणिक जैन व श्री आकाश जैन पुत्रगण स्व0 उमेश जैन पौत्र स्व0 श्री पूर्ण चन्द जैन | श्री पूर्णचन्द जैन पुत्र श्री फकीर चन्द जैन | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, परिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र |
| 29 | 186, कानूगोयान | श्री दिगम्बर जैन समाज (रजि0) रूड़की अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन पुत्र श्री जय प्रकाश जैन व मंत्री श्री अवनीश कुमार जैन पुत्र स्व0 श्री श्रेंयाश कुमार जैन | श्री विमल प्रसाद जैन पुत्र श्री सूरजा मल | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, पारिवारिक सत्यापन प्रमाण–पत्र, दान–पत्र |
| 30 | 620, माहीग्रान | श्रीमती साजिया पत्नी मौ0 मोहसीन | श्री रहीमुद्दीन पुत्र श्री इमामुद्दीन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 31 | 412, नेहरूनगर | श्री जतिन पुत्र श्री बलवन्त सिंह | श्रीमती प्रियंवदा पत्नि श्री बलवन्त सिंह | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 32 | 300, चावमण्डी | श्री विकास कुमार गर्ग पुत्र मोहन लाल गर्ग | श्रीमती कुसुम लता त्यागी पत्नि नरेश कुमार त्यागी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 33 | 12, चावमण्डी का जुज भाग | श्रीमती अनिता पुत्री श्री केशवराम पत्नि श्री यशपाल सिंह | श्री सत्य प्रकाश व श्री विरेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व0 श्री केशोराम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 34 | 489, मौ0 पूर्वावल्ली | श्रीमती पूनम देवी पत्नी श्री धर्मेन्द्र सैनी | श्री अशोक कुमार सैनी पुत्र ब्रहम सिंह सैनी | मृत्यु प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 35 | 921/2ए, माहीग्रान | श्रीमती आयशा रानी पत्नी श्री जुबैर | श्री गुलफाम पुत्र मौ0 अनवर | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 36 | 467, आवासविकास | श्रीमती मंजू पत्नि श्री नवीन कुमार | श्रीमती सन्तोष मित्तल पत्नी सत्य प्रकाश मित्तल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 37 | 757, माहीग्रान | मौ0 वकील पुत्र मौ0 असगर | श्री फरीद पुत्र श्री शमीम अहमद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 38 | 927/2बी/2, आदर्शनगर | श्रीमती सुरभि देवी पत्नी श्री अनूप गोयल | श्री विपिन कुमार मित्तल पुत्र सोम प्रकाश मित्तल श्रीमती सोनिया मित्तल पत्नी श्री विपिन कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 39 | 215, का जुज भाग अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 श्री नन्द किशोर | श्रीमती कैलाशवती पत्नी स्व0 श्री नन्द किशोर | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र, वसीयत |
| 40 | 985, माहीग्रान | श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी सुन्दर लाल मित्तल श्रीमती अल्का मित्तल पत्नी सन्दीप मित्तल श्रीमती रजनी गोयल पत्नी श्री राजीव गोयल | श्री विरेन्द्र कुमार पुत्र श्री कैदारनाथ | शपथ–पत्र, दान–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 41 | 1201, माहीग्रान | श्री रोविन्द्र कुमार पुत्र श्री अमोलकराम व श्रीमती सरिता पत्नी श्री रोविन्द्र कुमार | श्री देवीचन्द सैनी पुत्र श्री रामदिया | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |

कर–लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर–अधीक्षक
नगर निगम रूडकी

## कार्यालय नगर निगम, रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड

पत्रांकः– 959/सूचना/नामपरि0/कर–अनु0/न0नि0रूड़की /2025–26 दिनांक : 25/10/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 130, बी.टी.गंज | श्री अनिल कुमार जैन पुत्र श्री नेम चन्द जैन | श्री मित्र जैन पुत्र सरदार सिंह जैन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 2 | 1082, माहिग्रान | श्री सलीम अहमद पुत्र अतहर हसन | (अध्यासी) श्री गुफरान पुत्र श्री बषीर | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 3 | 516, पूर्वावल्ली | श्रीमति नितिका शर्मा पत्नि स्व0 श्री राहुल शर्मा व नाबालिक श्री रोहन शर्मा व श्री रणविजय शर्मा पुत्रगण स्व0 श्री राहुल शर्मा संरक्षिका माता श्रीमति नितिका शर्मा | श्री राहुल शर्मा पुत्र स्व0 श्री रमेश चन्द शर्मा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 4 | 708, पूर्वावल्ली | श्री शोभित अग्रवाल पुत्र श्री प्रदीप कुमार अग्रवाल | श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री रमेश चन्द अग्रवाल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 5 | 1531(1), अम्बर तालाब पश्चिमी | श्री दिनेश कुमार पुत्र स्व0 गिरधारी लाल तनेजा | श्री पंकज सरीन व अंकुर सरीन व मनोज सरीन पुत्रगण स्व0 हरीश सरीन | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 6 | 441, चावमण्डी | श्रीमति रूपा देवी पत्नि श्री जितेन्द्र कुमार | श्रीमति लीला वती पत्नि स्व0 ज्योति प्रसाद व सुनीता गोस्वामी पत्नि संजय गोस्वामी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 7 | 299, रामनगर | श्री शरद मंगल पुत्र श्री शशी मोहन मंगल | श्री ओम प्रकाश शर्मा पुत्र श्री चरणजीत सिंह व राजेन्द्र कुमार शर्मा व दिनेश शर्मा पुत्र स्व0 ओम प्रकाश शर्मा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 8 | 726/1, रामनगर के जुज भाग | श्रीमति सुजाता मेंदीरत्ता पत्नि श्री सुनील कुमार मेंदीरत्ता व गौरव मेंदीरत्ता पुत्र श्री सुनील कुमार मेंदीरत्ता | श्री शरद मंगल पुत्र श्री शशी मोहन मंगल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 9 | 726/1, रामनगर के जुज भाग | श्रीमति रजनी मेंदीरत्ता पत्नि श्री नरेश कुमार मेंदीरत्ता | श्री शरद मंगल पुत्र श्री शशी मोहन मंगल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 10 | 747/22ए, सत्ती | मौ0 साकिब पुत्र श्री मोहतसीम | श्रीमति अमीर जहॉ पत्नि श्री मोहतसीम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 11 | 354/2, अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति वीनू पत्नि श्री केवल कृष्ण | श्रीमति पूनम आहुजा पत्नि स्व0 श्री सुरेश चन्द आहुजा | शपथ–पत्र, अन्तरण–पत्र |
| 12 | 298/2, मलकपुर | श्रीमति चारू वर्मा पत्नि श्री सूरज पंडित व सूरज पंडित पुत्र श्री दीपक शर्मा | श्रीमति भारती अरोरा पत्नि श्री अनिल अरोरा | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 13 | 242, कानूगोयान | श्रीमति रेनू चांदना पत्नि श्री सतपाल चांदना | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री तुलसीदास | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 14 | 109, पठानपुरा | श्रीमति हुसन जहॉ पत्नि श्री जुल्फुकार | मौ0 सलीम खॉ पुत्र अमानुल्ला खान | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 15 | 790/1ए, पूर्वावल्ली | श्री राहुल कुमार पुत्र स्व0 सियाराम | श्रीमति चन्द्रवती पत्नि स्व0 सियाराम | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 16 | 321, पूर्वावल्ली | श्री यशवीर सिंह पुत्र स्व0 रामपाल सिंह | श्री रामपाल सिंह पुत्र धर्म सिंह व श्रीमति सत्यवती पत्नि श्री रामपाल सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 17 | 926/6ए, आदर्शनगर | श्रीमति राजमाला पत्नि श्री अशोक कुमार | श्रीमति सुरूचि रानी पत्नि श्री अनुज कुमार | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 18 | 235, अ0ता0 पश्चिमी | श्री रवि कुमार पुत्र स्व0 राम स्वरूप | श्रीमति सलोचन पत्नि स्व0 राम स्वरूप | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 19 | 1025/1, सिविल लाईन | श्रीमति निधि सिंह पत्नि श्री ब्रिगेडियर करूण प्रताप सिंह | श्रीमति सरोज रोशियान पत्नि श्री प्रशान्त रोशियान व श्रीमति अनिता सिंह पत्नि ब्रहमपाल सिंह व श्रीमति रेखा सिंह पत्नि श्री कृणपाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 20 | 414(1), नेहरूनगर | श्रीमति मेहनाज रेहमान पत्नि श्री अहमद नवेद पुत्री श्री अतीकुर्रहमान | श्री नवीन पुण्डीर पुत्र स्व0 जनक सिंह पुण्डीर व मीनाक्षी पुण्डीर पत्नि स्व0 संजय पुण्डीर | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 21 | 373, मकतूलपुरी | श्री संदीप कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद | श्री रजनीश पाल पुत्र श्री ऋषिपाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 22 | 76(69), सिविल लाईन | श्री एल0 टी0 डी0 ब्रॉन्च रूडकी बध्0 श्री अजब सिंह पुत्र श्री मंगत सिंह | श्री एल0 टी0 डी0 ब्रॉन्च रूडकी बध्0श्री अजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 आनन्द प्रकाश गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 23 | 694/1, रामनगर | श्री गगन भारद्वाज पुत्र श्री जगदीश भारद्वाज व श्रीमति प्रिया भारद्वाज पत्नि श्री गगन भारद्वाज पुत्री श्री विजय चानना | श्री श्याम सुन्दर पुत्र राजपाल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 24 | 501, सिविल लाईन | श्रीमति शीतल वर्मा पत्नि श्री रामकुमार वर्मा | श्री धनप्रकाश पुत्र श्री लच्छीराम | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 25 | 392, रामनगर | श्री अनूप कुमार गोगिया पुत्र नवनीत लाल | श्री नवनीत लाल पुत्र स्व0 साहीब राम | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 26 | 1348, सिविल लाईन | सरदार चरण पाल सिंह व सरदार इन्द्रजीत सिंह व सरदार जगजीत सिंह पुत्रगण स्व0 सरदार तीरथ सिंह | श्री तीर्थ सिंह पुत्र श्री गोकुल सिंह | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 27 | 374(18), सिविल लाईन | (किरायेदारी) श्रीमति अनिता गिरी पत्नि श्री धर्म गिरी व नीरज गिरी पुत्र श्री धर्म गिरी | राय साहब चण्डी प्रसाद ट्रस्ट रूडकी बध्0 श्री राकेश कुमार बध्0 श्रीमति ईश्वरी देवी | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 28 | 401(1), सिविल लाईन | श्रीमति कंचन वर्मा पत्नि श्री विशाल वर्मा | श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री पृथ्वी सिंह गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 29 | 677, रामनगर | श्री मनमोहन शर्मा पुत्र स्व0 श्री ब्रहम दत्त शर्मा | श्रीमति अविनाश रानी पत्नि स्व0 ब्रहमदत्त शर्मा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 30 | 990, चावमण्डी | श्रीमति अंकिता प्रिया पत्नि श्री अजय कुमार सिंह | श्रीमति क्षमा गुप्ता पत्नि श्री केशव गुप्ता व केशव गुप्ता पुत्र श्री अमृत लाल गुप्ता | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 31 | 125, आदर्शनगर | श्री पंकज कुमार शर्मा पुत्र सूर्य प्रकाश शर्मा | श्रीमति गुलशन रंजना पत्नि श्री पंकज कुमार शर्मा | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |
| 32 | 1282, सिविल लाईन | श्रीमति मीना कथूरिया पत्नि स्व0 श्री रमेष कथूरिया | श्री विजय मेहता पुत्र स्व0 बिशन दास | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 33 | 18, कानूगोयान | श्रीमति रजनी अग्रवाल पत्नि श्री संतोश कुमार | श्री प्रदीप कुमार कच्छल पुत्र स्व0 श्री आनन्द प्रकाश कच्छल | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 34 | 225, सिविल लाईन | श्रीमति रश्मि माहेश्वरी पत्नि श्री पीयुश माहेश्वरी पुत्री श्री महेन्द्र प्रकाश अग्रवाल | श्रीमति अनुराधा गुप्ता पत्नि श्री वेणुगोपाल गुप्ता पुत्री श्री महेन्द्र प्रकाश अग्रवाल | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 35 | 654, गणेशपुर | श्री वरूण राठी पुत्र स्व0 श्री कृपाल सिंह | श्री कृपाल सिंह पुत्र श्री राम सिंह | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 36 | 281, आदर्शनगर | श्री सौरभ जैन पुत्र श्री सुखमाल चंद जैन | श्री सत्यदेव शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद | शपथ–पत्र, विक्रय–पत्र |
| 37 | 382, अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति प्रेरणा सरीन पुत्री श्री योगेन्द्र पाल सरीन | श्री योगेन्द्र पाल सरीन पुत्र श्री दीना नाथ | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 38 | 271, शेखपुरी | श्री हुसैन अली पुत्र श्री रजब अली | श्री रजब अली पुत्र श्री हुसैन शाह | शपथ–पत्र, दान–पत्र |
| 39 | 136, कानूगोयान | श्रीमति फरजाना पत्नि श्री अखलाफ | श्रीमति खुर्शीदा बेगम पत्नि श्री अशफाक | शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण–पत्र |

कर–लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर–अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

CMYK



### लक्सर विधायक ने बुक्कनपुर में किया 90 लाख से बनने वाली सड़क का उद्घाटन

# अवाम व किसान को मिलेगा लाभः शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने बुक्कनपुर में 90 लाख रुपए से बनने वाली सड़क का उद्घाटन करते कहा कि यह सड़क दशकों से खराब पड़ी थी जिस पर जनता का चलन निकालना बिल्कुल नामुमकिन हो गया था रोज हाथ से हो रहे थे लेकिन मेरे से पहले जन्म प्रतिनिधि यों ने इस सड़क की और कोई ध्यान नहीं दिया ।

विधायक हाजी शहजाद ने कहा कि इस सड़क की लागत लगभग 90 लाख रुपए है वह पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी के साथ हर वर्ग व क्षेत्र में बुनियादी विकास कर रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि जो भी मेरे द्वारा ध रातल पर काम किया जा रहा है । काम किया जा रहा है आम जनता की मांग पर सर्व समाज के कहने से इस सड़क का प्रस्ताव मेरे द्वारा दिया गया था जिसका आज उद्घाटन किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि लगातार हर गांव में बड़े-बड़े जमीनी विकास के काम किए गए हैं बुक्कनपुर में बन रही सड़क का उद्घाटन करने से कई गांव के किसानों को इसका लाभ मिलेगा और



जो काम बचे हुए हैं उनको भी बहुत जल्द पूरी करने की कोशिश करूंगा। शहजाद विधायक ने कहा कि वह जब से लक्सर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तब से ही इस क्षेत्र के बुनियादी समस्याओं को हल करने की ईमानदारी व जिम्मेदारी कोशिश कर रहे हैं जो दशकों से खराब पड़ी हुई सड़के थी उनको प्राथमिकता से कराया जा रहा है वहीं जिन सड़कों से आम जनता को सबसे ज्यादा

❖ विधानसभा क्षेत्र के बुनियादी विकास के लिए पूरी ईमानदारी-जिम्मेदारी से किया जा रहा है विकास

❖ दशकों से बदहाल पड़ी सड़कों को दी जा रही है पहली प्राथमिकता: विधायक

परेशानी थी उनको भी प्राथमिकता से कराया जा रहा है वहीं किसानों की समस्याओं को भी लगातार हल करने का प्रयास कर रहे हैं । शहजाद विधायक ने कहा कि वह अपने क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख में साथ खड़े हैं चाहे आपदा का मामला हो या किसानों के हितों की रक्षा का सवाल हो वह लगातार उनके लिए के लिए लड़ाई लड़ते रहे हैं वहीं विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी विकास के लिए भी वह पूरी ईमानदारी से हर वर्ग क्षेत्र कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर डॉक्टर नाथीराम डॉक्टर चरण सिंह चंद्रपाल सिंह जावेद खत्री सनी सिंह बसपा युवा नेता सहित दर्जनों मुख्य बसपा के कार्यकर्ता वहां पर मौजूद रहे।

## मारपीट व जानलेवा हमले के दो आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** शंकरपुरी रूडकी निवासी उमेश कुमार ने कोतवाली रूडकी पर शिकायती प्रार्थना पत्र बाबत युवकों द्वारा शिकायतकर्ता के कार सवार भाई का रास्ता रोककर उसके एवं अन्य साथियों के साथ एकराय होकर लोहे की रॉड व लाठी डण्डो से मारपीट करना व गाडी को तोडफोड कर नुकसान पहुंचाने के संबंध में दी। शिकायत के आधार पर कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 378/25 धारा 109(1)/115(2)/126/190/191(2)/191(3)/324(4) में पंजीकृत किया गया। दर्ज मुकदमें की पड़ताल एवं आरोपी युवकों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने विभिन्न स्तर पर प्रयास कर दिनाँक 26.10.2025 को वारदात में शामिल रहे 02 आरोपित को दबोचने में कामयाबी हासिल की। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात के दौरान इस्तेमाल किया गया वाहन व 03 डण्डे भी बरामद किए। पकड़े गए आरोपित-1. सुमित पुत्र पप्पू निवासी मकदुमपुर थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार 2. राजन पुत्र पप्पू निवासी मकदुमपुर थाना मंगलौर जनपद हरिद्वार। आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम- 1. प्र 0 निरी मनीष उपाध्याय 2. व0उ0नि0 मनोज गैरोला 3. उप निरी सूरत शर्मा 4. अ0उ0नि0 नरेन्द्र सिह राठी 5. हेकानि0 नूर हसन 6. हेकानि0 संदीप कुमार 7.कानि0 भूपेन्द्र 8. कानि0 राजेश देवरानी शामिल रहे।

## भूमिका ने कबड्डी में गोल्ड मेडल जीतकर किया गांव का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के निरंजनपुर गांव की लड़की ने कबड्डी में गोल्ड मेडल जीत कर अपने गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडलिस्ट भूमिका पुत्री सुरेंद्र कुमार निवासी निरंजनपुर जिला हरिद्वार ने कहा कि मैंने अपने बड़ों के आशीर्वाद से कबड्डी खेलते हुए लगातार मेहनत करते हुए मैं इस मुकाम पर पहुंची हूं। उसने कहा हमारे उत्तराखंड में भी कबड्डी का फील्ड होना चाहिए और सरकार को बच्चों के बारे में खेल नीति बननी चाहिए जिससे बच्चा खेलते हुए अपने गांव व प्रदेश देश मैं खेलते हुए अपनी



मेहनत का लोहा मनवा कर रोशन कर सके।

## नारसन ब्लॉक की संयुक्त खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वाधान में रोशन कुमार जिला युवा अधिकारी (मेरा युवा भारत) हरिद्वार एवं धर्म सिंह रावतके निर्देशन में बहादराबाद और नारसन ब्लॉक की संयुक्त ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक अंकुल चौहान (बहादराबाद) एवम् राष्ट्रीय स्वयं सेविका अनीता (नारसन) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य केवीएम पब्लिक स्कूल दीपक सैनी ने दीप प्रज्वलित करके किया एवं उपस्थित खेल प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी बालक वर्ग, खो खो बालिका वर्ग, 400 मीटर दौड़ बालक, बालिका लंबी कूद बालक बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका गुलाब सिंह एवं तनु कुमारी ने निष्पक्ष ढंग से निभाई।

खेल प्रतियोगिता में कबड्डी बालक वर्ग में रोज लायन युवा मंडल ज्वालापुर प्रथम रहा, दूसरे स्थान पर उपविजेता नसीरपुर कला युवा मंडल रहा एवं तृतीय स्थान पर महाराणा प्रताप युवा मंडल



गंगा दासपुर रहा। खो खो बालिका वर्ग में रंजीतपुर क्लब प्रथम विजेता, दूसरे स्थान पर रोज लाइन क्लब उपविजेता रहा। एवं तीसरे स्थान पर संतर्षह रहा। 400 मी दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान आदित्य, दूसरा स्थान अंकुश एवं तीसरा स्थान अमित ने प्राप्त किया। 400 मी बालिका वर्ग में जसप्रीत ने प्रथम, आकांक्षा ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान सुहाना ने प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में अमित ने प्रथम, दूसरा स्थान आदित्य एवं तीसरा स्थान लकी ने प्राप्त किया। लंबी कूद बालिका वर्ग में प्रथम स्थान काजल, दूसरा स्थान अनुष्का एवं तीसरा स्थान हिमांशी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में नितिन चौहान, नेत्रपाल चौहान, कोमल, युवा मंडल सदस्य निशा, प्रियांशु, अंकुश, विकास , राहुल, रेशमा, काजल, लवी, अभिषेक, तनु, नैंसी, सोनिया, खुशी, रितिका एवं महफूज आदि खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

## बुलेट पर रील बनाना पड़ा भारी, 2 वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल में साइलेंसर लगाकर रील बना रहे दो लोगों को दबोच कर उनके मोटरसाइकिल को चीज कर दिया और जुर्माना भी लगाया।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल में साइलेंसर लगाकर रील बना रहे दो लोगों को दबोच लिया। थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक बुलट मोटरसाइकिलों पर रेट्रो साइलेंसर लगाकर सोशल मीडिया पर रील बनाते हैं तथा सड़कों पर गुजरते समय तेज धमाके जैसी आवाज निकालते हैं, जिससे आमजन को अत्यधिक असुविधा होती है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दोनों बुलेट सवार युवकों को पकड़ लिया गया। दोनों वाहनों को मोटर वाहन अधि नियम के अंतर्गत सीज करते प्रभावी धाराओं में चालान किया गया।

### मीट विक्रेताओ के खिलाफ चलाया चेकिंग अभियान

## पुलिस ने 8 दुकानदारों का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाईन पुलिस मीट बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आठ दुकानदारों के चालान किए गए व अन्य दुकानदारों को अवैध मीट न बेचने की हिदायत दी गई है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय कोतवाली रूडकी द्वारा कोतवाली रूडकी क्षेत्रान्तर्गत मीट बिक्रेताओ की दुकानो की चौकिंग हेतु उ0नि0 आनन्द मेहरा के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया टीम के द्वारा चौकी सोत बी मे ईमली रोड पर स्थित मीट बिक्रेताओ की दुकानो को चौक किया गया जिसमे 08 दुकानदारो के द्वारा लाईसेन्स मे दी गयी शर्तो का पालन नही किया जा रहा था अनियमित्ताऐ पायी गयी जिनके विरूध्द 81 पुलिस अधिनियम मे चालान किया गया। सभी मीट बिक्रेताओ को हिदायत दी गयी कि साफ सफाई का विशेष ध्यान देगें अन्यथा लाइसेन्स निरस्तीकरण की कार्यवाही को अमल मे लाया



जायेगा। पुलिस टीम में उ0नि0 आनन्द मेहरा हेकानि0 विपिन कानि0 सुरेश तोमर आदि शामिल रहे।

## आग लगने से 13 वर्षीय बालक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** हार्डवेयर की दुकान पर थिनर का ड्रम काटते समय उसमें अचानक आग लग गई। जिसमें पास में ही पास में खड़ा 13 वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया। बच्चे को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी एक युवक ने लंढौरा में रुड़की लक्सर मार्ग पर शिव मंदिर के पास हार्डवेयर की दुकान कर रखी है। युवक दुकान पर प्लास्टिक के पुराने ड्रम भी बेचता है। रविवार शाम करीब पांच बजे दुकानदार थिनर के खाली ड्रम को बीच से काट कर दो पीस बना रहा था। इसी दरमियान पास की कालोनी निवासी सुरेंद्र कुमार का 13 वर्षीय पुत्र कन्हैया दुकान के पास खड़ा हुआ था। बताया गया है कि ड्रम को काटते समय उसके अंदर बने गैस में अचानक आग लग गई। आग ने पास में खड़े बच्चे को चपेट में ले लिया। चीखपुकार की आज सुन कर आसपास के लोगों ने आग को बुझाया। लेकिन तब तक बच्चा गंभीर रूप से झुलस चुका था। बच्चे को देवबंद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौकी प्रभारी महिपाल सैनी का कहना है कि इस संबंध में शिकायत मिलती है तो मामले की छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

## लक्सर शुगर मिल में नवंबर से शुरू होगा पेराई सत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर शुगर मिल का पेराई सत्र नवंबर माह के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगा। मिल प्रबंधन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मशीनों के ट्रायल के साथ ही सीजनल कर्मचारियों को भी नवंबर माह की शुरुआत में कार्य पर बुलाया जा रहा है।

लक्सर शुगर मिल में बीते साल सात नवंबर से पेराई सत्र शुरू हुआ था। इस वर्ष भी नवंबर माह के पहले सप्ताह में मिल में गन्ने की पेराई शुरू हो जाएगी। क्षेत्र में गन्ना लगभग तैयार है। गन्ना कोल्हुओं पर भी गन्ना पहले से पहुंचने लगा है। ऐसे में किसानों को अब मिल चलने का इंतजार है। मिल प्रबंधन की ओर से मरम्मत आदि कार्य पूरा कराने के बाद अब मशीनों का ट्रायल किया जा रहा है। इसके साथ ही सीजनल कर्मचारियों को भी नवंबर माह की शुरुआत से कार्य पर बुलाया जा रहा है। लक्सर शुगर मिल के प्रध ान प्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि पिछले दिनों गन्ना आयुक्त की बैठक में मिलों की ओर से पेराई सत्र पर चर्चा की गई थी। इसी के अनुसार नवंबर माह के पहले सप्ताह में पेराई शुरू हो जाएगी। इसके लिए मशीनों के ट्रायल के साथ ही सभी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं।

## नशे में वाहन चला रहे दो युवक पकड़े

**लक्सर।** नशे में वाहन चला रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर 13 वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। शनिवार देर रात कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़ा गया। युवकों के वाहन सीज करने के साथ ही लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। चेकिंग में यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर 13 वाहन चालकों के चालान कर उनसे जुर्माना वसूला गया है।

## कच्ची शराब समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** पुलिस ने थाना क्षेत्र से दो अलग-अलग जगह से दो व्यक्तियों को पांच-पांच लीटर कच्ची शराब समेत पकड़ा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। खानपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन नेगी को मुखबिर ने सूचना दी कि क्षेत्र के आलमपुरा यूपी बॉर्डर से एक व्यक्ति शराब ला रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और राजपुर गांव निवासी जोगा को पांच लीटर कच्ची शराब सहित पकड़ लिया। वहीं बालावाली चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को सूचना मिली कि रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति कच्ची शराब लेकर जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गिद्दावाली गांव निवासी राहुल को पांच लीटर कच्ची शराब समेत पकड़ लिया। खानपुर एसओ धर्मेंद्र राठी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मुहम्मद का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने मुहम्मद को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध -विच्छेद कर लिया है। आज के बाद मुहम्मद के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**जाकिर हुसैन पुत्र अताउर्रहमान नि. 110 कानून गोयान रुड़की, हरिद्वार।**

## सत्यापन न करने पर तीन कोल्हू पर की कार्रवाई

**बुग्गावाला।** पुलिस ने साप्ताहिक अवकाश पर 75 मजदूरों और किरायेदारों का सत्यापन किया। वहीं तीन कोल्हू मालिकों पर कार्रवाई की है। सत्यापन अभियान से अन्य जगहों पर रहने वाले बाहरी लोगों में भी अफरातफरी का माहौल रहा। क्षेत्र के शाहिदवाला, ग्रंट और बुध वाशहीद क्षेत्र में अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि मकान मालिकों और कोल्हू मालिकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी किरायेदार या मजदूर को बिना पुलिस सत्यापन के न रखें। उन्हें चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना के मामले में ई-रिक्शा चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में दो युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के कुरड़ी गांव निवासी विनोद ने तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को पुत्र वेदपाल और सन्नी बाइक से धनौरी की ओर जा रहे थे। कलियर क्षेत्र में पार्किंग के पास से आ रही अनियंत्रित ई-रिक्शा ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिसमें वेदपाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके दोस्त सन्नी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। मृतक वेदपाल के पिता नितिन ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई बबलू चौहान ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### गन्ना समिति लिब्बरहेड़ी की पंचम वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक आयोजित

# गन्ना समिति प्रबंधन कर रही है सराहनीय कामः यतिश्वरानन्द

### समिति की अध्यक्ष नीशू राठी ने प्रस्तुत किया आय-व्यय का ब्यौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** लिब्बरहेडी सहकारी गन्ना विकास समिति लि० मंगलौर की पंचम वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन कुरडी, मंगलौर स्थित एक बैंकेट हाल में किया गया, जिसमें समिति की आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया।

सोमवार को लिब्बरहेडी सहकारी गन्ना विकास समिति लिव मंगलौर की पंचम वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष नीशू राठी ने समिति के वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया, जिसका समिति के उपस्थित समस्त प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया, समिति की आय बढ़ाने के लिए उपस्थित सदस्यों द्वारा समिति का पेट्रोल पंप लगाए जाने, गैस एजेंसी खोले जाने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, कृषि यन्त्रों के सब्सिडी पर वितरण के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये,समिति का अपना भवन बनवाये जाने,गन्ना मूल्य बढ़ाये जाने, समिति क्षेत्र के गन्ना किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के उपाय आदि मुद्दों पर चर्चा की गई, अध्यक्ष नीशू राठी ने बताया कि यह समिति उत्तराखण्ड की पहली समिति है जिसका वित्तीय वर्ष 2024-25 तक का संतुलन पत्र बनवाकर ऑडिट का कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा आज वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक कराकर विधिवत रूप से अनुमोदन भी करा लिया गया है,नीशू राठी ने कहा कि उनके द्वारा समिति की प्रबन्ध समिति के सदस्यों के सहयोग से किसान हित में अनेकों फैंसले लेकर उनको क्रियान्वित करने का कार्य किया




गया है,उन्होंने बताया कि समिति स्तर पर समिति क्षेत्र के समस्त 66 ग्रामों के सभी गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जा रहे हैं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानन्द ने कहा कि लिब्बरहेड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति का कुशल प्रबध न काबिले तारीफ है, यहाँ का प्रबध न बहुत अच्छा एवं पारदर्शिता से सराहनीय कार्य कर रहा है, समय पर समिति के कार्यों को क्रियान्वित किया जाना इस समिति के कुशल प्रबंधन का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार गन्ना कृषकों के हितों के प्रति गंभीर है, जिसका जीता जागता उदाहरण है कि चीनी मिलें समय पर किसानों को गन्ना भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार की ओर से किसान हितों में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका सीधा फायदा किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर उनसे



इस वर्ष गन्ने का मूल्य बढ़ाये जाने का आग्रह करेंगें। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष नीशू राठी तथा संचालन वरिष्ठ सहकार सुशील राठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, राज्य स्तरीय गन्ना सलाहकर समिति के उपाध्यक्ष श्यामवीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना, रूड़की एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश त्यागी एडवोकेट, सचिव पंकज कुमार एडवोकेट, जिला सहकारी बैंक के महा प्रबंधक सौ सिंह, वरिष्ठ सहकार सुशील राठी, पूर्व अध्यक्ष मास्टर नगेंद्र कुमार, सहायक गन्ना आयुक्त, हरिद्वार कपिल मोहन,ब्लाक प्रमुख नारसन कोमल देवी, इकबालपुर गन्ना परिषद के अध्यक्ष जोध सिंह,ज्वालापुर गन्ना समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि बुद्धिमहाप्रताप, समिति की अध्यक्ष नीशू राठी, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संचालक मण्डल के सदस्य पवन सैनी,अनुराग राठी, बीरबाला, अंगूरी देवी, सुनील कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आदित्य कुमार, सचिव प्रभारी अनन्त सिंह, उत्तम शुगर मिल से अनिल सिंह, कुलदीप राठी, लक्सर चीनी मिल से बीव एसव तोमर अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

CMYK

# एसआईआर का ऐलान

बिहार में विधानसभा चुनाव के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को एसआईआर के दूसरे चरण का ऐलान कर दिया। नई दिल्ली में ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का फेज 1 खत्म हो गया और अब इसका दूसरा चरण शुरू होगा। उनका यह भी कहना था कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण सफल तरीके से किया गया और बिहार के लोगों ने एसआईआर पर भरोसा जताया। चुनाव आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे फेज में देश के 12 राज्यों में यह अभियान चलाया जाएगा और यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को पूरा होगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूची सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन में यह भी बताया कि जिन 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में एसआईआर कराना है इनमें अंडमान, निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, एमपी, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उप्र और प. बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 51 करोड़ है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी साफ किया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़कर अयोग्यों को बाहर किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि जिन राज्यों में इस समय स्थानीय निकाय चल रहे हैं या होने वाले हैं वहां फिल्हाल यह नहीं होगा, क्योंकि स्थानीय स्तर का प्रशासन चुनावी कामकाज में व्यस्थ रहेगा। हालांकि अभी तक पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार दूसरे चरण में दस से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें ऐसे राज्य होंगे जहां 2026 में चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, प. बंगाल, केरल, असम और पुड्डुचेरी शामिल हैं। एसआईआर हो, इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। पात्र मतदाता वोटर लिस्ट में होने ही चाहिएं और जो पात्र नहीं हैं, उनको वोटर लिस्ट से बाहर होना चाहिए, लेकिन यहीं एक पेंच भी है, जिस तरह का रवैया अब तक चुनाव आयोग का रहा है और वह कई गंभीर सवालों के घेरे में भी है। जिसमें वोटर चोरी का मुद्दा पूरी तरह देश में गर्माया हुआ है, उसका जवाब चुनाव आयोग अभी तक भी ठीक से नहीं दे पाया है। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि आखिर चुनाव आयोग एसआईआर को लेकर हड़बड़ी में क्यों है। जिस चीज का चुनाव से सीधा संबंध हो, वह काम बेहद सतर्कता व धैर्य के साथ होना चाहिए। सवाल तो इस पर भी खड़ा है कि जो शपथ पत्र उसने सुप्रीम कोर्ट में यह कहकर जमा कराया था कि कोई भी उसके काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, उससे कोई यह नहीं पूछ सकता कि किसके नाम कटे किसके जोड़े गए, ऐसे में जरूरी है कि चुनाव आयोग इस काम में बिना हड़बड़ी दिखाए निष्पक्षता से आगे बढ़े।

## राहुल के प्यार का शब्दों में बयान नहीं



डीएमके और कांग्रेस भले ही अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ीं थी, लेकिन अब देशहित में दोनों पार्टियां एक ही टीम में हैं, राहुल गांधी उन्हें बड़ा भाई मानते हैं और राहुल गांधी द्वारा उनके लिए दिखाए गए प्यार को वे शब्दों में नहीं बयां कर सकते, हालांकि डीएमके और कांग्रेस एक समय अलग-अलग रास्तों पर चले थे, पर आज देश की भलाई के लिए, तमिलनाडु के विकास और भारत की एकता के लिए, हम एक ही तरफ हैं, हम एक जैसी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वह राहुल गांधी द्वारा उनके प्रति दिखाए प्यार को शब्दों में बयान नहीं कर सकते, मैंने दूसरे राजनीतिक नेताओं को भाई कहकर संबोधित नहीं किया है,लेकिन जब भी राहुल गांधी से बात करता हूं, तो ऐसा करता हूं।

**-एमके स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

# धोखाधड़ी व ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामले, ऐसे करें अपनी सुरक्षा

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में साइबर सुरक्षा घटनाएं 2022 में जहां लगभग 10.29 लाख थीं, वहीं 2024 में बढ़कर लगभग 22.68 लाख तक पहुंच गई। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में साइबर धोखाधड़ी के कारण देश को लगभग 22,845 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, जो 2023 की तुलना में लगभग 206 प्रतिशत की भयावह वृद्धि को दर्शाता है। एक अन्य रिपोर्ट बताती है कि 2021 से 2024 के बीच साइबर अपराधों में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि भारत में डिजिटल विस्तार के साथ-साथ साइबर अपराधों और धोखाधड़ी जैसे मामलों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हुई है। इन अपराधों और धोखाधड़ी का शिकार न केवल आम नागरिक हो रहे हैं बल्कि कई नामचीन व्यक्ति भी हुए हैं। इन घटनाओं ने पूरे समाज को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। हालांकि सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, फोन और मैसेज के माध्यम से लोगों को जागरूक और सावधान किया जा रहा है, इसके बावजूद ठगों और जालसाजों का नेटवर्क बेखघैफ होकर सक्रिय है।

सरकार और पुलिस प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद साइबर ठग पकड़े नहीं जा पा रहे हैं क्योंकि वे हर दिन साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। पहले साइबर ठगी या धोखाधड़ी बहुत सीमित थी, पहले कहा जाता था कि आपकी लॉटरी लगी है या फोन पर आपसे ओटीपी मांगा जाता था लेकिन अब ठग तकनीकी रूप से बहुत उन्नत हो गए हैं। वे अब फर्जी लिंक, नकली जॉब ऑफर, फर्जी पैकेज डिलीवरी, क्यूआर कोड, फर्जी वीडियो या किसी परिचित की आवाज या वीडियो क्लिप बनाकर और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। इन घटनाओं में अपराधी खुद को सरकारी अधिकारी, पुलिस कर्मी या बैंक या किसी कम्पनी आदि का प्रतिनिधि बताकर डराने, धमकाने या लालच देने की कोशिश करते हैं। दरअसल साइबर ठगी या ऑनलाइन फॉड वह अपराध है, जिसमें कंप्यूटर, मोबाइल फोन या इंटरनेट तकनीक का इस्तेमाल करके किसी व्यक्ति को मानसिक, आर्थिक या सामाजिक रूप से नुकसान पहुंचाया जाता है। फर्जी वेबसाइट, ईमेल, सोशल मीडिया अकाउंट, शॉपिंग प्लेटफॉर्म, नकली नोटिस या फर्जी कॉल ए सब आज अपराध के आधुनिक औजार बन चुके हैं।





ज्यादातर लोग अपने जीवन में कभी न कभी किसी न किसी रूप में इस तरह की ठगी का शिकार हुए हैं, और जो अब तक नहीं हुए हैं, वे सचमुच भाग्यशाली हैं, क्योंकि अपराधियों की योजनाएं इतनी चालाक और पेचीदा होती जा रही हैं कि आज के डिजिटल युग में इनसे बचपाना कठिन होता जा रहा है। शासन और प्रशासन जब तक किसी ठगी या धोखाधड़ी के तरीके को समझ पाते हैं, तब तक अपराधी कोई नया तरीका खोज लेते हैं। ठगी या ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध अब किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि संगठित रूप से चलाए जा रहे हैं। इन गिरोहों के ठिकानों तक पहुंचना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि उनका नेटवर्क बेहद तेज और तकनीकी रूप से इतना सशक्त होता है कि कई बार पुलिस के पहुं. चने से पहले ही उन्हें खबर मिल जाती है और वे फरार हो जाते हैं।

यहां पर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी साइबर ठगी या धोखाधड़ी करने के लिए ठगों को हमारी व्यक्तिगत जानकारी चाहिए होती है और यह व्यक्तिगत जानकारी उनके लिए सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। यहां सवाल यह है कि उन्हें हमारी यह जानकारी मिलती कहां से है? यहां पर मैं अपना और कुछ अन्य लोगों का अनुभव साझा करना चाहूंगा। मुझे एक बार एक ऐसे बैंक से फोन आया जिसमें मेरा कोई खाता भी नहीं था। कॉल करने वाली लड़की ने मेरा नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सबकुछ सही-सही बताया। जब मैंने पूछा कि यह जानक. ारी आपको कहां से मिली है तो उसने कहा सर हमें एक्स बैंक से मिली है और संयोग से वह जिस बैंक का नाम बता रही थी उसी बैंक में मेरा वास्तविक खाता है। मुझे कई ऐसे बैंकों के नाम से लोन और क्रेडिट कार्ड के लिए फोन आता है जिनसे मैंने कभी सम्पर्क ही नहीं किया। मैं एक और घटना यहां पर साझा करना चाहूंगा। एक बार मुझे एक नामक संस्था के नाम से कॉल आया। उन्होंने मेरा नाम, पदनाम, ईमेल और पेशा तक बताया। वे मुझे एक प्रोजेक्ट से जोड़ना चाहते थे और इसके लिए मुझसे आधार, पैन, बैंक का कैंसल चेक और हस्ताक्षरित एग्रीमेंट मांग रहे थे जबकि मैंने उनसे कभी इस बारे में संपर्क ही नहीं किया था। इन घटनाओं से यह स्पष्ट हो रहा है कि हमारी व्यक्तिगत जानकारी हमारे ही बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों, और जिन संस्थाओं में हम कार्य कर रहे हैं वहां के कुछ कर्मचारियों द्वारा उन्हें दी जा रही हैं या पैसों के लालच में बेची जा रही है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, शॉपिंग वेबसाइट और ऑनलाइन ऐप भी हमारी जानकारी के बड़े स्रोत बन चुके हैं। जब हम किसी वेबसाइट पर अपनी जानकारी भरते हैं, या किसी संस्था में अपनी व्यक्तिगत जानकारी देते हैं तो हमसे यह वादा किया जाता है कि हमारी जानकारी सुरक्षित रखी जाएगी, लेकिन अधिकांश संस्थान इस वादे को पूरा नहीं कर रहे हैं परिणामस्वरूप, हमारी जानकारी अनजाने में या कई बार जानबूझकर ठगों के पास पहुंच जाती है। कुछ लोगों ने मुझे बताया की उनके खाते में पैसे डालने के नाम पर उनके खाते से पैसे निकाल लिए गए। कुछ को क्रेडिट कार्ड पर ऑफर और कुछ को फर्जी लिंक भेज कर उनके खाते और क्रेडिट कार्ड से पैसे निकाल लिए गए हैं। हालांकि साइबर अपराध से निपटने के लिए भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम IT Act सहित अनेक कानून बनाए गए हैं, परंतु कानून भी तभी प्रभावी होते हैं जब अपराधी पकड़े जाएं और सबूत मौजूद हों। अधिकांश मामलों में पर्याप्त सबूत न होने के कारण अपराधी आसानी से छूट जाते हैं और न्याय का सिद्धांत भी यही कहता है कि ह्चाहे हजार अपराधी छूट जाएं, पर एक भी निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। मगर यहां अपराध साबित न हो पाने की स्थिति अपराधियों को और प्रोत्साहित कर रही है। साइबर ठगी और ऑनलाइन फ्रॉड जैसे



मौ. सुलेमान

गम्भीर अपराधों पर अभी तक किए गए शोध और अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला गया है कि इन खतरों से खुद को बचाने में सावधानी ही सबसे बड़ा उपाय है। अक्सर कहा भी जाता है सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। यह बात साइबर ठगी के संदर्भ में भी उतनी ही सत्य प्रतीत होती है, जितना की अन्य मामलों में। नीचे कुछ व्यवहारिक उपाय और सावधानियां दी जा रही हैं, जिनका पालन करके हम खुद को और दूसरों को इस तरह के खतरों और होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। इन खतरों से खुद को बचाने के लिए क्या करें और क्या न करें? यदि कोई कॉल करके आपसे यह कहे कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण TRAI आपका नंबर बंद करने वाला है, तो विश्वास न करें। कोई भी प्राधिकरण कभी किसी व्यक्ति से फोन पर इस तरह की बात नहीं करता है। यदि कोई एजेंट या कंपनी किसी पार्सल की बात करे और कन्फर्म करने के लिए आपको कोई नंबर दबाने के लिए कहे तो कोई बटन न दबाएं। यदि कोई खुद को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर आपसे आपका आधार, पैन या खाता नंबर मांगे, तो कोई जानकारी साझा न करें। डिजिटल गिरफ्तारी जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया अभी तक भारतीय न्याय संहिता में नहीं है। यदि कोई आपको डराकर कहे कि आपके पैकेज में ड्रग्स मिले हैं या आप किसी गम्भीर केस में फंसे हैं, और आपको डिजिटल गिरफ्तार किया जा रहा है तो बिल्कुल न डरें, कॉल काटें और यदि बार बार कॉल आए तो अपने नजदीकी थाने में साइबर पुलिस को इसकी सूचना जरूर दें।

(लेखक असिस्टेंड प्रोफेसर हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

**हमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि समाज में भय नहीं, विश्वास बढ़े विभाजन नहीं, समरसता बने और धर्म केवल पूजा का विषय न रहकर चरित्र, कर्तव्य और संस्कृति का प्रतीक बने। जब प्रत्येक हिन्दू स्वयं को हिन्दू मानकर आचरण करेगा, और सन्त समाज उसे दिशा देगा कृ तब न केवल चुनौतियां समाप्त होंगी, बल्कि भारत फिर से विश्वगुरु के मार्ग पर अग्रसर होगा।**

# हिन्दू समाज के समक्ष प्रमुख चुनौतियां

आज का समाज तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्तर पर अनेक प्रकार की चुनौतियां सामने हैं। इस बदलते समय में हिन्दू समाज के समक्ष अनेक गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं जिन पर सामूहिक जागरण, चिंतन और संगठनात्मक दृढ़ता के साथ काम करने की आवश्यकता है। हिंसा और असहिष्णु वातावरण कुछ विचारधाराएं और समूह समाज में हिंसा, भय या वैमनस्य का वातावरण निर्मित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे समय में समाज को सजग, संगठित, सक्रिय और जागरूक रहना होगा। हर हिन्दू को यह समझना होगा कि हम जाति, पंथ, मत और सम्प्रदाय से ऊपर एक हैं हिन्दू हैं। हमें कानूनी और संवैधानिक दायरे में रहते हुए ऐसे तत्वों को पहचानकर उनके मंसूबों को विफल करना है।

**धर्मान्तरण की चुनौती**- आज विभिन्न माध्यमों से लालच देकर, प्रभाव डालकर, जबरदस्ती या छल-कपट से धर्म परिवर्तन की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार यह लव जिहाद, नौकरी लगवाने, शिक्षा संस्थानों या सामा. जिक सेवाओं के माध्यम से भी होता है। अनेक स्थानों पर हिन्दू बच्चों को सांस्कृतिक समरसता के नाम पर ऐसी शिक्षा दी जा रही है जिसमें उनके धर्म-ग्रंथों का उपहास होता है और कुछ धर्मों के प्रति झूठी श्रेष्ठता का भाव चंगाई सभाएं जैसे कृत्यों से ब्रेन वाश किया जाता है। ऐसी प्रवृत्तियों को रोकने के लिए समाज में धार्मिक-जागरूकता और आत्मगौरव का भाव जगाना होगा। कानूनी और सामाजिक दोनों स्तरों पर सतर्कता बढ़ानी होगी। परिवार, मोहल्ला, विद्यालय और संगठन सबको इस दिशा में संवेदनशील बनाना आवश्यक है।

**जनसंख्या असंतुलन और पारिवारिक संरचना**- पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक भागों में विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों मुरादाबाद, संभल, बरेली, रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि में हिन्दू जनसंख्या में 3.4 प्रतिशत की कमी और मुस्लिम जनसंख्या में उतनी ही वृद्धि दर्ज की गई है। इसके कुछ कारण घटती प्रजनन दर, बदलती जीवनशैली, कमाओ-खाओ-मौज करो जैसी प्रवृत्तियां, तथा DINK Double Income No Kids जैसी सोच ने पारिवारिक संरचना को प्रभावित किया है। यदि यह रुझान जारी रहा तो आने वाले वर्षों में बुआ, फूफा, मौसी, चाचा, ताऊ जैसे रिश्ते केवल कहानियों में रह जाएंगे। इसका समाधान केवल सरकार से नहीं, समाज की जागरूकता और मूल्य शिक्षा से होगा विवाह और परिवार को बंधन नहीं, संस्कार के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

**नशा और ड्रग आपूर्ति की साजिश**- सीमावर्ती राज्यों से नशे की तस्करी विशेषकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, म्यांमार और थाईलैंड से एक गम्भीर षड्यंत्र है। हर वर्ष करोड़ों रूपए का नशीला पदार्थ भारत में पकड़ा जाता है। यह नशा केवल शरीर को नहीं, संस्कार और चरित्र को भी नष्ट कर रहा है।

**समाधान के लिए**- युवा वर्ग को खेल, योग, सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना होगा। घर और विद्यालय स्तर पर नशा विरोधी शिक्षा को शामिल करना चाहिए। सामा. जिक संस्थाओं को ड्रग-फ्री यूथ इंडिया जैसे अभियान चलाने चाहिए।

**शिक्षा और सांस्कृतिक उपहास**- अनेक शैक्षणिक संस्थाएं ऐसी हैं जो हिन्दू बच्चों को पढ़ाने के नाम पर उनके धर्म, संस्कृति और देवी-देवताओं का परिहास करती हैं। धीरे-धीरे उनके मन में अपने धर्म के प्रति शंका और अन्य धर्मों के प्रति झूठी निष्ठा पैदा की जाती है। यह केवल शिक्षा नहीं, एक मनोवैज्ञानिक युद्ध Psychological Warfare है।

**समाधान**- शिक्षा में भारतीय मूल्य-आधारित अध्ययन को बढ़ावा देना। शिक्षकों और अभिभावकों दोनों की भूमिका पुनर्परिभाषित करना। गर्व से कहो हम हिन्दू हैं जैसी भावना को आत्म-सम्मान का प्रतीक बनाना, न कि नारा। गो-हत्या, मंदिर अधिग्रहण, अवैध धर्मांतरण, और धार्मिक उपेक्षा जैसे मुद्दे केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़े प्रश्न हैं। इन्हें संवैधानिक दायरे में रखते हुए संगठित सामाजिक दबाव और जागरण के माध्यम से उठाना होगा। समाज-जागरण का सबसे सशक्त केंद्र हमारे सन्त-महात्मा और धार्मिक संस्थान हैं परंतु आज आवश्यकता है कि देश के प्रमुख सन्त अपने नियमित धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त युवा सशक्तिकरण की दिशा में अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करें।

**-डॉ. पवन कुमार जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हर तरफ हताशा का माहौल

देश में पर्व-त्योहार खुशियां लेकर आते हैं। लेकिन अब ये पर्व-त्योहार भी लोगों को खुशियां देने में समर्थ नहीं हो पा रहे हैं। अभी दीवाली जैसा बड़ा त्योहार पूरे देश ने मनाया लेकिन देश के बहुत बड़े हिस्से ने सिर्फ औपचारिकता ही निभाई। दिए जलाए, मिठाइयां खाईं, खिलाईं और उपहारों का आदान-प्रदान किया। लेकिन मन से खुशी गायब थी। उल्टे वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस की तकलीफ से जूझ रहे लोगों की समस्याएं बहुत ज्यादा बढ़ गईं। रात दस बजते-बजते सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई।

दिल्ली का चुनाव हारने के बाद भी कल रात केजरीवाल ने राहत की सांस महसूस की होगी कि उन्हें गालियां नहीं मिल रहीं। वरना जब तक उनकी सरकार थी वायु प्रदूषण का पूरा ठीकरा उन्हीं पर फूटता था। लेकिन अब किसी ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार को कुछ नहीं कहा। वायु प्रदूषण से सिर्फ सांस की तकलीफें ही नहीं बढ़तीं बल्कि मानसिक बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। हवा में एक फीसदी पीएम 2.5 बढ़ने से करीब दस प्रतिशत ( 9.6) डिप्रेशन या अवसाद के मामले बढ़ जाते हैं। इतना ही नहीं बच्चों के मानसिक विकास पर भी इसका असर पड़ता है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में प्रति वर्ष 16 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से होती है। इस समय सबसे बड़ी चिंता रोजगार को लेकर है। 2019 के चुनावों से पहले ही यह बात फैल गई थी कि देश में बेरोजगारी की दर पिछले 45 सालों में सबसे ज्यादा है, लेकिन उसका चुनावों पर कोई असर नहीं हुआ। बल्कि सत्ताधारी दल पहले से भी ज्यादा बहुमत से जीतने में सफल रहा। इस हालात ने एक छोटे हिस्से को छोड़कर सभी को सोचने पर मजबूर किया कि ऐसा क्यों हो रहा है। इस हालात से सिर्फ वही लोग खुश थे जो मूर्ख थे या लोगों को मूर्ख बनाने में सफल रहे। ऐसी चीजों का समाज के हर तपके पर असर पड़ता है। सिवाय कुछ मूर्खों को छोड़कर। बाबा तुलसी दास ने भी कहा है कि ह्सबते भले विमूढ़, जिन्हें न व्यापे जगत गति। अब तो यह बेरोजगारी दर और भी ज्यादा बढ़ गई है। हाल में जो सरकारी आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि सितंबर में बेरोजगारी दर और ज्यादा बढ़ गई है। युवाओं में बेरोजगारी की दर 15 प्रतिशत तक जा पहुंची है। 15 से 29 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर पहले 14.6 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पूरे देश में बेरा. जगारी की दर अगस्त महीने में 5.1 प्रतिशत दर्ज की गई थी जो सितंबर में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। बावजूद इसके सरकार जीएसटी बचत उत्सव मनाने का अभियान चला रही है। अरे भाई पहले कमाई हो तब न बचत की बात उठे। यहां तो कमाई ही नहीं है। पहले तो सरकार ने अनाप-शनाप जीएसटी लगाकर आठ साल तक लोगों को लूटा। उनकी जेब में जो थोड़े बहुत पैसे थे वो भी निकाल लिए। और अब दर घटाकर कह रही है कि बचत उत्सव मनाओ। जब जेब में धेला नहीं है तो बचत उत्सव कहां से मनाएगा आदमी। अव्वल तो ए कि लोगों की जेब में पैसे नहीं हैं दूसरे उन्हें पता भी नहीं चल रहा कि किस चीज के दाम कम हुए हैं। दीपावली और धनतेरस पर भारतीय लोग आम तौर पर सोना खरी. दते हैं। लेकिन क्या सोने की कीमत कम हुई ? अलबत्ता और बढ़ गई। सोने का दाम लगातार और तेजी से बढ़ा। बीज. पी के भोजपुरी स्टार सांसद रवि किशन ने संसद में अपनी स्पीच समोसों पर दी। उन्होंने कहा कि देश के हर राज्य में समोसे मिलते हैं। ढाबे से लेकर फाइव स्टार तक, लेकिन उनकी कीमत एक जैसी नहीं है। उनका आकार भी एक जैसा नहीं है।



सरकार को एक नीति बनानी चाहिए कि समोसा पूरे देश में एक भाव से मिले। जब जीएसटी की दरें सरकार ने कम कीं तो लोगों ने रवि किशन से पूछा, समोसे के दाम कितने कम हुए। मुझे तो कहीं भी समोसे, चाउ. मिन, चाय, बीड़ी, सिगरेट या फिर किसी चीज के दाम कम हुए नहीं दिखे। भोजन की थाली की कीमत भी कम नहीं हुई है। इसी बीच दलितों पर अत्याचार की झकझोरने वाली खबरें भी सामने आई हैं। यूपी के फतेहपुर के रहने वाले एक व्यक्ति की रायबरेली में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले अपने आप को ह्बाबाह्व के लोग बता रहे थे। बाबा के लोग मतलब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोग। ऊपर से जब रायबरेली के सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब उस पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे तो उसमें अड़ंगा डालने की कोशिश की गई। हरियाणा में एक दलित आईपीएस ने खुद की रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसने आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप अपने सीनियर अफसरों पर लगाया। उस मामले में भी हरियाणा सरकार की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। आठ दिन तक उस अफसर की लाश का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। तीसरी घटना भारत के मुख्य न्यायाधीश से जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने अदालत में ही मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता फेंक दिया। आपको



अमरेंद्र राय

मालूम है कि गवई दलित हैं। और इन सबसे भी बड़ी बात कि सत्ता पक्ष के लोगों का नजरिया बहुत निराशा जनक रहा। और तो और दलितों की राजनीति करने वाली उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर नौ अक्टूबर को लखनऊ में एक बहुत बड़ी रैली की लेकिन उसमें भी उन्होंने गवई पर जूता फेंकने की घटना का जिक्र तक नहीं किया। ए सब बातें बहुत निराशाजनक हैं। हताशा पैदा करने वाली हैं।

अवसादग्रस्त करने वाली। इन्हीं सब वजहों से देश में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2015 में एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें बताया गया था कि 2005 से 2015 तक दस साल तक अवसाद के मरीजों की संख्या में 18.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सत्ताधारी बीजेपी कह सकती है कि यह समयावधि यूपीए शासनकाल की है, लेकिन उसे शायद नहीं मालूम कि अभी हाल ही में एक विश्व. विद्यालय ने देश के आठ प्रमुख शहरों का सर्वे किया है जिससे पता चलता है कि देश के 70 प्रतिशत युवा डिप्रेशन के शिकार हैं। यह सर्वे अमरावती स्थित एसआरएम यूनिवर्सिटी ने सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अमहमदाबाद और कोलकाता के छात्रों के बीच किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी नौसेना के दो विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** दक्षिण चीन सागर के ऊपर अलग-अलग नियमित अभियानों के दौरान आधे घंटे के अंतराल पर अमेरिकी नौसेना के एक हेलीकॉप्टर और एक लड़ाकू जेट-दुर्घटनाग्रस्त हो गए हालांकि चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। नौसेना ने बताया कि यूएसएस निमित्ज़ विमानवाहक पोत से नियमित अभियान के दौरान एक एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टर स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 2:45 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खोज और बचाव दल ने चालक दल के सभी तीन सदस्यों को बचा लिया।

### वेनेजुएला ने कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य अभ्यास की निंदा की

**काराकस।** वेनेजुएला सरकार ने रविवार को कैरिबियन में अमेरिकी सेना द्वारा किए गए सैन्य अभ्यास की निंदा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए उकसावे और खतरा है। सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा गया है कि वेनेजुएला सरकार का मानना है कि 26 और 30 अक्टूबर के बीच किए गए सैन्य अभ्यास एक औपनिवेशिक अभियान का हिस्सा है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा लैटिन अमेरिका और कैरिबियन को शांति क्षेत्र घोषित करने का उल्लंघन करते हैं।

### अर्जेंटीना में सड़क हादसे में कम से कम तेरह लोगों की मौत


**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के पूर्वोत्तर प्रांत मिसियोनेस में रविवार को एक डबल-डेकर यात्री बस और एक कॉम्पैक्ट कार की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। मिसियोनेस सरकार के अनुसार, यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे घने कोहरे के बीच एक पुल पर हुई और ओबेरा शहर से प्यूर्टो इगुआज़ू जा रही यात्रियों को ले जा रही बस टक्कर के कारण नीचे एक नाले में गिर गई।

### टोक्यो में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो के पास एक रिहायशी इलाके में सोमवार को एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी। क्योडो न्यूज़ ने पुलिस और दमकलकर्मियों के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे एक आपातकालीन कॉल आई, जिसमें बताया गया कि सैतामा के एक रिहायशी इलाके में स्थित एक दो मंजिला लकड़ी के घर में आग लग गयी है। पुलिस के अनुसार आग पर काबू पाने में लगभग साढ़े तीन घंटे लगे और आस-पास के घरों को इससे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इमारत में एक दंपत्ति और 80 वर्षीय बजुर्ग रह रहे थे।

# रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड मिसाइल का किया परीक्षण

## अनलिमिटेड रेंज का दावा, रूसी राष्ट्रपति बोले: इसे कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक सकता




लॉन्च होने के बाद एक्टिव होता है न्यूक्लियर रिएक्टर, एक्सपर्ट्स ने मिसाइल टेस्टिंग को खतरा बताया

**मास्को।** रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पॉवर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9एम739 का सफल परीक्षण किया है। दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कान्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं। ऐसी मिसाइल दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है। कोई भी डिफेंस सिस्टम इस नहीं रोक सकता।

रूसी सेना के प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव ने बताया कि मिसाइल का सफल टेस्ट 21 अक्टूबर को किया गया। इस टेस्ट में बुरेवस्तनिक ने करीब 15 घंटे तक उड़ान भरी। इस दौरान मिसाइल ने 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। गेरेसिमोव ने यह भी बताया कि यह मिसाइल की अधिकतम रेंज नहीं है, यह इससे अधिक दूरी भी तय कर सकती है। पुतिन ने इस मिसाइल को सर्विस में लेने के लिए सेना को तैयारी करने के निर्देश भी दे दिए हैं। बुरेवस्तनिक (9एम730) एक क्रूज मिसाइल है, जो सामान्य ईंधन इंजन की बजाय न्यूक्लियर रिएक्टर से चलती है। इस वजह से यह मिसाइल लगभग अनलिमिटेड यानी असीमित दूरी तक उड़ान भर सकती है। साथ ही दुश्मन के एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम है। अमेरिकी वायुसेना की रिपोर्ट के अनुसार मिसाइल के सर्विस में आने के बाद रूस के पास इंटरकान्टिनेंटल रेंज यानी 10 से 20 हजार किमी तक हमला करने की क्षमता होगी। इससे रूस किसी भी हिस्से से अमेरिका तक हमला करने में सक्षम होगा। आमतौर पर इतनी दूरी तक हमला करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया जाता है।

यह पहली क्रूज मिसाइल है जो इतनी दूरी तक हमला करने में सक्षम है। सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल अंतरिक्ष में तय मार्ग पर जाती है, जिन्हें ट्रैक किया जा सकता है। जबकि बुरेवस्तनिक सिर्फ 50-100 मीटर की ऊंचाई पर उड़ती है और लगातार रास्ता बदलती रहती है, जिससे इसे पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है। मिसाइल को लॉन्च करने के लिए ठोस ईंधन वाले राकेट बूस्टर का इस्तेमाल किया जाता है। लॉन्च होने के बाद इसका न्यूक्लियर रिएक्टर एक्टिव हो जाता है। इसके बाद यह परमाणु ऊर्जा पर चलती है। इसमें एक छोटा न्यूक्लियर रिएक्टर या न्यूक्लियर पावर यूनिट है, जो मिसाइल को अनलिमिटेड दूरी तक उड़ने में सक्षम बनाता है। इस मिसाइल को जमीन पर मौजूद लॉन्चिंग पैड का इस्तेमाल कर लॉन्च किया जाता है। रायटर्स की एक जांच रिपोर्ट के मुताबिक रूस की राजधानी मास्को से उत्तर में 475 किमी दूर इसकी लॉन्च साइट हो सकती है।

### ट्रम्प बोले: पुतिन मिसाइल परीक्षण न करें, जंग रोकें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पुतिन से कहा है कि वह मिसाइल परीक्षण करने की बजाय जंग रोके। सोमवार दिए एक बयान में उन्होंने मिसाइल टेस्ट को गलत बताया। ट्रम्प ने कहा कि एक हफ्ते में खत्म होने वाली जंग के 4 साल होने वाले हैं। उन्हें इस पर ध्यान देना चाहिए। ट्रम्प अक्सर गोल्डन डोम मिसाइल सिस्टम का जिक्र करते हैं। उनके मुताबिक अमेरिका को भविष्य के हमलों से बचाने के लिए यह जरूरी है। बुरेवेस्तिक जैसे खतरनाक हथियार से बचाने के लिए गोल्डन डोम जैसे डिफेंस सिस्टम को डिजाइन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) ने कहा कि रूस के सामने इस मिसाइल को लेकर अभी भी कई तकनीकी चुनौतियां हैं। इनमें मिसाइल के परमाणु इंजन को सुरक्षित और भरोसेमंद ढंग से संचालित करने की चुनौती सबसे बड़ी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसके कई परीक्षण असफल रहे और एक दुर्घटना में कई लोगों की मौत हुई थी।




मलेशिया। कुआलालंपुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन से बात करते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## भारत-सेशेल्स ने हिंद महासागर में स्थिरता का लिया संकल्प

**विक्टोरिया।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने भारत और सेशेल्स के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत और विस्तारित करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत सरकार और जनता की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति हर्मिनी को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक वैश्विक दक्षिण में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

## ब्रिटेन में भारतवंशी महिला पर नस्लीय हमला

दरिंदे ने किया दुष्कर्म CCTV में दिखा, पुलिस ने जारी की आपात अपील

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने उत्तरी इंग्लैंड में एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में एक संदिग्ध श्वेत व्यक्ति को पकड़ने के लिए आपातकालीन अपील जारी की है। महिला भारतीय मूल की बताई जा रही है।

वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम को वालसाल के पार्क हाल इलाके में महिला के सड़क पर संकट में फंसे होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जनता से मदद के लिए संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज जारी किया और इसे 'नस्लीय भेदभाव आधारित हमले में दुष्कर्म' का मामला बताया। पुलिस जांच की अगुवाई कर रहे जांच अधीक्षक रोनन टायर ने कहा, यह एक युवती (20 वर्षीय) पर बेहद खौफनाक हमला था। हम आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस सबूत इकट्ठा कर रही है और हमलावर की प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर किसी ने उस समय इलाके में किसी पुरुष को संदिग्ध व्यवहार करते देखा हो तो पुलिस को जानकारी दें। पुलिस ने बताया कि हमलावर करीब तीस साल का श्वेत पुरुष है, जिसके छोटे बाल हैं और उसने हमले के समय गहरे रंग के कपड़े पहने थे।

## अमेरिका में शटडाउन से आम जनता हलकान




सरकारी बंद के बीच करोड़ों लोगों पर भूख की मार, एक नवम्बर से मुफ्त भोजन कार्यक्रम बंद! नोटिस जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 1 अक्तूबर से चल रहा सरकारी शटडाउन आम जनता के लिए मुसीबत बन चुका है। इस बीच करोड़ों लोगों के लिए मुफ्त भोजन कार्यक्रमों पर संकट मंडरा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने एक नोटिस जारी किया है, जिसके तहत एक नवम्बर से कोई संघीय खाद्य सहायता नहीं दी जाएगी। अमेरिकी कृषि विभाग ने अपनी वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सरकारी बंद के कारण 1 नवम्बर से संघीय खाद्य सहायता भत्ते जारी नहीं किए जाएंगे। यह नोटिस देशभर के लाखों परिवारों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है, क्योंकि सरकारी बंद अब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। यह नया नोटिस ट्रम्प प्रशासन द्वारा यह कहने के बाद आया है कि वह पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी), जिसे आमतौर पर फूड स्टैंप्स के नाम से जाना जाता है। उसमें नवम्बर तक लाभ जारी रखने के लिए लगभग 5 अरब अमेरिकी डालर की आकस्मिक निधि का उपयोग नहीं करेगा। फूड स्टैंप्स अमेरिका के लगभग आठवें में से एक नागरिक को किराने का सामान खरीदने में मदद करता है। यूएसडीए के नोटिस में कहा गया है कि सच्चाई यह है कि धनराशि समाप्त हो चुकी है। वर्तमान में 1 नवम्बर को कोई भत्ता जारी नहीं किया जाएगा। हम सीनेट डेमोक्रेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुके हैं। 1 अक्टूबर से शुरू हुआ यह बंद अब रिकॉर्ड में दूसरा सबसे लंबा बंद है। हालांकि रिपब्लिकन प्रशासन ने इस महीने सनेप लाभों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए शटडाउन से पहले कदम उठाए थे, लेकिन अगर कुछ ही दिनों में कोई राजनीतिक समाधान नहीं निकलता है, तो इस कटौती से गतिरोध का असर अमेरिकियों के एक बड़े हिस्से पर पड़ेगा और उनमें से कुछ सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों पर भी।

# अमेरिकी सोयाबीन की खरीद फिर शुरू करेगा चीन

## 100% टैरिफ नहीं लगाएगा अमेरिका, दोनों देशों के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय



**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय हो गया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि दोनों देशों में चीनी आयात पर 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से बचने के लिए एक फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर सहमति बनी ली है। उन्होंने बताया कि चीन पर लागू होने वाला 100 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ, अब नहीं लगेगा। वहीं, चीन फिर से अमेरिकी सोयाबीन की खरीद शुरू करेगा।

ट्रम्प ने 1 नवम्बर से चीन पर एक्स्ट्रा 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह फैसला ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात से पहले लिया गया है। दोनों के बीच इस हफ्ते गुरुवार को साउथ कोरिया में मुलाकात होगी। इस दौरान दोनों नेता इस फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। इस फ्रेमवर्क पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस हफ्ते मिलने पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प फिलहाल एशियाई देशों को दौरे पर हैं। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत मलेशिया से की। यहां उन्होंने आसियान समिट के बीच थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए शांति समझौते पर हस्ताक्षर समारोह में हिस्सा लिया। अब वे जापान के लिए रवाना हो गए हैं। चीन के पास दुनिया के 17 दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल्स) हैं, जिन्हें वह दुनिया को निर्यात करता है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रानिक सामान, ईवीएस और डिफेंस सेक्टर में होता है। चीन ने पहले से 7 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल कर रखा था, लेकिन 9 अक्टूबर को इसमें 5 और (होल्मियम, एर्बियम, थुलियम, यूरोपियम और यटरबियम) जोड़ दिए गए। यानी कि चीन का 17 में से 12 दुर्लभ खनिजों पर कंट्रोल हो गया है। इनके इस्तेमाल से पहले चीन से एक्सपोर्ट लाइसेंस लेना जरूरी होगा। इस कदम से अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा और उद्योग पर असर पड़ सकता है, क्योंकि चीन दुनिया की 70 प्रतिशत दुर्लभ खनिज आपूर्ति और 90 प्रतिशत प्रोसेसिंग कंट्रोल करता है। चीन ने अपने शीर्ष व्यापार वार्ताकार ली चेंगगैंग को पद से हटा दिया है। वे हाल ही में अमेरिका के साथ चार दौर की वार्ताओं में शामिल थे।

## अमेरिका से 50 हरियाणवी डिपोर्ट

हाथ-पैर में डली बेड़ियां, बंदूक लिए खड़े थे अमेरिकी जवान

**कैथल।** कैथल पुलिस अमेरिका से डिपोर्ट हुए लोगों को रविवार सुबह दिल्ली से लेकर कैथल पहुंची। युवकों के आने की सूचना के बाद उनके घरों में हताशा छा गई। डिपोर्ट होने वाले लोगों में अधिकतर युवा जमीन बेचकर अमेरिका में डालर कमाने की चाह में गए थे।

अब छह से सात महीने की जेल काटने के बाद खाली हाथ मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। नाम न छापने की शर्त पर कैथल शहर निवासी ने बताया कि अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वाले जहाज में अमेरिका सेना के जवान बंदूक लेकर सीटों के पास खड़े हुए थे। लोगों के हाथों व पांव में बेड़िया लगाई हुई थी। अमेरिकी जवान अंग्रेजी में लोगों को गालियां दे रहे थे। वह आप बीती बताते हुए भावुक हो गया। अमेरिका जाने के लिए अधिकतर युवाओं ने आधा एकड़ से दो एकड़ तक जमीन बेच दी थी या कर्ज लिया हुआ है। अब वह इस नुकसान की भरपाई कैसे कर पाएंगे। डिपोर्ट हुए लोगों ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। आंकड़ों के मुताबिक, कैथल के कई गांवों के दो हजार के करीब युवा अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जा चुके हैं। फरवरी के महीने में भी 12 लोग कैथल के डिपोर्ट हुए थे। रविवार को 14 नए लोग आए हैं। इससे डिपोर्ट होने वालों की संख्या 26 पहुंच हो गई है।

# क्वाड बैठक में प्रधानमंत्री मोदी होंगे मेजबान!



आस्ट्रेलिया के पीएम ने जताई उम्मीद, चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने उम्मीद जताई है कि क्वाड देशों की अगली बैठक अगले साल की पहली तिमाही में हो सकती है। उन्होंने चार देशों-भारत, अमेरिका, जापान के साथ आस्ट्रेलिया के गठजोड़ वाले इस समूह को एक अहम मंच करार दिया। गौरतलब है कि भारत में इसी साल क्वाड सम्मेलन होना था।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रवैये और जापान में जारी सियासी उठापटक के चलते अब इस बैठक की उम्मीद कम ही है। अल्बनीज ने रविवार आसियान सम्मेलन के दौरान एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि क्वाड एक अहम फोरम है, जो आस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान और भारत को जोड़ता है। मुझे उम्मीद है कि इसकी बैठक अगले साल की पहली तिमाही में होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की मेजबानी करेंगे। क्वाड सम्मेलन में देरी को लेकर पर पूछे गए सवाल पर अल्बनीज ने कहा कि यह व्यस्त शिखर सम्मेलन सत्र है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काफी व्यस्त कार्यक्रम में बंधें हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इन दिनों एशिया के तीन देशों के दौरे पर हैं। वे मलयेशिया में आसियान सम्मेलन में शामिल होने के बाद जापान रवाना हुए और वहां से दक्षिण कोरिया जाएंगे, जहां वे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वाले हैं। इससे पहले अगस्त में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ट्रम्प ने इस वर्ष भारत यात्रा की योजना रद्द कर दी है, क्योंकि उनके और प्रधानमंत्री मोदी के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते तब से तनाव में हैं जब ट्रम्प प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक आयात शुल्क और रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत कर लगा दिया। भारत ने इस कदम को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य करार दिया था।

## लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में चार की मौत, दो घायल

**बेरूत/यरूशलम।** दक्षिणी लेबनान में रविवार को इज़रायली हवाई हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।देश की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि इज़रायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने लेबनान के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्रों में कई वाहनों को निशाना बनाया। इस बीच, सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतकों में से तीन हिजबुल्लाह के सदस्य थे और चौथा एक सीरियाई नागरिक था। एक बयान में, इज़रायली सेना ने कहा कि उसने रविवार को दो दौर के हमले किए, जिसमें हिज़्बुल्लाह का एक अधिकारी और समूह का एक संदिग्ध हथियार तस्कर मारा गया।

# किम जोंग से मिल सकते हैं ट्रम्प

## मीटिंग फिक्स कर रहे दोनों देशों के अधिकारी, आज जापान के सम्राट से मिले अमेरिकी राष्ट्रपति



ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था

**टोक्या।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और नार्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन जल्द मुलाकात कर सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे मिलने के लिए अपनी एशिया यात्रा को कुछ दिन और बढ़ा सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि फिलहाल इस मुलाकात को लेकर कोई तय योजना नहीं है।

सीएनएन को सूत्रों ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों ने निजी तौर पर दोनों नेताओं के बीच एक बैठक आयोजित करने पर चर्चा की है। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में ऐसा भी हुआ था। ट्रम्प ने 29 जून 2019 को ट्वीट कर किम जोंग से मिलने का प्रस्ताव रखा था। इसके सिर्फ 24 घंटे के बाद दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई थी। ट्रम्प तब साउथ कोरिया के दौरे पर थे। वे किम जोंग से मिलने के लिए बार्डर पहुंचे थे। वहीं, ट्रम्प ने आज जापान के सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। यह मुलाकात टोक्यो में हुई। मुलाकात के बाद ट्रम्प ने सम्राट नारुहितो की तारीफ करते हुए उन्हें 'ग्रेट मैन' बताया। ट्रम्प आज 6 साल बाद जापान के दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले ट्रम्प आखिरी बार 2019 में जापान आए थे। वे जापानी पीएम साने ताकाइची के साथ ट्रेड और इन्वेस्टमेंट डील पर बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टोक्यो में 18000 पुलिसकर्मी तैनात हैं। ट्रम्प के रास्ते पर ट्रैफिक बंद कर दिया गया है और एयर स्पेस भी बंद है। यह जापान का 2002 के बाद सबसे बड़ा सिक्योरिटी आपरेशन है। इसकी बड़ी वजह पिछले 5 साल में जापान के दो पूर्व पीएम पर हुए जानलेवा हमले भी हैं। जुलाई 2022 में पूर्व पीएम शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, वहीं अप्रैल 2023 तत्कालीन पीएम फुमियो किशिदा के भाषण के दौरान विस्फोटक फेंका गया था। जापान ने पहले ही अमेरिका में 46 लाख करोड़ रुपये इन्वेस्ट करने का वादा किया है। ट्रम्प के दौरे पर इसकी डिटेल तय होंगी।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान वार्ता में गतिरोध जारी

तालिबान ने टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई से किया इनकार

**इस्तांबुल।** तुर्की के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में रविवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच वार्ता में गतिरोध बना रहा। अफगान तालिबान के प्रतिनिधिमंडल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ 'विश्वसनीय कदम' उठाने की बात से हिचकिचाता रहा।

पाकिस्तान दावा करता आया है कि इन आतंकी संगठनों के ठिकाने अफगानिस्तान में हैं। 'डान' अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ता के दूसरे दिन भी दोनों पक्ष आतंकवादी संगठनों को खत्म करने को लेकर कोई साझा राय नहीं बना सके। करीब नौ घंटे की गहन चर्चा के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि उनकी टीम ने अफगानिस्तान के सामने अपनी अंतिम स्थिति रखी और जोर दिया कि तालिबान शासन को सीमा पार और अफगानिस्तान के भीतर आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस और विश्वसनीय कदम उठाने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि अफगान तालिबान की ओर से आतंकवादियों का संरक्षण स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान की प्रतिक्रिया तर्कहीन और वास्तविकताओं के विपरीत रही। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा, ऐसा लगता है कि तालिबान प्रतिनिधिमंडल किसी और एजेंडा पर चल रहा है। अखबार ने कहा कि यह शक तब और गहरा हो गया, जब इस्तांबुल में वार्ता के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लीपा सेक्टर में कथित रूप से संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108